RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 60
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लूला तीसरी बार बने ब्राजील के राष्ट्रपति
विदेश-10

# नोटबंदी की प्रक्रिया सहीः सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने 2016 में उठाए गए केंद्र सरकार के कदम पर 4:1 के बहुमत वाले अपने फैसले में मुहर लगाई

- नरेंद्र मोदी सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि
- पीठ में शामिल न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने फैसले से जताई असहमति



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 1000 और 500 रुपए के नोटों को चलन से बाहर करने से जुड़े केंद्र सरकार के 2016 के कदम पर सोमवार को 4:1 के बहुमत वाले अपने फैसले में मुहर लगा दी। साथ ही, न्यायालय ने कहा कि निर्णय लेने की प्रक्रिया ना तो त्रुटिपूर्ण थी और ना ही जल्दबाजी में पूरी की गई थी। इसे नरेंद्र मोदी सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। हालांकि, पीठ में शामिल न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने सरकार के इस कदम पर कई सवाल उठाए। बाजार में सुस्ती लाने वाले नोटबंदी के आर्थिक नीतिगत फैसले पर पूरे रिकार्ड की पड़ताल करने के बाद शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अधिक मूल्य के नोटों को चलन से बाहर करने का निर्णय त्रुटिपूर्ण नहीं था, ना ही अवैध था। न्यायालय ने कहा कि ऐसा इसलिए कि इससे जुड़ी अधिसूचना जारी किए जाने से पहले छह महीने की अवधि तक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और केंद्र सरकार के बीच विचार-विमर्श चला था। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि रिकार्ड में लाए गए दस्तावेजों पर गौर करने के बाद यह माना जा सकता है कि आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड ने इन नोटों को अमान्य करने की सिफारिश करने के दौरान संबद्ध कारकों पर विचार किया था।

आर्थिक नीति के विषयों में न्यायिक समीक्षा की गुंजाइश बहुत कम होने का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि आर्थिक नीति के विषयों में काफी संयम बरतना होता है। पीठ ने कहा कि न्यायालय सरकार द्वारा बनाए गए किसी विचार में हस्तक्षेप नहीं करेगा, बशर्ते कि यह प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित हो या विशेषज्ञ की सलाह पर हो। ( शेष पेज 8 )

### अदालत ने क्या कहा

- नोटबंदी में फैसला लेने की प्रक्रिया को केवल इसलिए गलत नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह सरकार ने शुरू की थी।
- केंद्र सरकार आरबीआई के साथ विचार-विमर्श कर आरबीआई एक्ट की धारा 26 (2) के तहत नोटबंदी ला सकती है।
- आरबीआई के पास नोटबंदी लाने का स्वतंत्र अधिकार नहीं।
- कोर्ट ने इस दलील को भी ठुकरा दिया कि आठ नवंबर 2016 को आरबीआई के सेंट्रल बोर्ड की बैठक में कोरम पूरा नहीं था।

### फैसला कानून के जरिए लेना चाहिए थाः न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि 500 और 1000 रुपए की श्रृंखला वाले नोटों को बंद करने का फैसला गजट अधिसूचना के बजाए कानून के जरिए लिया जाना चाहिए था क्योंकि इतने महत्वपूर्ण मामले से संसद को अलग नही रखा जा सकता। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार के 2016 में 500 और 1000 रुपए की श्रृंखला वाले नोटों को बंद करने के फैसले को सोमवार को 4:1 के बहुमत के साथ सही ठहराया, हालांकि न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने सरकार के फैसले पर कई सवाल उठाए हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि केंद्र के कहने पर नोटों की एक पूरी श्रृंखला को बंद करना एक गंभीर मुद्दा है जिसका अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने इस मामले में स्वतंत्र रूप से विचार नहीं किया, उससे सिर्फ राय मांगी गई जिसे केंद्रीय बैंक की सिफारिश नही कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरी क्वायद 24 घंटे में कर डाली। उन्होने कहा, मेरा मानना है कि केंद्र सरकार के अधिकार व्यापक है, लेकिन इनका इस्तेमाल कानून के जरिए होना चाहिए, अधिसूचना जारी करके नही। यह जरूरी है कि संसद जो देश की जनता का प्रतिनिधित्व करती है वहां इस मामले पर चर्चा हो और वही इसकी मंजूरी दे। न्यायाधीश ने कहा कि केंद्र ने इसका प्रस्ताव तैयार किया और उस पर आरबीआई की राय मांगी गई और केंद्रीय बैंक द्वारा दिए ऐसे सुझाव को आरबीआई अधिनियम की धारा 26(2) के तहत सिफारिश नही माना जा सकता। उन्होंने कहा कि संसद को अक्सर देश का प्रतिबिंब माना जाता है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अल्पमत फैसले में कहा कि 500 और 1000 की श्रृंखला वाले नोट को बंद करने का फैसला गलत और गैरकानूनी था।

# 14 घंटे में एक ही स्थान पर हुए दो आतंकी हमले

## जम्मू के राजौरी में नाबालिग भाई-बहन समेत छह लोगों की मौत

**मोहित कंधारी।** राजौरी/जम्मू



**जम्मू** कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने 14 घंटों के अंदर एक ही स्थान पर दूसरी बार हमला किया। जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर डांगरी गांव में सोमवार को हुए एक आईईडी विस्फोट में दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। जंगलों से घिरे इसी गांव में आतंकवादियों ने रविवार शाम गोलीबारी कर चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, जबकि हमले में छह लोग घायल हुए थे। लगातार दो हमलों में छह लोगों की जान चली जाने से राजौरी शहर सहित पूरे जिले में प्रदर्शन किए गए और दुकानें बंद रहीं। पुलिस और प्रशासन के प्रति लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। आतंकियों ने हिंदू बहुल गांव को निशाना बनाया ताकि क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव पैदा किया जा सके। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि आतंकवादियों ने नाम पूछने के बाद लोगों को गोली मारी। जिस समय हमला किया गया, ग्रामीण रात का खाना बना रहे थे। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां अधपकी सब्जियां, प्लेट और अन्य बर्तन बिखरे पड़े थे। बाला नाम के एक स्थानीय व्यक्ति ने हिम्मत दिखाते हुए आतंकियों का मुकाबला किया जिससे वे भाग खड़े हुए और कई लोगों की जान बच गई।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी), जम्मू, मुकेश सिंह ने बताया कि पहला हमला रविवार शाम को अंधेरा होने पर तीन घरों को निशाना बनाकर किया गया। दूसरा हमला इसी डांगरी गांव में सोमवार सुबह हुआ जब लोग घटना स्थल पर एकत्र हुए थे। विस्फोट में सानवी शर्मा (7) और विहान कुमार शर्मा (4) की मौत हो गई और कनाया शर्मा (14), वंशु शर्मा (15), समीक्षा देवी (20), शारदा देवी (38), कमलेश देवी (55) और समीक्षा शर्मा घायल हो गईं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट प्रीतम लाल नाम के व्यक्ति के घर के पास हुआ, जो रविवार शाम हुए आतंकी हमले के पीड़ित हैं। सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे मकान में हुए विस्फोट के समय लाल के रिश्तेदार सहित कई लोग वहां मौजूद थे। एडीजीपी मुकेश सिंह ने राजौरी में संवाददाताओं को बताया कि आईईडी एक बैग के नीचे रखा गया था। जम्मू मंडल के आयुक्त रमेश कुमार के साथ घटना स्थल पर पहुंचे सिंह ने कहा कि सेना और पुलिस व्यापक तलाशी अभियान चला रही है। सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों के मुताबिक, हमले में दो आतंकवादी शामिल थे। इस आतंकी घटना को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त गुस्सा है और उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से नाराजगी जताई। कुछ प्रदर्शनकारी ( शेष पेज 8 )

# चीन व पांच अन्य देशों से आने वालों के लिए निगेटिव कोविड रिपोर्ट जरूरी

## भले ही इन यात्रियों ने मूल रूप से किसी भी देश से यात्रा शुरू की हो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाइलैंड से भारत के किसी हवाई अड्डे पर पहुंच रहे यात्रियों के लिए कोविड की निगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य है, भले ही उन्होंने मूल रूप से किसी भी देश से यात्रा शुरू की हो। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सोमवार को नागर विमानन सचिव राजीव बंसल को लिखे पत्र में कहा कि कुछ देशों, विशेष रूप से चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाइलैंड और जापान में कोविड-19 के मामले बढ़ने के संदर्भ में दिशानिर्देशों में बदलाव किया गया है जो एक जनवरी से प्रभाव में आए हैं। इसके अनुसार भारत में इस साल के पहले दिन से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाइलैंड से पहुंचने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट अनिवार्य है जिसमें उन्हें संक्रमण नहीं होने की पुष्टि हो।

दिशानिर्देशों के अनुसार जांच भारत की यात्रा शुरू करने के समय से 72 घंटे से पहले की नहीं होनी चाहिए और आरटी-पीसीआर जांच की निगेटिव रिपोर्ट प्रस्थान से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। भूषण ने पत्र में कहा, यह उन यात्रियों के लिए लागू होगा जो इन देशों (जिनका उल्लेख है) से आ रहे हैं, भले ही उनकी यात्रा किसी भी देश से शुरू हुई हो। दिशानिर्देश के अनुसार नागर विमानन मंत्रालय के एयर सुविधा पोर्टल को इन देशों से आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के लिए परिचालन में रखना होगा ताकि वे इस पोर्टल पर अपनी निगेटिव आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट और स्व-घोषणापत्र जमा कर सकें।

### रायपुर में 24-26 फरवरी को होगा कांग्रेस का पूर्ण अधिवेशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन आगामी 24 से 26 फरवरी के बीच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा जिसमें राजनीति और अर्थव्यवस्था समेत छह विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा," हम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि फरवरी के दूसरे पखवाड़े में रायपुर में पूर्ण अधिवेशन होगा। कांग्रेस ने अब फैसला किया है कि अधिवेशन 24 और 25 फरवरी को रायपुर में होगा। उन्होंने बताया कि इस पूर्ण अधिवेशन में राजनीति, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय मामले, किसान एवं कृषि, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण, युव शिक्षा एवं रोजगार पर विस्तृत चर्चा होगी।

# कंझावला घटनाः पांचों आरोपी रिमांड पर

## दिल्ली पुलिस ने कहा-युवती को करीब 12 किमी तक कार से घसीटा गया

- सीएम व एलजी समेत राजनीतिक दलों ने कही आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कंझावला** इलाके में युवती को टक्कर मारकर कई किलोमीटर तक घसीटने के मामले ने दिल्ली वालों को झकझोर दिया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि घटना में युवती को करीब 12 किलोमीटर तक कार से घसीटा गया। ऑटोप्सी रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या और यौन उत्पीड़न की धाराएं जोड़ी जा सकती है। अभी मामले में पांचों आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से मौत और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। देर शाम शव का पोस्टमार्टम किया गया।

कंझावला में रविवार को 20 वर्षीय एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को सुल्तानपुरी से कंझावाला तक घसीटते हुई ले गई। इससे युवती की मौत हो गई और घसीटे जाने से शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। पसलियों समेत अन्य हड्डियां बाहर निकल आईं। इसकी फोटो आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने ट्विटर पर साझा की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि शव पर कपड़े नहीं हैं और उसकी टांगें टूटी हुई हैं। घटना के सामने आने के बाद पूरी दिल्ली में आक्रोश फैल गया। लोगों ने सुल्तानपुरी थाने पर प्रदर्शन किया। कानून-व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने एजली आवास के बाहर धरना दिया और उनके इस्तीफे की मांग की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घटना पर दुख जताया और आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने यहां प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों के खिलाफ नई धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को घटना स्थल पर ले जाया जाएगा और केस की कड़ियां जोड़ने के लिए इलाके की सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी। फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (एफएसएल) के सूत्रों ने बताया कि उन्हें कार के अंदर या उसकी सीटों पर खून के निशान नहीं मिले हैं। केवल कार के टायरों पर खून के धब्बे थे। इससे यह संकेत मिलता है कि लड़की कार के अंदर नहीं थी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | |
| निफ्टी | 18,105 | |
| सोना | 54,954 | /10g |
| चांदी | 69,351 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### शीघ्र ही बढ़ सकते हैं रेफ्रिजरेटर के दाम

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की तरफ से उपकरणों को दिए जाने स्टार रेटिंग के संशोधित नियम एक जनवरी से लागू होने से रेफ्रिजरेटर के दाम पांच फीसदी तक बढ़ सकते हैं। गोदरेज अप्लाइंसेस, हायर और पैनासॉनिक जैसे विनिर्माताओं के मुताबिक नए नियमों को लागू करने पर अलग-अलग मॉडल के आधार पर उपभोक्ताओं पर दो से पांच फीसदी तक का अतिरिक्त भार पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि बीईई उपकरणों की दक्षता के आधार पर स्टार रेटिंग देता है। उपकरणों पर एक से पांच तक लगने वाले ए सितारे बताते है कि संबंधित उत्पाद बिजली खपत के लिहाज से कितना दक्ष है। लेबलिंग प्रक्रिया को भी सख्त किया गया है। नए नियमों के तहत फ्रॉस्ट फ्री मॉडल में फ्रीजर और रेफ्रिजरेटर प्रॉविजनिंग यूनिट्स (भंडारण वाले हिस्से) के लिए अलग से स्टार लैबलिंग करना अनिवार्य किया गया है। गोदरेज अप्लाइंसेस के व्यापार प्रमुख एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, स्टार रेटिंग के तहत अब हमें दोनों के लिए लैबलिंग घोषित करनी होगी। यह एक नया बदलाव है।


# ज्यादा कठिन साबित होगा नया साल

## अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक एक तिहाई वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी में होगी

- अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन में नरमी की आशंका

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्राकोष (आईएमएफ) ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर आगाह किया है। उसने कहा कि इस साल एक-तिहाई वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी में होगी और अमेरिका, यूरोपीय संघ तथा चीन में नरमी की आशंका के बीच यह वर्ष 2022 के मुकाबले ज्यादा कठिन होगा। मुद्राकोष की प्रमुख क्रिस्टलीना जार्जीवा ने समाचार चैनल सीबीएएस न्यूज के एक कार्यक्रम में रविवार को यह कहा। उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के 10 महीने बाद भी इसके समाप्त होने के कोई संकेत नहीं हैं। इसके अलावा बढ़ती मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दर और चीन में कोरोनो वायरस संक्रमण बढ़ रहे हैं। जार्जीवा ने कहा, हमारा अनुमान है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-तिहाई हिस्सा मंदी में होगा। उन्होंने कहा, वास्तव में वर्ष 2023 पिछले साल के मुकाबले कठिन होगा। इसका कारण अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन में नरमी की आशंका है।



आईएमएफ प्रमुख ने कहा, यहां तक कि जिन देशों में मंदी नहीं भी है, वहां भी करोड़ों लोगों के लिए मंदी जैसी स्थिति होगी। मुद्राकोष ने पिछले साल अक्टूबर में 2023 के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया था। वैश्विक संस्थान ने कहा, वैश्विक वृद्धि दर के 2022 में 3.2 प्रतिशत और 2023 में घटकर 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2021 में छह प्रतिशत पर था। वैश्विक वित्तीय संकट और कोविड-19 महामारी के समय को छोड़ दिया जाए तो यह 2001 के बाद वृद्धि का सबसे कमजोर रुख है। जार्जीवा ने कहा, अगले एक-दो महीने का समय चीन के लिए कठिन होगा और चीन में वृद्धि का क्षेत्रीय और वैश्विक वृद्धि पर नकारात्मक असर होगा।

### फिर भी वृद्धि की राह पर बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के बाद 2022 मे भारतीय अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार हुआ है जो आगामी तिमाहियो में और बेहतर होगा। हालांकि, अर्थव्यवस्था के समक्ष भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर की मजबूती और ऊंची मुद्रास्फीति जैसे जोखिम भी है। वृद्धि के सकारात्मक रुझान और बुनियादी गतिविधियों में सुधार आने से देश को वैश्विक स्तर की उन प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने मे मदद मिलेगी जिनका आने वाले महीनो मे भारत के निर्यात पर बुरा प्रभाव हो सकता है।नए साल मे सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सामने मुद्रास्फीति को काबू मे करने, डॉलर के मुकाबले रुपए मे गिरावट को थामने और निजी निवेश एवं वृद्धि को बढ़ावा देने जैसी चुनौतियां है। उन्हे यह सुनिश्चित करना है कि भारत तेजी से वृद्धि करने वाली दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओ मे से एक बना रहे। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) मे भारत की वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत रही। इस अवधि मे इंडोनेशिया की वृद्धि दर 5.6 फीसदी, ब्रिटेन की 3.4 फीसदी, मेक्सिको की 3.3 फीसदी, यूरो मुद्रा के चलन वाले क्षेत्रों की 3.2 फीसदी, फ्रांस की 2.5 फीसदी, चीन की 2.2 फीसदी, अमेरिका की 1.8 फीसदी और जापान की वृद्धि दर 1.7 फीसदी रही है। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जानेमाने अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने कहा, अगले वर्ष सात प्रतिशत की वृद्धि दर कायम रहनी चाहिए, यह मानते हुए कि आगामी बजट में कुछ ऐसा नही होगा जिसका नकारात्मक असर पड़े।

### पंजाब-हरियाणा के सीएम के हेलीपैड के पास मिला बम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हेलीपैड के पास सोमवार को एक बिना फटा बम मिलने से अफरा-तफरी मच गई। फौरन बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और उसे रेत के बोरों से ढक दिया गया। सेना को सूचना दे दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि नयागांव-कांसल टी-प्वाइंट पर आम के एक बाग में यह बम मिला, जो हेलीपैड से करीब एक किलोमीटर और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आधिकारिक आवासों से करीब दो किलोमीटर दूर है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस को जैसे ही उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में बम जैसी वस्तु मिलने की जानकारी मिली, एक दल मौके पर पहुंचा और इलाके को घेर लिया। एक बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर भेजा गया। स्थानीय प्रशासन ने सेना को इस बारे में सूचना दे दी है। आपदा प्रबंधन, चंडीगढ़ के नोडल अधिकारी संजीव कोहली ने कहा कि जांच में पाया गया कि यह बिना फटा बम है। उन्होंने कहा कि पुलिस और बम निरोधक ( शेष पेज 8 )

# मालेगांव धमाकाः पुरोहित को आरोपमुक्त करने की अर्जी खारिज

- इस धमाके में छह लोगों की हुई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने सोमवार को सितंबर मालेगांव विस्फोट मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को आरोप मुक्त करने की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि बम धमाके की घटना में संलिप्तता के दौरान वह सरकारी कार्य नहीं कर रहे थे। इस धमाके में छह लोगों की जान गई थी। न्यायमूर्ति एएस अधिकारी और न्यायमूर्ति प्रकाश नाइक की पीठ ने 24 पन्नों के आदेश में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अभाव में मामला नहीं चल सकने के आधार पर आरोप मुक्त करने की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह आरोपी के इस तर्क को स्वीकार नहीं करती कि वह अपनी ड्यूटी कर रहे थे और तब सवाल उठता है कि उन्होंने क्यों धमाके को रोकने की कोशिश नहीं की। सितंबर 2008 में हुए विस्फोट के मामले में पुरोहित और भारतीय जनता पार्टी की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत छह अन्य आरोपी कठोर गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे का सामना कर रहे हैं। पुरोहित की वकील नीला गोखले ने कहा कि जिस दिन कथित अपराध हुआ उस दिन वह सरकारी अधिकारी थे और कानूनी तरीके से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थेअ इसलिए अभियोजक एजेंसी को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति लेनी चाहिए। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता का तर्क है कि उसे अभिनव भारत की जानकारी एकत्र करने का सरकारी कार्य दिया गया था,अगर उसे मान भी लिया जाए तो सवाल उठता है कि क्यों नहीं उन्होंने मालेगांव के असैन्य क्षेत्र में धमाके को रोकने की कोशिश की, जिसकी वजह से छह निर्दोष लोगों की जान गई और करीब 100 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। फैसले में कहा गया कि बम धमाके जैसी गतिविधि में संलिप्त होना जिसमें छह लोगों की जान गई, पुरोहित द्वारा किया गया सरकारी कार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि अभियोजन द्वारा जमा दस्तावेज स्पष्ट तौर पर संकेत देते हैं कि पुरोहित को कभी सरकार की ओर से सेना के सशस्त्र बल में काम करने के बावजूद ( शेष पेज 8 )

# पहले चरण में 73 परिषदीय स्कूल बनेंगे मॉडल

## आपरेशन कायाकल्प के तहत जारी हुए 1696 लाख के टेंडर, पहले फेज में फरवरी में शुरू होगा काम

● स्कूलों को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। प्रत्येक स्कूल को दिया जाएगा पांच किलोवाट का सोलर कनेक्शन



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में संचालित होने वाले स्कूलों को मॉडल बनाने के लिए प्राधिकरण ने कदम बढ़ा दिया है। इसके लिए 73 परिषदीय स्कूल के कायाकल्प के लिए 1696.35 लाख के टेंडर जारी कर दिए गए है। इन रुपए से स्कूलों में वॉश रूम, ब्लैकबोर्ड, दीवार, पेटिंग और पानी के अलावा अन्य काम किए जाएंगे। इसके अलावा शहर में संचालित 100 परिषदीय स्कूल में स्थाई रूप से बिजली की व्यवस्था की जा रही है।

इन स्कूलों को सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। प्रत्येक स्कूल पर पांच किलोवाट का सोलर कनेक्शन किया जाएगा। इसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका बजट तैयार करने का निर्देश विद्युत यांत्रिकी विभाग को नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने दे दिया है। प्रत्येक स्कूल पर करीब पांच लाख रुपए से अधिक का खर्च सौर ऊर्जा कनेक्शन के रूप में आएगा। इस योजना से नोएडा प्राधिकरण का आर्थिक भार कम होगा।

वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण ही परिषदीय स्कूलों की बिजली का बिल भरती है। प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में कुल 100 परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प की जाएगी। सभी वर्क सर्किल को 10.10 स्कूलों का विकास करना होगा। इसमें 50 स्कूल मार्च 2023 और 50 स्कूल दिसंबर 2023 मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने होंगे।

नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प का कोई कार्य नोएडा प्राधिकरण ने नहीं कराया। जिला बेसिक अधिकारी ने 25 अगस्त 2020 को एक पत्र के जरिए अवगत कराया कि यह कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला शहरी विकास एजेंसी व लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने प्रस्तावित है।

### ये होंगे काम

- ब्लैक बोर्ड
- छात्र-छात्राओं के लिए उनकी संस्था के अनुरूप अलग.अलग शौचालयों एवं मूत्रालय की व्यवस्था
-स्वच्छ पेयजल एवं मल्टीपल हैंडवॉशिंग सिस्टम ए जल निकासी की सुविधा।
-विद्यालय की दीवारों, छत व दरवाले खिड़की फर्श की मरम्मत साथ ही फर्श में टाइल्स।
-विद्युतीकरण
-किचन शेष का जीर्णोद्धार एवं सुसज्जीकरण
-फर्नीचर
-चहारदीवारी एवं गेट निर्माण का कार्य।
-इंटरलॉकिंग टाइल्स.विद्यालय प्रांगण में।
-अतिरिक्त कक्षा.कक्ष का निर्माण।
- आवश्यकतानुसार अन्य कार्य स्थानीय

# ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर मिली युवती की सिर कुचली लाश


ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल पर मिला युवती का शव।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● शरीर पर कई गंभीर चोट, बड़े वाहन के टायर के मिले निशान

ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर एक युवती का लाश मिली है। उम्र करीब 35 साल है। सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। शरीर पर कई जगह गंभीर चोट हैं। शरीर पर बड़े वाहन जैसे ट्रक के टायर के निशान हैं। शव की अब तक शिनाख्त नहीं हुई है। हादसा या हत्या के बीच उलझा हुआ है। घटना दादरी थाना क्षेत्र के कैमराला मढ़ैया गांव की है।

दादरी पुलिस दोनों ही एंगल पर जांच कर रही है। लड़की का सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है। पहचानना तक मुश्किल है। ऐसे में पहली आशंका है कि युवती की हत्या करके शव को एक्सप्रेस.वे पर फेंककर उसे हादसा बनाने की साजिश रची गई हो। वहीं, दूसरी आशंका है कि युवती अचानक वाहन के सामने आ गई हो और हादसे का शिकार हो गई हो। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। शव की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। एक्सप्रेस.वे पर सुबह 7 बजे एक राहगीर ने शव देखा। उसने पुलिस को सूचना दी। दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि लाश मुंह के बल पड़ी हुई थी। सिर का काफी हिस्सा कुचला हुआ था। शरीर पर कई जगह रगड़ के निशान हैं।

युवती के पास से कोई बैग या अन्य सामान बरामद नहीं हुआ है। इससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। हत्या और हादसा दोनों एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस आस-पास के गांवों में भी महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। हालांकिए जिस जगह शव मिला है उस जगह एक्सप्रेस.वे पर कोई भी कट नहीं है। टोल प्लाजा पर लगे हुए कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। ग्रामीणों ने शक जताया है कि महिला को किसी वाहन चालक ने यहां लाकर फेंका है। युवती की जहां लाश मिली है। वहां से 500 मीटर दूर कैमराला गांव है। ग्रामीणों का कहना है कि एक्सप्रेस.वे पर वहां कोई कट नहीं है। ऐसे में ग्रामीण उधर जाते ही नहीं हैं। यानी, यह एरिया सुनसान रहता है। सिर्फ वाहन ही यहां से गुजरते हैं। दूसरी बात यह भी ग्रामीणों ने बताई कि युवती वेशभूषा से आस.पास के गांव की नहीं लग रही है। वह सलवार-सूट पहने हुए है।

अगर स्थानीय होती तो जहां लाश मिली वहां से क्रास नहीं करती। युवती अकेले थी, न कोई उसके साथ था और न ही कोई कागज उसके पास से मिले हैं। भीषण ठंड में सुबह अकेली महिला का उधर जाने की कोई संभावना नहीं बनती है। एक्सप्रेस-वे की जिस लेन पर शव मिला है। वह गाजियाबाद से पलवल की तरफ जाती है।

# नोएडा में 340 आशियाना पाने का मौका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● इन फ्लैटों की कीमत 45 लाख से 1.80 करोड़ रुपए तक

नोएडा में नए साल पर आशियाना पाने का मौका लोगों को मिल रहा है। प्राधिकरण की ओर से बनाए गए एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी फ्लैट की योजना लाई जा रही है। इसमें 340 से अधिक लेफ्ट आउट अन सोल्ड और सरेंडर फ्लैटों को शामिल किया जाएगा।

फ्लैट के आरक्षित मूल्य मिनिमम 45 लाख और अधिकतम करीब 1.80 करोड़ रुपए तक हो सकता है। इनका आवंटन ई ऑक्शन से किया जाएगा। इनका ब्राशर 208वीं बोर्ड में पास किया गया अब आज से योजना लांच की जा रही है। बता दें कि लंबे समय से नोएडा प्राधिकरण की ओर से खुद के निर्मित फ्लैट की योजना को लांच नहीं किया है। हालांकि वर्ष 2020 में प्राधिकरण के भवन विभाग ने सेक्टर.71, 73, 82, 93, 99, 118, 135 लेफ्ट आउट अन सोल्ड फ्लैट का सर्वे करवाया था।

इसमें 345 एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी लेफ्ट आउट अन सोल्ड फ्लैट को चिह्नित किया गया था। चूंकि यह फ्लैट करीब 12 वर्ष पहले निर्मित कराए गए थे। इस कारण निर्माण पुराना था, मौजूदा समय में फ्लैट की कीमत भी बाजार दर में काफी अधिक थी। ऐसे में निर्णय लिया गया कि फ्लैट की कीमत का निर्धारण नये सिरे से किया जाए, लेकिन सर्कल रेट ही रखा जाए।

इससे फ्लैट के खरीदारों का आकर्षित किया जा सके। इससे पहले दरों में संशोधन हो पाता वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी आ गई। तब से योजना अटक गई। फिर से लांच की गई योजना पर प्राधिकरण के हाउसिंग विभाग ने काम शुरू किया। ऐसे में फिर से सर्वे कराया गया। जिसमें समाजवादी योजना के तहत फ्लैटों को सरेंडर किया गया है। उन्हें भी लेफ्ट आउट अन सोल्ड फ्लैट में शामिल किया गया है।

## जबरन धर्म परिवर्तन की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से निकाह करने के नाम पर उसका जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा हैए इस सूचना पर पुलिस तुरंत बताये गये स्थान की ओर दौड़ पड़ी।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक लडकी पर जबरन धर्म परिवर्तन का दवाब बनाया जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती को एक युवक अपने साथ आंध्र प्रदेश ले गया है। एसीपी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने युवती व आरोपित युवक को उनके ठिकाने यानि आंध्र प्रदेश से बरामद कर लिया।

# विवाद के बाद पत्नी ने पति के प्राइवेट पार्ट पर मारा चाकू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● लड़के से बात करने से किया था मना, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पत्नी को किसी लड़के से बात करना मना करना पति को भारी पड़ गया। पत्नी ने चाकू से उसके प्राइवेट पार्ट पर वॉर कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत की। जिसके बाद पीड़ित की चोटों का डाक्टरी परीक्षण किया गया। जिसके बाद मुकदमा दायर कर पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अगस्त साह और रेखा देवी पती पत्नी है। दंपती सेक्टर-63 के चोटपुर कालोनी में रहते है। आरोप है रेखा किसी लड़के से फोन पर बात करती थी। इस बात को लेकर कई बार मना किया। सोमवार को भी पत्नी किसी लड़के साथ बात कर रही थी। अगस्त के मना करने पर रेखा ने किचन में रखे चाकू के अगस्त के प्राइवेट पार्ट पर वार किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल लाया गया। शिकायत और डाक्टरी परीक्षण के बाद मुकदमा दायर किया गया।

# गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर पति ने डोरी से पत्नी का गला घोटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● दो महीने तक गूगल और यूट्यूब देखकर आरोपी ने रची थी हत्या की योजना

हापुड़ में 30 दिसंबर को एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि कुछ बदमाश आए, लूटपाट की और विरोध करने पर उसकी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा किया कि कातिल कोई और नहीं, सूचना देने वाला पति है। इसकी वजह गर्लफ्रेंड बनी।

मोहब्बत के आड़े पत्नी आ रही थी, वो इसे लेकर रोज-रोज लड़ाई करती थी। आखिर पति ने गर्लफ्रेंड के साथ सलवार की डोरी से गला घोंटकर पत्नी को मार डाला। हत्या की प्लानिंग दो महीने तक गूगल और यूट्यूब देख कर की। कभी जहर देकर मारने तो कभी हत्या को दूसरा रूप देने के उपाय गूगल पर खोजे।

ये भी सर्च किया कि मरने के बाद पत्नी भूत बनकर तो नहीं डराएगी, गाजियाबाद में मोदीनगर कस्बे के मोहल्ला आनंद विहार निवासी विकास शर्मा राजस्थान के भिवाड़ी स्थित अरविंदा फार्मा कंपनी में क्वालिटी मैनेजर है। विकास की शादी 12 साल पहले हापुड़ शहर में आर्यनगर निवासी सोनिया से हुई थी। दोनों के फिलहाल तीन बच्चे भी हैं। 30 दिसंबर की शाम सोनिया अपने बीमार भाई को देखने के लिए पति के साथ कार से हापुड़ आ रही थी। उसी रात 8 बजे विकास ने यूपी.112 को सूचना दी कि हापुड़ जिले में निजामपुर कट के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने लूट करने के उद्देश्य से पत्नी की हत्या कर दी है। लूट के दौरान हत्या जैसी सनसनीखेज वारदात सुनते ही एसपी दीपक भूकर समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस केस के खुलासे में हापुड़ नगर पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया।

आखिरकार पुलिस ने शनिवार को विकास शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ कि विकास के अधीन कंपनी में एक युवती काम करती है। पिछले दो साल से विकास और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग थे। ये बात विकास की पत्नी सोनिया को पता चल गई। विवाद बढ़ने पर विकास ने पत्नी के मर्डर की प्लानिंग बनाई। शुक्रवार शाम विकास जब पत्नी को मोदीनगर से हापुड़ ला रहा था तो रास्ते में गर्ल फ्रेंड भी मिल गई। इसे लेकर कार में ही लड़ाई शुरू हो गई। हापुड़ चुंगी और डायमंड फ्लाईओवर के बीच दोनों ने सोनिया की गला घोंटकर हत्या कर दी।

## आम आदमी पार्टी ने घेरा जिला मुख्यालय

**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी ने विजयनगर स्थित शाहबाद उर्फ मिठ्ठेपुर सजवान नगर के लोगों को नोटिस दिए जाने के विरोध में डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सजवान नगर में पिछले 30 सालों से लोग हाउसटैक्स, बिजली बिल आदि दे रहे हैं। लोगों ने अपने मकानों की रजिस्ट्री, दाखिल.खारिज के दस्तावेज जमा कर रखे है। क्षेत्र में नगर निगम द्वारा प्रकाश, सडक, पेयजल आदि की सुविधा भी मौजूद है, लेकिन अब इस जमीन को सरकारी बताते हुए तहसील सदर द्वारा कब्जा हटाने का नोटिस चस्पा किया गया है।

# जेल वारियर्स ने मैच जीत जेपीएल ट्रॉफी पर किया कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● नोएडा जिला कारागार में जेल प्रीमियर लीग का हुआ समापन



गौतमबुद्ध नगर जिला कारागार में बंदियों को उत्तम स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्त रखने के लिए अत्रि वैदिक चैरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ ने जेल प्रीमियर लीग का आयोजन किया। फाइनल मैच में जेल वारियर्स ने जीत कर जेपीएल की ट्रॉफी पर कब्जा किया। जेपीएल में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया।

जेपीएल में सोमवार को आठवें दिन फाइनल मैच खेला गया। जेल वारियर्स और राइटर्स सुपरकिंग्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें जेल वारियर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 164 रन बनाये। जीत के लिये 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये राईटर सुपरकिंग्स 15 ओवरों में 7 विकेट खोकर 132 रन ही बना पाई। इस तरह जेल वॉरियर्स ने फाइनल मुकाबला 32 रनों से जीत कर जेपीएल की ट्राफी को अपने नाम कर लिया। जेल वारियर्स के खिलाड़ी बबलू ने 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। साथ ही 1 विकट भी लिया। उन्हें मैन ऑफद मैच के लिये चुना गया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले जेल वारियर्स की टीम के खिलाड़ी हरिओम को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। टूर्नामेंट में सर्वाधिक 209 रन बनाने वाले राइटर सुपरकिंग्स के खिलाड़ी आदेश को बेस्ट बैट्समैन चुना गया। कारागार में जेल रेडियो के माध्यम से मैचों की कमेंट्री का प्रसारण किया गया।

## 25 हजार का इनामी बिहार से गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर.39 नोएडा पुलिस द्वारा गैंगस्टर मुकदमे में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश 2019 से थाना सेक्टर.39 से वांछित चल रहा था। पुलिस ने इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पुलिस लगातार इसको गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही थी। मुखबीर से सूचना मिली की बदमाश अपने पैतृक निवास बिहार में छिपने की सूचना मिलने पर एक टीम बिहार के मुंगेर भेजी गई। वहां से बदमाश सुनील कुमार शाह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# पति को जमानत दिलाने के नाम पर पत्नी से गैंगरेप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर की थाना बिसरख पुलिस ने चोरी के आरोप में जेल में बंद एक युवक को जमानत दिलाने के बहाने उसकी पत्नी से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि एक महिला ने 25 दिसंबर 2021 को नोएडा के थाना सेक्टर 20 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति जेल में बंद है और उसकी जमानत के लिए उसने पतवारी गांव के वकील महेश और उसके मुंशियों विकास व देवेन्द्र से संपर्क किया था।

सिंह के अनुसार, शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि 15 मई 2021 को वकील का मुंशी विकास उसे झांसा देकर वकील महेश के घर ले गया जहां महेश, विकास और देवेंद्र ने उसके साथ गैंगरेप किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है।

# यूपी-112 के रिस्पॉन्स टाइम में कमिश्नरेट नोएडा प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रदेश के यूपी-112 के रिस्पॉन्स टाइम में जुलाई 2021 से लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर प्रथम स्थान पर ही रहा है। इससे पूर्व भी 16 माह से लगातार कमिश्नरेट नोएडा प्रथम स्थान पर रहा है। पुनः 17वीं बार भी गौतमबुद्ध नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुलिस की मीडिया सेल ने जानकारी दी कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 422 इवेंट प्राप्त होते हैं। कमिश्नरेट नोएडा से डायल.112 से 65 चार पहिया पीआरवी व 50 दो पहिया पीआरवी द्वारा पहुंचकर त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। कमिश्नरेट नोएडा में दिसंबर में कुल 13102 सूचनाएं प्राप्त हुईं। पीआरवी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर सहायता प्रदान की। महिलाओं की सुरक्षा को 6 महिला पीआरवी, हाईवे पर सुरक्षा एवं त्वरित रिस्पॉन्स के लिये 4 पीआरवी ईस्टर्न-पेरीफेरल तथा 2 पीआरवी यमुना-एक्सप्रेस.वे पर संचालित रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नववर्ष पर नोएडा में नौ करोड़ रुपये की शराब बिकी

**नोएडा।** दिल्ली से सटे गौतम बुद्ध नगर में नववर्ष के मौके लोगों ने करीब नौ करोड़ रुपए की शराब पी।जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में नव वर्ष के मौके पर लोगों ने नौ करोड़ रुपए की शराब पी यानी 30 और 31 दिसंबर को नौ करोड़ रूपए शराब बिकी। उन्होंने बताया कि दिसंबर में करीब 140 करोड़ रुपए मूल्य की शराब बेची गई जिसमें 1.5 लाख कैन बीयर, 8,900 बोतल विदेशी शराब और 2.5 लाख (250 एमएल) पैक देसी शराब थी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि नव वर्ष के स्वागत के लिए यहां पर 82 लोगों ने अस्थाई लाइसेंस लिया था, जबकि 98 जगह पर पहले से शराब पिलाने की अनुमति है।

### कासना गांव में श्रमिक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** थाना कासना क्षेत्र के कासना गांव में रहने वाले एक युवक की आज सुबह संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक का नाम देवीशंकर उम्र 19 वर्ष है। उन्होंने बताया कि वह आज सुबह को अपने घर से नहाने के लिए नल के पास गया तभी वह मूर्छित होकर गिर गया। पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक एक फैक्ट्री में श्रमिक था।

### जगुआर हादसा मामले में आरोपी को मिली जमानत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 96 के स्क्वायर बिल्डिंग के पास 6 दिसंबर की रात टक्कर लगने से हुई दीपिका त्रिपाठी को मौत के मामले में आरोपी सैमुअल एंड्रयू पिस्टर की जमानत जनपद गौतमबुद्धनगर के जिला जज अविनाश सक्सेना की अदालत ने स्वीकार कर ली है। उनके अधिवक्ता आदित्य शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने 50.50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर उनकी जमानत को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने घटना के 2 दिन बाद धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### एनईए ने टीबी मरीजों को बांटा आहार व कंबल

**नोएडा।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन की ओर से जनपद के जिन 509 टीबी ग्रस्त मरीजों को गोद लिया गया है। उनमें से दूसरे चरण में आज 209 मरीजों को पौष्टिक आहार व कंबल वितरित किये गये । इस अवसर पर सीएमओ डॉक्टर सुनील शर्मा ने नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन की सराहना की कहा कि ये एक बहुत ही परोपकारी कार्य है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉक्टर शिरीष जैन, एसीएमओ डॉक्टर ललित, डॉक्टर पांडे मौजूद रहे ।

# भारत जोड़ो यात्रा : दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर यात्री आज संभलकर निकले

## राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की यात्रा, रूट डायवर्जन के तहत राजधानी सीमा से बागपत बॉर्डर तक नहीं चलेंगे वाहन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


फाइल फोटो

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा लेकर राहुल गांधी 3 जनवरी की दोपहर 12 बजे गाजियाबाद में आएंगे। इसे लेकर गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर रूट डायवर्जन जारी किया है। 3 जनवरी की सुबह से देर शाम तक दिल्ली बॉर्डर लोनी से लेकर मंडोला बॉर्डर बागपत तक सभी वाहनों का संचालन बंद रहेगा।

अपर पुलिस आयुक्त ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि ये डायवर्जन 3 जनवरी की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लागू रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए मंगलवार को वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें।

**ये रहेगा रूट डायवर्जन प्लान :** बागपत से आने वाले सभी भारी वाहन पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे का प्रयोग करके दिल्ली.गाजियाबाद की तरफ जा सकेंगे।

पुस्ता दिल्ली की ओर से आने वाले छोटे वाहन विजय विहार पुलिस चौकी से सभापुर सोनिया विहार, आवास-विकास होते हुए बागपत की तरफ जाएंगे।

बागपत से गाजियाबाद आने वाले छोटे वाहन चिरौड़ी-बंथला मार्ग होते हुए टीला मोड़ होकर आएंगे। बागपत से दिल्ली जाने वाले छोटे वाहन मंडोला नौसरपुर गांव तिराहा, आवास विकास, ट्रोनिका सिटी पुलिस चौकी, सिग्नेचर सिटी, सोनिया विहार होते हुए निकल सकेंगे।

गाजियाबाद से लोनी तिराहा होकर बागपत जाने वाले छोटे वाहन चिरौड़ी.बंथला मार्ग होकर निकलेंगे।

गाजियाबाद से लोनी होकर बागपत जाने वाले भारी वाहन राजनगर एक्सटेंशन, दुहाई, पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे होकर निकलेंगे।

बंथला से लोनी तिराहा की तरफ बस, ट्रक, कार, ऑटो, ई.रिक्शा व अन्य दुपहिया वाहनों का संचालन बंद रहेगा। गोल चक्कर दिल्ली से लोनी, लोनी बॉर्डर की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का संचालन बंद रहेगा। ये वाहन गोल चक्कर से तुलसी निकेतन, भोपुरा तिराहा होते हुए निकलेंगे।

**इमरजेंसी में हेल्पलाइन नंबर जारी :** ट्रैफिक पुलिस - 9643322904, ट्रैफिक इंस्पेक्टर - 8130674912

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसरों ने लोनी में डाला डेरा

कल लोनी सर्किल से होकर गुजरने वाली सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना रह जाये इसको दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस यात्रा के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से अभेद बनाने के लिये आज डीसीपी ग्रामीण डॉ इरज राजा, एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय व एसीपी एलआईयू राजेश कुमार के सहित कई अधिकारियों ने दिल्ली.सहारनपुर मार्ग का दौरा करके अधिनस्थों को दिशा-निर्देश दिये।

● 3 जनवरी की सुबह से देर शाम तक सभी वाहनों का संचालन बंद रहेगा

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कंझावला कांड : युवती की दर्दनाक मौत पर बिफरी दिल्ली

## आम आदमी पार्टी का उपराज्यपाल आवास तो स्थानीय लोगों का सुल्तानपुरी थाने पर प्रदर्शन, महिला आयोग ने मांगी पुलिस से रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी थाना इलाके में स्कूटी सवार लड़की को टक्कर मारने और कंझावला इलाके में 12 किलोमीटर तक घसीटने के मामले ने देश को झकझोर दिया है। पुलिस की कार्यशैली को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में लोगों में जबरदस्त गुस्सा है।

दोषियों को कड़ी सजा की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने जहां सुल्तानपुरी थाने के बाहर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। वहीं आम आदमी पार्टी ने एलजी आवास का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस घटना को दुर्घटना मान रही है जबकि यह जघन्य हत्या का मामला है। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस से कई अहम सवाल पूछे हैं। लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए एलजी आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है और क्षेत्र में बैरिकेड और पानी की बौछार के लिए वाहन तैनात किए गए हैं।

आम आदमी पार्टी के विधायक आतिशी, दुर्गेश पाठक, कुलदीप, संजीव झा की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ उपराज्यपाल आवास के निकट विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उनपर पानी की तेज बौछार फेंक कर खदेड़ दिया। इस दौरान आतिशी ने कहा कि दिल्ली की बहनें, बेटियां, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। दिल्ली की एक बेटी के साथ हिंसा हो जाती है, उसके साथ दरिंदगी हो जाती है लेकिन एलजी को कोई चिंता नहीं है। एलजी के पास सिर्फ सीएम को रोकने और चुनी हुई सरकार के कामों में दखल देने का काम है। सुबह से लेकर रात तक एलजी राजनीति करते हैं। उनका काम है महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना। वह कानून व्यवस्था को सुधारें, दिल्ली पुलिस को जवाबदेह बनाएं। उसके लिए एलजी ने पिछले एक साल में एक भी काम किया हो तो, वह बताएं। एलजी से यह कहना चाहेंगे कि अगर वह बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो पद से इस्तीफा दें।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली क्राइम सिटी बन चुकी है। पुलिस एलजी के अंतर्गत होने के बावजूद बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। संजीव झा ने कहा भाजपा के एजेंट की तरह काम करते है। वह उस बच्ची को न्याय नहीं दिला पा रहे है। कुलदीप कुमार ने कहा कि पहले मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही थी। बाद में बहुत ही हल्की धाराओं पर मामला दर्ज हुआ। एक मर्डर को रोड एक्सीडेंट बना दिया गया।

इस बीच सुल्तानपुरी थाने के बाहर सोमवार को बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और एक युवती को अपनी कार के नीचे कई किलोमीटर तक घसीटने के आरोपियों को सजा देने की मांग को लेकर यातायात जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ऐसे समय में जब लोग सर्दियों में भारी-भरकम कपड़े पहने रहते हैं, तो वह (युवती) निर्वस्त्र कैसे मिल सकती है। मृतका की रिश्तेदार ने बताया कि पुलिस ने फोन कर बताया कि लड़की के साथ हादसा हो गया है। वह उसकी मौत के लिए जिम्मेदार सभी लोगों के लिए मौत की सजा की मांग करते हैं। इस बीच, मारुति बलेनो कार का निरीक्षण करने के लिए एफएसएल की एक टीम सुल्तानपुरी थाने पहुंची, जिसके नीचे युवती इतनी देर तक फंसी रही थी। मृतका की मां ने कहा कि शनिवार रात नौ बजे उससे बात की थी और पूछा था कि वह कब लौटेगी। उसने कहा कि वह थोड़ी देर में घर आ जाएगी। बाद में, अपनी दवाई ली और सो गई, उसके बाद मुझे कुछ नहीं पता कि क्या हुआ।

घटना के चश्मदीद दीपक ने जब कार और उसके नीचे युवती को देखा तो उसने तुरंत पुलिस को फोन किया और कथित तौर पर कई किलोमीटर तक उसका पीछा किया। दीपक ने कहा, लाश स्पष्ट रूप से कार के नीचे फंसी दिखाई दे रही थी। कार ने कंझावला रोड पर हर कुछ किलोमीटर के बाद यू-टर्न लेते हुए तीन चक्कर लगाए।

जोमैटो के प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि कंझावला रोड पर पुलिस अवरोधकों को देखने के बाद कार में सवार लोगों ने यू-टर्न ले लिया। वह एक ऑर्डर पूरा कर रहा था जब महाराजा अग्रसेन चौक पर एक तेज रफ्तार कार मेरे बेहद करीब से गुजरी।




नई दिल्ली में सोमवार को कंझावला कांड के विरोध में उपराज्यपाल के आवास पर विरोध प्रदर्शन करते आप के कार्यकर्ता। वहीं इस अमानवीय व बर्बर घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सुल्तानपुरी थाने को घेर कर आक्रोश प्रदर्शित किया। -रंजन डिमरी

### पुलिस की कार्यशैली पर सवाल, मांगा एलजी का इस्तीफा

*आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नए साल पर लड़की को सड़क पर घसीट-घसीट कर मारने वाला भाजपा का नेता है। इस वजह से मामले में एलजी और दिल्ली पुलिस लीपापोती कर रही है। कार का पीछा करते हुए एक चश्मदीद गवाह ने पुलिस को 22 कॉल किए और 3 पीसीआर मिलीं पर किसी ने नहीं रोका। दो चश्मदीद गवाह पर पुलिस दबाव बना रही है कि वो अपनी गवाही बदलें, क्योंकि भाजपा के नेताओं को बचाने की कोशिश हो रही है। नये साल पर सुबह करीब 3 बजकर 22 मिनट पर एक दुकानदार फोन करके बताता है कि ग्रे कलर की एक बोलेरो गाड़ी जा रही है, जिसमें नग्न अवस्था में एक लड़की फंसी हुई है। आदमी स्वयं उस गाड़ी का पीछा करता है। इसके बावजूद पुलिस गाड़ी को नहीं पकड़ पाती है।*

### भाजपा ने उठाई आरोपियों को फांसी देने की मांग

*प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने सुल्तानपुरी घटना पर आप नेताओं द्वारा राजनीति किए जाने को शर्मनाक बताते हुए उपराज्यपाल पर आरोप लगाने को खेदजनक बताया। भाजपा घटना का पुरजोर विरोध करती है और इसमें शामिल सभी आरोपियों के लिए फांसी देने की मांग करती है। आम आदमी पार्टी फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से जांच करवाएं।*

## मेरा सिर शर्म से झुक गया है : उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को पुलिस आयुक्त के साथ बैठक की और कंझावला की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और पूरे घटनाक्रम में हो रही जांच के बारे में पूछा।

उपराज्यपाल ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिये कि मामले के हर पहलू की जाँच की जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत सख्त धाराओं कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के निष्कर्षों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ अभियुक्तों की आर्थिक स्थिति या तथाकथित राजनीतिक पहुँच या रसूख से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई करने को कहा। उपराज्यपाल ने अरोड़ा से यह भी पता लगाने के लिए भी कहा कि क्या पुलिस की ओर से कोई चूक या लापरवाही हुई है। अगर पुलिस की ओर से कोई भी लापरवाही हुई है तो उसकी की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने पीड़ित परिवार के किसी योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी मुहैया कराने की संभावना तलाशने को भी कहा है। उन्होंने लोगों से इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर राजनीति नहीं करने और गैर जिम्मेदाराना बयान देने स बचने की सलाह दी है।

## दोषियों को मिले कड़ी से कड़ी सजा : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कंझावला की घटना को दुर्लभतम अपराध करार देते हुए सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से आरोपियों के खिलाफ मिसाल बनने वाली कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, वह अपील करते है कि पांचों आरोपी चाहे कितने भी रसूख वाले हों, सख्त से सख्त सजा दी जाए। इससे पहले, केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने इस घटना के संबंध में उपराज्यपाल से भी बात की थी। उन्होंने सोमवार को ट्वीटकर कहा कि कंझावला मामले पर उपराज्यपाल से बात की। उनसे दोषियों के खिलाफ अनुकरणीय कार्रवाई करने का अनुरोध किया। दोषियों के खिलाफ आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की सख्त से सख्त धाराएं लगाई जानी चाहिए।

# डीटीसी बेड़े में इस साल दिसंबर तक शामिल होंगी 2280 ई-बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने व राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा को बेहतर बनाने के मकसद से दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में 50 और इलेक्ट्रिक बसें शामिल हो गए हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नए साल पर सोमवार को 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक एसी बसों का राजघाट डिपो से झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसे रुट नंबर 165 शाहबाद डेयरी से आनंद विहार आईएसबीटी। रुट नं. शाहबाद डेयरी से सागरपुर। रुट नं. 901 मंगोलपुरी वाई ब्लॉक से कमला मार्केट, रुट संख्या 957 रोहिणी सेक्टर 22 टर्मिनल से शिवाजी स्टेडियम, रुट संख्या 971 रोहिणी सेक्टर 1 अवंतिका से आनंद विहार आईएसबीटी। रुट नं. 990ए रोहिणी सेक्टर 25 (दीप विहार) से शिवाजी स्टेडियम और रुट संख्या 990एक्सटेंशन रोहिणी सेक्टर 25 (पॉकेट सी) से शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी। सभी बसों में जीपीएस, सीसीटीवी, व्हील चेयर की सुविधा के साथ महिलाओं के लिए पिंक सीट, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए सीट उपलब्ध है। अरविंद केजरीवाल ने कहा वह दिल्ली में प्रदूषण मुक्त, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन के नए युग में लोगों का स्वागत करते है।




मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और प्रदेश परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत हरी झंडी दिखाकर 50 इलेक्ट्रिक बसों की 50 बसों को डीटीसी बेड़े में शामिल किया।

## कमजोर बच्चों के लिए गणित शीत शिविर

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने सोमवार से शहर के स्कूलों के लिए गणित शीत शिविर की शुरुआत की। इसका उद्देश्य कोविड-19 की वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई में हुए नुकसान की भरपाई करना है।

इस शिविर का संचालन 14 जनवरी तक किया जाएगा। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि कक्षा से अतिरिक्त पढ़ाई होगी, नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों की गणित की समझ बेहतर करेगी, परीक्षा केंद्रित पुनरीक्षण होगा। दिल्ली सरकार की सलाहकार रीना गुप्ता ने बताया कि शिविर नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को चुनौतियों का समाधान करेगा।

# गैर जरूरी निर्माण व तोड़फोड़ के कार्यों पर जारी रहेगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तीसरे चरण के तहत लगाई हैं पाबंदियां**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सोमवार को कहा कि वायु प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के मद्देनजर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गैर ज़रूरी निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पर रोक जारी रहेगी। आयोग ने कहा कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तीसरे चरण के तहत यह पाबंदियां लगाई गई हैं।

दिल्ली में 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सोमवार को 357 था। यह रविवार से भी खराब था जब एक्यूआई 259 दर्ज किया गया था। एक्यूआई 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

एक समीक्षा बैठक में कहा कि हवा की कम गति और मौसम की प्रतिकूल स्थिति के कारण प्रदूषण में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# नौ दिन विश्राम के बाद आज से शुरू होगी भारत जोड़ो यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नौ दिन के विश्राम के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को फिर होगी। यह यात्रा मंगलवार को यमुना बाजार में हनुमान मंदिर, मरघट वाले बाबा से सुबह करीब 10 बजे शुरू होगी और दोपहर करीब 12 बजे लोनी बॉर्डर होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। इसके मद्देनजर यातायात पुलिस ने परामर्श जारी भारत जोड़ो यात्रा मार्ग से बचने की सलाह दी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह यात्रा लोहे का पुल, शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन, पुरानी जीटी रोड, फर्नीचर मार्केट, अंसारी रोड, मौजपुर, बाबरपुर, वज़ीराबाद रोड और गोकुलपुरी थाने होते हुए लोनी गोल चक्कर पहुंचेगी। कांग्रेस नेता की अगुवाई वाली यात्रा में बड़ी संख्या में लोग और गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। यातायात पुलिस ने परामर्श जारी कर कहा कि यात्रा की वजह से श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, रिंग रोडाएमजीएम मार्ग, हनुमान मंदिर से पुराने लोहे के पुल तक जाने वाला मार्ग, गीता कॉलोनी पुश्ता रोड, अंसारी रोड, जीटी रोड, जाफराबाद मेन रोड, वजीराबाद रोड और लोनी रोड पर यातायात प्रभावित रहेगा। छाता रेल चौक, लाल किला, एसपीएम मार्ग, पुराना लोहे का पुल, पुश्ता रोड, अंसारी रोड, जीटी रोड पर युधिष्ठिर सेतु से लेकर सीलमपुर टी प्वाइंट तक, शाहदरा फ्लाईओवर से लेकर वज़ीराबाद रोड पर लोनी गोल चक्कर और लोनी रोड पर भारी यातायात हो सकता है। पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे प्रभावित सड़कों से गुज़रने से गुरेज़ करें और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के मुताबिक, यात्रा तीन जनवरी को उनके प्रदेश में प्रवेश करेगी और 120 किलोमीटर का सफर तय कर पांच जनवरी को हरियाणा में पहुंचेगी। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा गत 24 दिसंबर को लाल किला पर पहुंची थी।



## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को भूमि का उचित मुआवजा दे सरकार

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने किसानों को भूमि का उचित मुआवजा देने के मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार किसानों की जमीन को कोड़ियों के भाव खरीद रही है। लुटियन जोन से केवल 5 किलोमीटर दूरी पर किसानों की जमीन को सिर्फ 552 रुपए प्रति वर्ग मीटर यानी 22 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से अधिगृहित किया जा रहा है जबकि हरियाणा और उत्तर प्रदेश में किसानों की जमीन का मुआवजा 10 से 15 करोड़ रुपए प्रति एकड़ दिया जा रहा है। दिल्ली के किसान यह मुआवजा नहीं उठाएंगे और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास के बाहर इस आदेश की प्रतियां जलाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को जन्मदिन पर बधाइयां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, रक्षामंत्री गृह मंत्री समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री व राज्यपाल सहित कई केंद्रीय मंत्री गण, संसद सदस्यों ने बधाई दी है। चौबे को उत्तर पूर्व सहित भारत के विभिन्न राज्यों के विधायकों, पूर्व विधायकगण व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण एवं राजनीतिक सामाजिक, अध्यात्मिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी। बड़ी संख्या में प्रख्यात मंदिरों एवं मठों के प्रतिनिधियों ने भी शुभकामना संदेश एवं अपना आशीर्वाद प्रेषित किया।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती पर मनाया जाए महिला दिवस

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित ने सोमवार को केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती तीन जनवरी को आठ मार्च के साथ महिला दिवस के रूप में मनाया जाए। विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति पंडित ने कहा कि फुले के कार्यों और योगदान की वजह से मैं वहां पहुंच सकी हूं, जहां आज मैं हूं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि हम माता सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती मना रहे हैं। बड़े गौरव की बात है कि हम विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार उन पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

### शुभाशीष पांडा डीडीए के नए उपाध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** नौकरशाह शुभाशीष पांडा ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभाला। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी पांडा डीडीए उपाध्यक्ष बनने से पहले हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद का कार्यभार संभाल रहे थे। डीडीए ने बताया कि दो दशक से भी लंबे करियर में पांडा ने स्वास्थ्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, शहरी विकास, पर्यटन, योजना, लोक निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में काम कर चुके हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान पांडा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के उपनिदेशक (प्रशासन) के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सुनिश्चित किया कि मरीजों को सभी आवश्यक चीजें समय पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों।

### आबकारी घोटाला में आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत सोमवार को सात जनवरी तक बढ़ा दी गई है। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने कारोबारियों-शरत रेड्डी, बिनॉय बाबू, विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को अदालत में पेश किए जाने के बाद उनकी हिरासत यह उल्लेख करते हुए बढ़ा दी कि इन सभी आरोपियों की जमानत याचिकाएं इस अदालत में अलग-अलग तारीखों पर बहस के लिए लंबित हैं।

### कैदी के यौन शोषण मामले में सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में कैदियों द्वारा एक साथी कैदी का यौन उत्पीड़न किए जाने संबंधी खबरों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली सरकार और कारागार महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले की जांच के लिए अपनी टीम को मौके पर भेजने का फैसला किया है। मानवाधिकार आयोग के अनुसार तिहाड़ जेल में साथी कैदियों द्वारा 22 वर्षीय एक कैदी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किए जाने को लेकर 30 दिसंबर को मीडिया में आई खबरों पर एनएचआरसी ने स्वत: संज्ञान लिया है। पीड़ित कैदी का इलाज चल रहा है।

# आश्रम फ्लाईओवर बंद होते ही रिंग रोड पर लगा भीषण जाम

## यातायात पुलिस ने यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की दी सलाह, आसपास की सड़कों के लिए जारी किया परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रिंग रोड पर बन रहे नए फ्लाइओवर को आश्रम फ्लाइओवर से जोड़ने के लिए इसे रविवार देर शाम को 45 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान नये वर्ष पर मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की काफी भीड़ रही जिसके चलते पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सोमवार को भारी ट्रैफिक जाम देखने को मिला।

यातायात पुलिस ने फ्लाईओवर बंद होने के कारण पहले लोगों को केवल निर्दिष्ट स्थानों पर गाड़ियां खड़ी करने और यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी थी खासकर अगर वे अस्पतालों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर जा रहे हों।

आश्रम चौक, डीएनडी फ्लाईओवर, मथुरा रोड और नोएडा से गुजरने वाले कैरिजवे के दोनों तरफ आउटर रिंग रोड से आने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात पुलिस ने एक बयान में कहा था एक जनवरी से आश्रम फ्लाईओवर और नए डीएनडी फ्लाईओवर के बीच संपर्क मार्ग के निर्माण के कारण आश्रम फ्लाईओवर के दोनों कैरिजवे बंद हो जाएंगे। इस बीच कुछ यात्रियों ने ट्विटर पर जाम की तस्वीरें साझा कीं, जबकि व्यस्त समय (पीक ऑवर्स) के दौरान मार्ग पर यात्रा करने वाले कई लोगों ने दावा किया कि उन्हें इस खंड को पार करने में लगभग आधा घंटा लगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, नए व पुराने फ्लाइओवरों को जोड़ने के लिए 1 जनवरी से काम फरवरी के दूसरे सप्ताह तक जारी रह सकता है। आश्रम फ्लाइओवर के बंद होने से पूर्वी दिल्ली, नोएडा, दक्षिणी दिल्ली और आइजीआइ एयरपोर्ट के बीच यातायात प्रभावित होगा। यहां से रोजाना तीन-चार लाख वाहन गुजरते हैं। फ्लाइओवर बंद होने से बारापुला, कालिंदी कुंज, मथुरा रोड और आइटीओ पर यातायात बढ़ जाएगा।



### सीवी रमन मार्ग टी-प्वाइंट पर लाल बत्ती

महारानी बाग बस स्टाप को महारानी बाग अंडरपास के निकट वापस स्थानान्तरित कर दिया गया है। इसे कुछ महीनों पहले आश्रम फ्लाइओवर एक्सटेंशन के निर्माण कार्य के चलते अस्थायी रूप से सीवी रमन मार्ग से आगे बनाया गया था। वहीं, जामिया, एनएफसी, तैमूरनगर, खिजराबाद से सीवी रमन मार्ग होकर नोएडा व सराय काले खां जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए आश्रम एक्सटेंशन फ्लाइओवर के नीचे सीवी रमन मार्ग टी-प्वाइंट पर एक लाल बत्ती लगाई गई है।

### परेशानी से बचने को अपनाएं यह रूट

बदरपुर से रिंग रोड और सराय काले खां जाने के लिए माता मंदिर मार्ग का उपयोग करना है। बदरपुर, सरिता विहार, जामिया से कैप्टन गौर मार्ग, लाजपत नगर और एम्स जाने के लिए यू-टर्न का उपयोग करना है। चिराग दिल्ली और आइआइटी से नोएडा जाने के लिए रिंग रोड का उपयोग करना है। अक्षरधाम और नोएडा से एम्स और धौलाकुआं जाने के लिए भैरो रोड, मथुरा रोड-सराय काले खां से होकर जाना है। एम्स और नई दिल्ली से रिंग रोड और मथुरा रोड के लिए लोधी रोड, लाला लाजपत राय मार्ग से जाना है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 जनवरी, 2023



# नववर्ष पर दमदमा झील पर आए पर्यटकों की भीड़ ने 12 साल का रिकार्ड तोड़ा



नववर्ष के अवसर पर 12 साल के बाद नौकायान करने वाले पर्यटकों का उमड़ा जनसहलाब।



दमदमा झील पर ऊँट राइडिंग का आनंद लेते हुए पर्यटक।

## पर्यटकों ने नौकायन, कोमल और होर्स राइडिंग का लिया आनंद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नववर्ष** के अवसर पर क्षेत्र में हरियाणा टूरिज्म निगम के बने दो पर्यटन स्थल दमदमा झील पर नववर्ष पर पर्यटकों की हुई रिकार्ड तोड़ भीड़। पर्यटकों को भीड़ ने 12 साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया। नववर्ष के अवसर पर दमदमा के सारस कॉम्पलेक्स और झील में नौकायन करने पहुंची पर्यटकों की भीड़ 2010 के बाद भारी संख्या में पहुंचे। 2010 की अपेक्षा इस वर्ष झील में नौकायान करके पूरा आनंद लिया। जिनकी संख्या 2010 की अपेक्षा अधिक रही। दमदमा के सारस झील पर कोराना काल के दो वर्ष बाद हजारों की संख्या में पर्यटक नये साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचे। दमदमा झील में 12 वर्ष के बाद पर्यटकों ने नववर्ष पर नौकायान का पूरा आनंद लिया। इसके साथ घोड़ा और ऊंट की सवारी की। बच्चों ने झील के किनारे लगा झूला पर झूलते हुए अरावली पहाड़ी और झील की सुन्दरता का पूरा नजारा देखा। हरियाली घास और भारी पेड़ों के बीच में बना एडवेंचर एक्टीविटिज का पर्यटकों ने रस्सों पर चलते हुए मस्ती की।

**800 पर्यटकों ने किया नौकायान :** दमदमा झील पर पहुंचे करीब 1200 पर्यटकों में से 800 के लगभग ने झील में नौकायान का आनंद लिया। झील पर्यटकों को नौकायान का लुफ्त दिलाने के लिए 13 नाव लगाई हुई थी। पर्यटकों ने एकल और सामूहिक रुप से नाव में बैठकर नौकायान किया।

> **कोविड** काल के बाद नववर्ष मनाने के लिए दमदमा झील पहुंचे पर्यटकों ने पूरे जश्न के साथ हर्षोउल्लास में मस्ती की। उनके यहा पर 13 कमरे 10 दिन पहले की बुकिंग हो चुके थे।
>
> **राजेश शर्मा**
> **( प्रबंधक, सारस कॉम्पलेक्स दमदमा )**

# विधायक सिंगला ने देखी गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन की व्यवस्था

## रेलवे सलाहकार सदस्य के अमित गोयल भी रहे मौजूद

## रेलवे स्टेशन को भव्य बनाने की योजना को भी किया सांझा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सोमवार को रेलवे स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने स्टेशन पर स्वच्छता व अन्य व्यवस्थाओं, सुविधाओं का मुआयना किया। उनके साथ रेलवे सलाहकार सदस्य के अमित गोयल भी मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज के आसपास गंदगी को देखकर विधायक सुधीर सिंगला ने नाराजगी दिखाई। उन्होंने कहा कि सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। गुरुग्राम से हजारों



गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते विधायक सुधीर सिंगला।

लोग रोजाना ट्रेनों में सफर करते हैं। यह गंदगी स्टेशन का सौंदर्य बिगाड़ रही है। नियमित तौर पर यहां सफाई हो, स्टेशन अधीक्षक इस पर ध्यान दें। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि रेलवे स्टेशन की बेहतरी के लिए जो भी कार्य हैं, वे रेल मंत्री में संज्ञान में लाकर पूरे करवाए जाएंगे। गुरुग्राम के धर्मप्रेमियों के अनुरोध पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि खाटू श्याम जी के लिए जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में कम कोच हैं। उसमें 16 कोच हैं, जिनमें 6 कोच की बढ़ोतरी करके 22 करवाने के लिए रेल मंत्री से अनुरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का रेलवे स्टेशन कायाकल्प के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे प्रमुखता पर रखा है। अधिक यात्रियों और ट्रेनों को संभालने के लिए रेलवे स्टेशन के बुनियादी ढांचे को नया रूप दिया जाएगा। इस परियोजना में चौथे रेलवे प्लेटफॉर्म का निर्माण, मौजूदा प्लेटफॉर्म का विस्तार, स्टेशन के प्रवेश और निकास बिंदुओं की संख्या में वृद्धि होगी। इस समय एक ही प्रवेश व निकास द्वार है। जयपुर-गुरुग्राम-दिल्ली रेल लाइन के विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि रेल संपर्क में सुधार के लिए झज्जर तक विस्तार होने की उम्मीद है। गुरुग्राम की बढ़ती आबादी के साथ रेल मंत्री से मौजूदा रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपग्रेड करने का भी खाका तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में बहुत तरक्की हुई है। रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण होने के बाद से तो यहां ट्रेनों की संख्या भी बढ़ेगी और गति भी बढ़ेगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का रेलवे स्टेशन हर मायने में अहम है। दिल्ली से निकलकर गुरुग्राम के रास्ते ट्रेनें विभिन्न क्षेत्रों में जाती हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को और अधिक बढ़ाया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। रेलवे स्टेशन के पास राजेंद्रा पार्क में कई कालोनियां आती हैं। इन कालोनियों के लिए यहां एक फुटओवर ब्रिज बनाया गया है। भविष्य में यहां अंडरपास बनाने के भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

# 19 मार्च को करेगी स्वास्तिक संस्था 21 जरूरतमंद बेटियों का विवाह



गुरुग्राम में स्वास्तिक फाउंडेशन की बैठक में मौजूद सदस्य।

**गुरुग्राम।** पंचतत्व सेवा (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) को समर्पित संस्था स्वास्तिक फाउंडेशन ने साल की शुरुआत में ही निर्णय लिया है कि मार्च 2023 में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। 19 मार्च का दिन इसके लिए निर्धारित किया गया है। इस समारोह में 21 बेटियों का विवाह संस्था की ओर से किया जाएगा। स्वास्तिक फाउंडेशन का यह पहला सामूहिक विवाह समारोह होगा।

बैठक की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक बनवारी लाल सैनी व सुमेर सिंह तंवर ने की। बैठक में संस्था से जुड़े सभी पर्यावरण प्रेमियों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। इसके बाद वर्ष 2023 में होने वाले सभी धर्मों की जरुरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह पर विचार हुआ। जिसमें सभी पर्यावरण प्रेमियों की सहमति से 19 मार्च 2023 (रविवार) को 21 बेटियों का सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया गया।

स्वास्तिक फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि संस्था की ओर से सभी बेटियों को नया जीवन प्रारंभ करने के लिए घरेलू जरूरत का सारा सामान दिया जाएगा। सामूहिक विवाह समारोह में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए हैं जो कोई भी रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं वे जल्द से जल्द संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। बैठक में संस्था के महासचिव राजेश, हितेश सैनी, पवन शर्मा, मनोज तंवर, ललित कटारिया, शिव मौर्या, विक्रम सैनी, अनूप, लक्ष्य अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नववर्ष के अवसर पर गिरजाघरों में हुईं प्रार्थना सभाएं



**सोहना।** नववर्ष के अवसर पर शहर में बने गिरजाघरों में प्रार्थनाओं का आयोजन रहा। नये साल में सभी जन की सलामती की प्रार्थना की गई। नववर्ष को लेकर एक बार शहर में बने गिरजाघरों को रंगीन लाइटों से सजाया गया। शनिवार की रात 10 से 12 बजे तक प्रार्थना की। उसके बाद रविवार की सुबह भी प्रार्थना चली। प्रार्थना सभाओं में पहुंचे नागरिकों ने सभी के लिए नया साल अच्छा बीतने की कामनाएं की गई। देश को कोरोना को बीमार से दूर रखने की प्रार्थना की। गिरजाघर के फादर राजेश ने बताया कि सैंकड़ों की संख्या में लोग प्रार्थना सभाओं में पहुंचे। विश्व में बन रहे महायुद्ध की संभावनाओं टालने और सभी के सलामत रहने की कामनाएं की।

### प्रॉपर्टी डाटा में विकास शुल्क दर्शाया तो अधिकारी होंगे निलंबित



**गुरुग्राम।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता कहा कि प्रॉपर्टी डाटा में अगर विकास शुल्क दर्शाया जाता है तो संबंधित अधिकारी को निलंबित किया जाएगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में कही। उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डा. कमल गुप्ता ने कहा कि लाईसेंस कॉलोनी, टीपी स्कीम, अर्बन एस्टेट, मार्केटिंग बोर्ड, रि-हैबीलेशन, एचएसवीपी क्षेत्रों में स्थित प्रॉपर्टी डाटा में विकास शुल्क का बकाया नहीं दर्शाया जाना चाहिए। इस बारे में वे पहले भी आदेश जारी कर चुके हैं कि इन क्षेत्रों के प्रॉपर्टी डाटा में अगर विकास शुल्क बकाया दर्शाया हुआ है तो उसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। अगर आदेशानुसार डाटा दुरूस्त नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी को लंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा विकसित व नियमित कॉलोनियों के प्रॉपर्टी डाटा में अन-अप्रूव्ड शब्द नहीं लिखा होना चाहिए। अगर ऐसा है, तो उसे भी तुरंत प्रभाव से दुरूस्त करवाएं। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश के प्रॉपर्टी मालिकों को राहत देने के लिए ब्याज माफी योजना को 31 जनवरी 2023 तक बढ़ा दिया गया है। ऐसे प्रॉपर्टी मालिक जिन्होंने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है। वे जल्द से जल्द प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके ब्याज में 50 प्रतिशत छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित आने वाले दावे-आपत्तियों का समाधान भी तुरंत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि नागरिक अपने डाटा को ठीक करवाकर अपना प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान करें तथा सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं। बैठक में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, पलवल के विधायक दीपक मंगला, भाजपा गुरुग्राम की जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली व महेश यादव, नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त अमरदीप सिंह, एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई, संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार व नरेश कुमार उपस्थित थे।

### सीएम फ्लाइंग ने राशन डिपो पर क्षमता से अधिक राशन पकड़ा

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने खंड के गांव सरमथला में सरकारी राशन को दुकान पर छापा मारते हुए क्षमता से अधिक चीनी और बाजरा बरामद किया। राशन उपभोक्ताओं ने डिपोधारक पर कम राशन देने का आरोप लगाया है। सोमवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग गुरूग्राम से उपनिरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। जैसे ही सीएम फ्लाइंग की टीम सरमथला में सरकारी राशन की दुकान पर पहुंची। वैसे ही राशन ले रहे उपभोक्ता एकजुट हो गए। जिन्होंने ने डिपोधारक भारतभूषण पर कम राशन देने का आरोप लगाया। राशन को एक या दो दिन ही वितरण करने का भी आरोप लगाया। जांच के दौरान दुकान में 293 किलोग्राम गेहूं मात्रा से कम व 15.50 किलोग्राम चीनी व 684.5 किलोग्राम बाजरा मात्रा से अधिक पाया गया। जिसे सीएम उड़नदस्ता टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी की मशीन को भी कब्जे में लिया। जिस पर उपभोक्ताओं का अंगूठा लगवा कर राशन वितरण किया जा रहा था।



सोहना के गांव सरमथला में सरकारी राशन की दुकान पर पकड़े गए राशन की कार्यवाही करते हुए सीएम उड़नदस्ता के टीम प्रभारी।

# सावित्री बाई फुले की जयंती को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की ओर से नारी मुक्ति आंदोलन की अगुवा और प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की मंगलवार को जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान महिलाओं को समाज में अहम स्थान दिलाने के साथ-साथ शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग की गई। इसी मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट दर्शन यादव को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच के ओर से दिये गए ज्ञापन में कहा गया।

गुरुग्राम सैनी युवा जगृति मंच संस्था के संरक्षक सूबे सिंह सैनी, महेंद्र सिंह लीलू प्रधान समाज उत्थान न्यास (सन फाउंडेशन), तेजिंदर सैनी प्रधान सैनी सभा जैकमपुरा, संस्था के कानूनी सलाहकार एडवोकेट मुकेश सैनी, गौतम भाई, महेंद्र सैनी, हितेश और



एडीसी को ज्ञापन देते गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच के सदस्य।

गगनदीप सैनीगगन दीप समेत समाज के अनेक लोगों ने सावित्री बाई फुले को नमन किया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 19वीं सदी तक नारी केवल एक भोग की वस्तु थी। नारी महागुलाम बनकर सामाजिक व्यवस्था की चक्की में पिसती रही। अज्ञानता के अंधकार, कर्मकांड, वर्णवाद, जातिवाद, बाल विवाह, विधवा विवाह न होना, मुंडन एवं सती प्रथा आदि कुप्रथाओं में नारी जाति जकड़ी हुई थी। उस समय नारी को विद्या ग्रहण कराने का अधिकार नहीं था। प्रचलित धारणा के अनुसार अगर नारी को शिक्षा मिल जाएगी तो वह कुमार्ग पर चलेगी।

# विधायक ने आधी रात किया अस्पताल और विकास कार्यों औचक निरीक्षण

## मजदूरों ने विधायक को बड़े वाहन के आवागमन से कार्य बाधित की समस्या बताई

## विधायक संजय सिंह के फोन से हरकत में आई पुलिस ने वाहनों को आने से रोका

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**विधायक** संजय सिंह ने रात्रि दो बजे शहर में चल रहा सड़कों पर पैचवर्क कार्य का औचक निरीक्षण किया। उसके बाद नागरिक अस्पताल में पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड का भी दौरा किया।

नगर परिषद द्वारा शहर के सभी वार्डों की सड़क से लेकर आम रास्ते में पैचवर्क किए जा रहे हैं। ये कार्य रात के समय में किए जा रहे हैं। विधायक संजय सिंह रात दो बजे सोहना के सामान्य बस स्टैंड मार्ग और बालूदा मार्ग पर किए जा रहे पैचवर्क का निरीक्षण करने पहुंचे गए। जहां ठेकेदार द्वारा लगाई जा रही निर्माण सामग्री की भी जानकारी ली। पैचवर्क का कार्य कर रहे मजदूरों ने विधायक को बड़े वाहन के



सोहना के बालूदा मार्ग पर रात्रि के दौरान चल रहे पैचवर्क कार्य का औचक निरीक्षण करते विधायक संजय सिंह।



सोहना के नागरिक अस्पताल में रविवार को देर रात औचक निरीक्षण करते विधायक संजय सिंह।

आवागमन से कार्य में आ रही बाधा की समस्या को बताया। विधायक संजय सिंह ने तुरन्त पुलिस को फोन कर पैचवर्क कार्य चलने वाले रास्ते में बैरिकैटिंग करने के आदेश दिए। विधायक का फोन आने के साथ ही हरकत में आई पुलिस ने बैरिकैटिंग कर वाहनों को रोका।

**नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया :** रात को ही विधायक संजय सिंह ने नागरिक अस्पताल को निरीक्षण करने पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टर, नर्स और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी ड्यूटी पर। विधायक संजय सिंह ने बताया कि वह अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटा सजगया से कार्य करते रहना है। विकास के कार्यों को गति को रुकने नहीं दिया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने जो जिम्मेदारी उन्हें अपनी अपनी वोट देकर सौंपी है। उसके लिए वह 24 घटे पूरा क्षेत्र में रहकर पूरा करनी है। किसी भी कार्य में लापरवाही से लेकर भ्रष्टाचार को पनपने नहीं दिखा जाएगा।

# किसानों को जैविक खेती करने के लिए करेंगे प्रेरित : किरण बेदी

## ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक चांदनी बेदी ने पौधशाला प्रोजेक्ट के बारे में बताया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

**नवज्योति** इंडिया फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस मनाते हुए खंड की ग्राम पंचायतों से आए किसानों को जैविक खेती से होने वाले लाभों की जानकारी दी। इसके साथ हरी-भरी पौधशाला बनाने की भी जानकारी दी। नगर निगम के आखिरी नया गांव में स्थित नवज्योति इंडिया फाउंडेशन ने अपना पहला स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एसजीटी यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर पूजा पंत और ओजोन ग्रुप ऑफ कंपनीज से डॉक्टर कंचन, नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक किरण बेदी सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में निदेशक, ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान



नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने वाली संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ किरण बेदी।

चांदनी बेदी ने सभी को संस्था के उद्देश्य और हरी-भरी पौधशाला प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संस्था गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक की महिलाओं, बच्चों और समुदाय के लिए पर्यावरण, कौशल और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ किरण बेदी ने संवाद का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नवज्योति संस्था आप सभी की सहायता के लिए काम कर रही है। ओजोन ग्रुप ऑफ कंपनी से सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉक्टर कंचन और एसजीटी यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर पूजा पंत ने सभी को जैविक खेती के बारे में बताया। उस फसल को बेचने के तरीके बताए। दोनों संस्थाओं ने नवज्योति के साथ मिलकर भविष्य में सभी गांव के लोगों को प्रशिक्षण देने का भरोसा दिया। पंचायतों ने अपने-अपने गांवों में हो रहे विकास के बारे में अपने विचार रखे और आने वाले समय में नवज्योति के साथ काम करने की इच्छा रखी। एमडीआई गुरुग्राम से डॉक्टर विशाल नारायण ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सहजवास की कुछ महिलाओं ने अपने नए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट की घोषणा की। यह सभी महिलाएं नवज्योति के साथ मिलकर अलग-अलग गांव से प्लास्टिक इकट्ठा करके उसे रिसाइकल करेंगी।

# हरियाणा के 16 स्केटर गुलमर्ग में आईस स्केटिंग में दिखाएंगे प्रतिभा



प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**विंटर** खेलों को बढ़ावा देने के लिए तीसरा खेलो इंडिया इवेंट जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में होगा। जिसमें आइस स्केटिंग इवेंट में हरियाणा प्रदेश सहित 16 राज्यों के 256 आइस स्केटर्स हिस्सा लेंगे। चयनित टीम में स्पीड स्केटिंग में 17 से 19 आयु वर्ग के चार-चार लड़के एवं लड़कियों एवं फिगर स्केटिंग में 17 से 19 आयु वर्ग (जूनियर) में चार लड़कों एवं 19 से अधिक आयु वर्ग में चार लड़कियों को खेलने का मौका मिलेगा।

हरियाणा प्रदेश से तीन ऑफिशियल सहित कुल 19 सदस्यों की टीम हिस्सा लेंगे। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान व प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि खेलो इण्डिया के अन्तर्गत विंटर खेलों में आइस स्केटिंग के इवेंट 10 से 14 फरवरी को गुलमर्ग (जम्मु-कश्मीर) में आयोजित होंगे। इसके लिए आठ जनवरी 2023 तक टीम का चयन कर लिया जाएगा। उनके अनुसार इस चयन में एसोसिएशन नेशनल प्लेयर प्राथमिकता देगी। साथ ही खिलाड़ियों का ट्रक रिकार्ड भी देखा जाएगा। उनके अनुसार इसके लिए सामान्य स्केटर्स को भी विशेष तवज्जो दी जाएगी। आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इडिया के निर्देशानुसार सभी खिलाड़ी व ऑफिशियल नौ फरवरी 2023 को सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक श्रीनगर स्थित टूरिस्ट सेंटर पर बने स्वागत कक्ष पर रिपोर्ट करेंगे। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान के अनुसार खिलाड़ियों की रवानगी से लेकर उनके आगमन पर स्वागत के लिए अलग से कमेटी गठित की गई है।

# साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों के पुलिस ने बचाए 4.50 करोड़ रुपये

## गुरुग्राम पुलिस ने वर्ष 222 में साइबर ठगी के अपराधों पर कसा शिकंजा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की साइबर क्राइम पुलिस को ऑनलाइन धोखाधड़ी यानी साइबर ठगी के मामले में साल 2022 में सक्रियता बरती। इस सक्रियता से पुलिस ने लोगों के ठगे गए 4.50 करोड़ रुपये वापस लौटाए। पिछले साल 20 हजार से अधिक शिकायतें साइबर ठगी की दर्ज की गई। मिलेनियम सिटी में साइबर क्राइम के तहत ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए लोगों को राहत देने के उद्देश्य से जिला की सभी साइबर सेल यूनिट पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही हैं। साइबर क्राइम के चारों जोन के पुलिस थानों में साल 2022 में कुल 20 हजार 415 मामले सामने आए हैं। जिसमें से 9 हजार 459 शिकायत गृह मंत्रालय के द्वारा तैयार किए गए पोर्टल एमएचए से प्राप्त हुई है।



सीपी कला रामचंद्रन

साइबर क्राइम गुरुग्राम के थानों की सभी टीमों ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगों से शिकायतकर्ताओं के खातों में कुल 4.50 करोड़ रुपये की धनराशि वापस करवा कर सराहनीय काम किया है। इस राशि में साइबर क्राइम थाना गुरुग्राम सेक्टर-43 की टीम द्वारा 3.50 करोड़ रुपये, साइबर क्राइम मानेसर की टीम ने 30 लाख रुपये, साइबर क्राइम साउथ ने 35 लाख और साइबर क्राइम वेस्ट की टीम द्वारा लौटाई गई 35 लाख रुपये की धनराशि शामिल है।

**गुरुग्राम में जोन वाइज बनाए गए हैं साइबर क्राइम थाने :** गुरुग्राम में पहले हरियाणा का एकमात्र साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन था। बाद में बढ़ते हुए साइबर क्राइम को देखते हुए गुरुग्राम जिला में जोन वार तीन अन्य साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गई थी। जिसमें साइबर क्राइम साउथ सेक्टर 65, साइबर क्राइम वेस्ट पालम विहार और साइबर क्राइम मानेसर शामिल है। यह सभी थाने एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के देखरेख में कार्य कर रहे हैं।

**नागरिक साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहें : कला रामचंद्रन :** पुलिस आयुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहें व किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में साइबर ठग नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। पहले एटीएम नंबर व पिन जानकर पैसा उड़ा लेते हैं। अब खाता बंद होने, एलआइसी पॉलिसी का पैसा दिलाने व अन्य माध्यमों से झांसे में लेकर लोगों को ठग रहे हैं। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या अपने क्षेत्र के साइबर क्राइम थाना में जाकर शिकायत दर्ज कराएं।

# ठिठुरन बढ़ी: सरकारी आदेश के बावजूद खुले रहे अनेक स्कूल

**कविता। फरीदाबाद**

**सरकार** ने एक से 15 जनवरी तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश के आदेश जारी किये हैं, लेकिन फिर भी कुछ स्कूल इन आदेशों की अह्वेलना कर रहे हैं। सोमवार को ठंड और कोहरे में कुछ स्कूल खुले नजर आए। वहीं दिनभर ठंड और धुंध के कारण लोग आग तापते नजर आए। हालांकि ठंड फसलों के लिए ठीक हैं। लेकिन ठंड से बुजुर्ग और बीमार परेशान हैं।

दो दिन की तेज धूप के बाद सोमवार को कोहरा छाया रहा। दिनभर शीत लहर चलती रही। हालांकि सूरज की रोशनी कुछ देर के लिए चमकी, लेकिन कोहरे की चादर ने इसे छिपा दिया। ठंड रबी की फसल गेहूं, जौ, चना, सरसों के लिए ठीक है। लेकिन बढ़ती ठंड नौनिहालों के लिए ठीक नहीं है। इसलिए सरकार ने निजी और सरकारी स्कूलों को बंद करने के आदेश दिये हैं। आदेशों के बावजूद सोमवार को सड़कों पर स्कूल बसें दौड़ने लगी थी। निजी स्कूल संचालकों ने सरकार के आदेशों की खुलकर धज्जियां उड़ाईं। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने एक से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। जिसके बाद जिला शिक्षा विभाग ने भी स्कूलों को बंद करने का नोटिस भेजा था। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सभी स्कूलों को फोन और ईमेल के जरिये सरकार के आदेशों से अवगत करवाया है। यदि इसके बावजूद भी स्कूल खुले हैं, तो उनके सख्त कार्रवाई की जाएगी।



संजय कालोनी में बच्चे स्कूल को जाते हुए।



कड़ाके की ठंड में आग तापते लोग

**तापते रहे आग :** ठंड में ठिठुरन बढ़ने से लोग आग तापते नजर आए। हर चौक व चौराहे पर लोग दिनभर आग ताप रहे थे। घरों और दुकानों के बाहर दो से चार लोग खड़े होकर आग जलाकर हाथ सेक रहे थे। वहीं ठंड फसलों के लिए ठीक है। दो दिन पहले मौसम काफी गर्म हो रहा था। दिन में तेज धूप थी। इससे किसान चिंतित होने लगे थे कि कहीं फिर से मौसम गर्म न हो जाए। लेकिन मौसम ने सोमवार को करवट बदली। सुबह काफी कोहरा छाया हुआ था। ठंडी हवा चल रही थी। पानी के रूप में ओश टपक रही थी। इससे फसलों को काफी फायदा होगा, क्योंकि अभी वर्षा भी नहीं हो पाई है। यदि इस मौसम में वर्षा हो जाए तो और भी फसलों को लाभ होगा।

# शीतकालीन अवकाश में 15 तक ऑनलाइन पढ़ाई का अध्यापकों ने किया विरोध

## शीतकालीन अवकाश के दौरान रोज 2.30 से 5 बजे तक जिला स्तर पर होगा विरोध प्रदर्शन

## विरोध स्वरूप अध्यापक विद्यालयों में काली पट्टी का करेंगे इस्तेमाल

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



हरियाणा स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेते अध्यापक।

**यदि** प्रदेश सरकार का शिक्षा विभाग सही मायनों में बोर्ड परीक्षार्थियों का हितैषी है, तो फिर उसे शीतकालीन छुट्टियों में स्कूल प्राध्यापकों की विभिन्न प्रकार की विभागीय डाइट-ट्रेनिंग तथा गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी बिल्कुल नहीं लगानी चाहिए। जब संबंधित प्राध्यापक ट्रेनिंग या ड्यूटी पर जाते रहेंगे तो विद्यालय में बुलाए गए 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को कौन पढाएगा? क्या यह उनके कीमती समय की बर्बादी नहीं होगी? सरकार को चाहिए कि शीतकालीन अवकाश विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पूर्ववत् दिए जाएं तथा दसवीं व बारहवीं बोर्ड की कक्षाओं के विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई करवाई जाए, जिससे एक ओर सरकार द्वारा दिए गए पांच लाख से ज्यादा टेबलेट का भी सदुपयोग हो पाएगा, वहीं दूसरी ओर इन छुट्टियों में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रख पाएंगे। यदि सरकार ने बोर्ड कक्षाएं लगाने की आड़ में परिवार पहचान पत्र जैसे गैर शैक्षणिक कार्यों या विभिन्न प्रकार की विभागीय ट्रेनिंग में प्राध्यापकों को भेजा तो हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) इसका पुरजोर विरोध बहिष्कार करेगा। यह सारांश है आज हसला द्वारा आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक का, जिसमें संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप चौहान जी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक प्रदेश की शिक्षा विभाग में हर वर्ष की भांति शीतकालीन अवकाश घोषित किए गए हैं, किंतु दो दिन पहले जारी किए गए शिक्षा विभाग के आदेशों के अनुसार दसवीं तथा बारहवीं की बोर्ड कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को इस शीतकालीन अवकाश के दौरान 10 बजे से 2 बजे तक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षार्थियों की कक्षाएं लेनी हैं, संगठन ने सरकार को ऑनलाइन कक्षाएं लगाने का सुझाव दिया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रधान ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग का सबसे बड़ा संगठन हसला विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहा है तथा अतिरिक्त कक्षाएं छुट्टियों में कक्षाएं लेने में भी पीछे नहीं रहा है। संगठन को आशंका है कि प्रदेश सरकार तथा शिक्षा विभाग बोर्ड कक्षाओं को शीतकालीन अवकाश के दौरान लगाने की आड़ में स्कूल प्राध्यापकों को परिवार पहचान पत्र जैसे गैर शैक्षणिक कार्यों तथा डाइट की विभिन्न ट्रेनिंग में झोंकना चाहते हैं, जिसका शेड्यूल एक दो रोज में जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में यह जानकारी परिवार पहचान पत्र में ड्यूटी पर लगाए गए प्राध्यापकों के माध्यम से संगठन को प्राप्त हुई है। जिला प्रधान ने कहा कि एक और सरकार तथा विभाग बार-बार नई शिक्षा नीति को प्राथमिकता से हरियाणा में लागू करने की पैरवी करते नहीं थकते, दूसरी ओर इसी नीति में शिक्षकों से किसी भी तरह का गैर शैक्षणिक कार्य से नए लेने के को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन अवकाश प्रदेश व केंद्र सरकार के शैक्षणिक कैलेंडर का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें आपातकालीन स्थिति में ही बदलाव किया जाना चाहिए, गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए नहीं।

उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार ने बोर्ड कक्षाओं को शीतकालीन अवकाश में ऑनलाइन कक्षाएं लगाने तथा गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी न लगाने की मांग को नहीं मांगा तो संगठन गैर शैक्षणिक कार्यों का पूरी तरह बहिष्कार करेगा तथा हर रोज जिला मुख्यालयों पर 2.30 से 5 बजे तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर, सरकार की दोगली, अतार्किक नीतियों को आम जन तक पहुंच जाएगा।

# बिहार पुलिस में रिश्वत देकर भर्ती होने को मांगी फिरौती, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आरोप में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने फिरौती मांगने वाली तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शुभम कुमार(22), सुकेश(24)और सतनारायण(22) है। आरोपी शुभम कुमार फरीदाबाद में सेहतपुर का, आरोपी सुकेश फरीदाबाद की कृष्णा कॉलोनी का तथा सतनारायण नई दिल्ली के मदनपुर का रहने वाला है। तीनों आरोपी मूल रुप से बिहार के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी शुभम को थाना पल्ला के एरिया से 720 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध नशा तस्करी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी गांजे को अपने गांव बिहार से खरीद कर लाया था। इसी दौरान थाना पल्ला में 30 दिसंबर 2022 को एक फिरौती मांगने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। जिसके दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसने फिरौती की वारदात का खुलासा किया। आरोपी सुभम से पूछताछ में सामने आया कि



फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार युवक शुभम,सुकेश और सतनारायण।

आरोपी बिहार पुलिस में रिश्वत देकर भर्ती होना चाहता था। आरोपी ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर रोशन नगर में रहने वाले अपने जानकार से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का प्लान बनाया था। आरोपियों ने फोन के जरिए फिरौती मांगी थी। आवाज पहचान में ना आने के लिए आरोपी सत्यनारायण से फोन कर 10 लाख रुपये की फिरौती मंगवाई थी। आरोपी शुभम पर बिहार में भी चोरी और स्नेचिंग के मामले दर्ज हैं। आरोपी शुभम कुमार और सुकेश कम्प्यूटर का कोर्स करते है और आरोपी सतनारायण मजदूरी का काम करता है। आरोपी सतनारायण को उसके घर से, आरोपी शुभम को थाना पल्ला के क्षेत्र से तथा आरोपी सुकेश को सेहतपुर पल्ला से गिरफ्तार किया है। आरोपी सतनारायण से रोशन नगर में रहने वाले शिकायतकर्ता फिरौती मंगवाने का काम कराया था।

# नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



एनएचपीसी में नव वर्ष के अवसर र आयोजित कार्यक्रम क दीप जल कर शुभांरभ करते अतिथि।

**भारत** की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को एनएचपीसी कार्यालय परिसर, फरीदाबाद में नव वर्ष 2023 का स्वागत करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी/कार्मिक), एनएचपीसी मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में आरपी गोयल, निदेशक (वित्त) एनएचपीसी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और एनएचपीसी के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी/कार्मिक), एनएचपीसी ने अपने संबोधन में सभी एनएचपीसी कार्मिकों को नववर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। चौबे ने कहा कि एनएचपीसी ने विभिन्न मोर्चों पर काफी प्रगति की है तथा उन्होंने नेपाल में 750 मेगावाट वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना और 450 मेगावाट एसआर-6 जलविद्युत परियोजना को हासिल करने सहित एनएचपीसी की वर्तमान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने आगे बताया कि एनएचपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं जैसे 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और 800 मेगावाट पार्वती- जलविद्युत परियोजना में काम बहुत अच्छी गति से चल रहा है। उन्होंने एनएचपीसी के कार्मिकों की कड़ी मेहनत के लिए भी प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ काम करते रहने के लिए कहा। इस दौरान एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों/परियोजनाओं/इकाइयों को भी लाइव वेबकास्टिंग और फेसबुक लाइव के माध्यम से कार्यक्रम से जोड़ा गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कथक केंद्र, नई दिल्ली के कलाकारों की एक भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति थी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नल कनैक्शन पीपीपी आईडी से लिंक कराएं

## शहरी क्षेत्रों के 29568 पेयजल कनेक्शन पीपीपी से लिंक : दीपक

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जल जीवन** मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीमों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता व जल संरक्षण जागरूकता अभियान के साथ-साथ उपभोक्ताओं के पेयजल कनैक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने का कार्य किया जा रहा है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बीआरसीयों के साथ समीक्षा बैठक की। दीपक कुमार ने बताया कि कैथल शहरी क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के विश्वास पोर्टल पर 40 हजार 569 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 5 हजार 371 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 35 हजार 172 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि नोडल अधिकारी कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर 1 कैथल, अरविंद रोहिल्ला के दिशा-निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों के पेयजल कनेक्शनों को



ब्लॉक रिसोर्ट कोऑर्डिनेटर की बैठक लेते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

पीपीपी से लिंक करने का काम शुरू किया गया है। कैथल शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 24 हजार 225 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 3 हजार 55 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 21 हजार 170 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। पुंडरी शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 3 हजार 237 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 373 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 2 हजार 838 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। चीका शहर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर 7 हजार 461 कनेक्शन स्वीकृत है।

# हारने पर ही खिलाड़ी को मिलती है जीत की प्रेरणा



**फरीदाबाद।** जनवरी में जयपुर यूनिर्वसिटी में आयोजित होने वाली नेशनल हॉकी प्रतियोगिता को लेकर हरियाणा साफ्ट हॉकी एसोसिएशन ने ब्याज और गर्ल्स टीम की घोषणा कर दी है, जिसके बाद खिलाडियों ने प्रतियोगिता के लिए तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में अर्शित्ता स्पोर्ट्स एकेडमी सेक्टर-81 फरीदाबाद में अरविंद कुमार, जनरल सेक्रेटरी स्वीटी सिंह और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में हरियाणा सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन के चेयरमैन पारस राय और अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बॉयज सीनियर, गर्ल्स जूनियर, बॉयज जूनियर आदि को हॉकी किट वितरित की और उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह बच्चे भविष्य में अपने खेल की बदौलत न केवल अपना बल्कि अपने परिवारए जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर युवा समाजसेवी पारस राय ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेंले, खेलों को हार-जीत से अलग रखें, क्योंकि एक खिलाड़ी को हारने के बाद ही जीतने की प्रेरणा मिलती है इसलिए हारे हुए खिलाड़ी को कभी हताश नहीं होना चाहिए।

# मानव रचना में महा मृत्युंजय यज्ञ से नववर्ष की शुरूआत

**प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद**

**मानव** रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने एक सप्ताह तक चलने वाले महामृत्युंजय यज्ञ के साथ नए साल की शुरुआत की 7 यह मानव रचना की विरासत और परंपरा का एक अभिन्न अंग है, जिसकी परिकल्पना संस्थापक दूरदर्शी डॉ. ओपी भल्ला ने की थी। यज्ञ हर साल एक नए साल की शुरुआत के लिए आयोजित किया जाता है, और इस बार, यह 27 दिसंबर, 2022 को शुरू किया गया जिसका समापन 2 जनवरी, 2023 को हुआ।

यज्ञ की पूर्णाहुति (समापन) मुख्य अतिथि- न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित, भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश; सत्य भल्ला, मुख्य संरक्षक, एमआरईआई; डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष-एमआरईआई; डॉ. अमित भल्ला, वीपी, एमआरईआई; कुलपतियों, कार्यकारी निदेशकों, संस्थानों के प्रमुखों, प्राचार्यों और निदेशकों की उपस्थिति में आयोजित की गई। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित ने सभी को एक समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, कौशल वृद्धि कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन और वैश्विक शिक्षा प्रदान करके राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को पूरा करना शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है। मानव रचना का पवित्र और निर्देशित तरीके से शिक्षा के विचार का प्रसार करते हुए युवा दिमागों का पोषण करना गर्व की बात है। मानव रचना की दिव्य परंपरा के बारे में बताते हुए, सत्य भल्ला ने कहा, मानव रचना की स्थापना के समय से ही हम सब एक साथ काम कर रहे हैं और हर साल, इस महा मृत्युंजय यज्ञ का आयोजन इस दुनिया में सभी की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए किया जाता है।

दुनिया के लिए शांति, सद्भाव, स्थिरता, जीवन की गुणवत्ता और समृद्धि के प्रतीक के रूप में आज मानव रचना परिसर में एक पीस कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया।



नव वर्ष के अवसर पर मानव रचना कालेज में आयोजित हवन यज्ञ में आहूति डालते हुए।

# लुढ़कते पारे में बढ़ गए गले के संक्रमण के मरीज

**फरीदाबाद।** गले में वायरल इंफेक्शन से इन दिनों अधिकतर लोग पीड़ित हैं। शायद ही ऐसा घर है, जिसका कोई सदस्य सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित नहीं है। इसका मुख्य कारण है-मौसम में बदलाव। मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है।

दिन व रात के तापमान में गिरावट से ब्रोंकाइटिस और लेरिन्जाइटिस के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इस अंतर में संक्रमण फैलाने वाले वायरस और बैक्टीरिया को सक्रिय कर दिया है। लोगों में सबसे ज्यादा गले व सांस की नली का संक्रमण हो रहा है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। मेट्रो अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि गले के संक्रमण से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। लोगों को सांस फूलने की भी शिकायत है। इसमें मरीजों को सर्दी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, कमजोरी और बेचैनी की शिकायत होती है। लेरिन्जाइटिस वॉइस बॉक्स (लेरिंक्स) की सूजन को कहते हैं। यह आमतौर पर एक संक्रमण के कारण होता है।

# संक्षिप्त समाचार

## महराज दर्शनदास चेरीटेबिल ट्रस्ट ने 11 बेड,गद्दे किए डोनेट



बाबा गुरूद्दीता पीएमओ को बेड और गद्दे देते हुए।

**फरीदाबाद।** शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में महाराज दर्शन दास चेरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली की तरफ से 11 बेड और गद्दे डोनेट किए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सदस्य लोकेश ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से सेक्टर-46 में आश्रम कांत दर्शन दरबार चलाया जा रहा है। जिसमें गरीब बच्चियों को ट्यूशन पढ़ाया जाता है। वहीं आश्रम की तरफ से समय समय पर समाजसेवा का कार्य भी किया जाता है। इसी कड़ी में जहां एक तरफ प्रणव कन्या संघ आश्रम में शॉल और किताबें बच्चियों को वितरित की थी। वहीं सोमवार को 11 बैड और गद्दे डोनेट किए। इस मौके पर बाबा गुरूद्दीता ने आकर पीएमओ डॉ. सविता यादव को बैड और गद्दे दिए। पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि यह बिस्तर अस्पताल में बने मुस्कान सेंटर में रखे जाएंगे। इस मौके पर दास हजारी लाल, दास सुबोध, दास राजाराम, दास राजीव, दास धर्मेंद्र के अलावा अस्पताल से डॉ. संजय, डॉ. राजेश धीमन और डॉ. हेमंत अग्रवाल व अन्य चिकित्सक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## परिवार पहचान पत्रों में शुद्धि को और आपरेटर होंगे नियुक्त



**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि मुख्यालय द्वारा परिवार पहचान पत्रों के साथ बीपीएल कार्डों की सुविधा को जोड़ा गया है। बीपीएल कार्डों का लाभ उन्हीं लोगों को दिया जा रहा है जिनकी परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। उन्होंने बताया कि इसी के चलते बड़ी संख्या में लोग अब अपनी आय ठीक करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय स्थित परिवार पहचान पत्र केंद्र का निरीक्षण कर रही थी। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति व समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को परिवार पहचान पत्र में दी गई आय के अनुसार अपात्र माना गया है वह ग्रीवांस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी सरल केंद्रों पर परिवार पहचान पत्रों को ठीक करने की व्यवस्था की जाएगी और इसके लिए अतिरिक्त कंप्यूटर आपरेटरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व सही व्यक्ति को सुविधा का लाभ देना प्रशासन का उद्देश्य है।

## एक शाम बिहारीजी के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** श्री बांके बिहारीं परिवार की और से अग्रवाल पब्लिक स्कूल मैन बाजार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालु गण उमड़ कर आए और शहर के गणमान्य जिसमें बीजेपी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, बिजेंद्र बंसल, दीपक चौधरी, मनोज अग्रवाल व अनेक समाजसेवियों ने सुमधुर भजनों का रसास्वदन किया। चन्द्र जैन केटर्स (विशाल जैन) के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं ने बिहारी रसोई में प्रसादी पाई तथा अष्टसखियों सहित सम्पूर्ण रजनीगंधा के फूल बंगले में विराजमान श्रीबांके बिहारीजी ने श्रद्धालुओं का चित्त ऐसा चुराया, जिसकी व्याख्या सम्भव नहीं है। रामदास बरसाने वालों ने गणेश वंदना के साथ-साथ हनुमान लला की भक्ति का बखान किया तत्पश्चात राजीव शास्त्री (गोविंद की गली वृन्दावन) ने अपनी मधुर वाणी से किशोरी को खूब लाड लड़ाया और अपने शायराना अंदाज से भक्तों का दिल जीत लिया और साथ भैया कृष्ण दास भूटानी ने सुंदर-सुंदर भजनों से भक्तों के अंदर भक्ति देवी जागृत कर दी। सभी भक्तगण उनके सुंदर से भजन मनमोहन तुम्हें रिझाऊं बसा कर तुम्हें नैनन में भक्तों के साथ साथ श्री बांके बिहारी परिवार के सभी सदस्य जिसमें प्रधान विशाल गोयल, मोहित गर्ग, प्रवीण गोयल कोषाध्यक्ष दीपक तायल, आशु, जतिन जिंदल प्रेम प्रकाश शर्मा चाचा वेद प्रकाश सिंगला, राजन जैन, राजकुमार मित्तल, राघव गोयल व इनके साथ साथ महिला मंडल ने भी नृत्य किया। इसमें चांदनी गोयल, कुमारी राधिका मुस्कान, हेमा जैन, आरती, राधा शर्मा की विशेष भूमिका रही। अंत में बिहारी की आरती के साथ छप्पन भोग सभी भक्तों को वितरण किया गया।

## हवन व भंडारे के साथ हुआ रामकथा का समापन



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा श्रीनीलकंठ महादेव मंदिर सेक्टर 8 में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामकथा का समापन यज्ञ हवन व भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी जगत प्रकाश त्यागी ने यज्ञ व हवन की महत्ता के बारे में बताया कि यज्ञ हवन करने से सभी इष्ट देव प्रसन्न होते हैं, सभी मनोकामना पूरी होती है, कष्ट दूर होते हैं वातावरण भी शुद्ध होता है। अत: सभी को अपने घर पर रोजाना यज्ञ हवन करना चाहिए। यज्ञ हवन में कलश यात्रा में भाग लेने वाली मानव परिवार की 141 महिलाओं,अध्यक्ष कैलाश शर्मा, मुख्य संयोजक रांतिदेव गुप्ता, मुख्य यजमान कैलाश चंद शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुधीर चौधरी, प्रबंधक अनूप गुप्ता, चेयरमैन महिला मंडल उषाकिरण शर्मा, राजराठी, सीमा मंगला, सरिता गुप्ता, रमा सरना, संध्या मिश्रा, सुधा गर्ग, कुसुम वशिष्ट, संतोष दहिया, कुसुम बंसल, संयोजक अमर बंसल, संदीप राठी, प्रेम पसरीजा, अरुण आहूजा ने भाग लेकर पूजा अर्चना की और कथा व्यास त्यागीजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। संयोजक मंडल ने कथा के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए प्रबंध समिति नीलकंठ महादेव मंदिर व महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 8 व सभी दानी सज्जनों का आभार प्रकट किया।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में चल रही हैं प्ले स्कूलों की प्रशिक्षण कक्षाएं



**फरीदाबाद। डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्ले स्कूलों की प्रशिक्षण कक्षाएं चल रही है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सीएसआर पार्टनर के तहत प्रशिक्षण में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए टिप्स दिए जा रहे हैं। वेदान्ता फाउण्डेशन की ओएण्डएम पार्टनर ममता और एचआईएमसी एवं एजुकेशन पार्टनर स्ववाचर पाण्डा प्रशिक्षण में दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्ले स्कूलों की कक्षाओं का प्रशिक्षण 02 से 04 जनवरी तक वेदान्ता टीम के द्वारा चलाया जा रहा है । यह प्रशिक्षण जिला के आगनवाड़ी केन्द्रों में बनाए जाने वाले प्ले स्कूल के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# सेंसर बोर्ड की कार्रवाई

## 'पठान' पर चली कैंची

**प्रसून जोशी** के नेतृत्व में सीबीएफसी ने पठान फिल्म के एक गाने पर कैंची चला दी है, हालांकि कुछ लोग इस कार्रवाई की आलोचना कर रहे हैं। केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड-सीबीएफसी ने पठान फिल्म के निर्माताओं को सलाह दी है कि उनको फिल्म में कुछ परिवर्तन करने चाहिए जिसमें उसके गाने भी शामिल हैं। हालांकि, सीबीएफसी का निर्णय फिल्म के बारे में जन-भावनाओं की स्वीकार्यता है, पर कुछ लोग इसे 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' पर हमला मानते हैं। सीबीएफसी ने इस प्रकरण पर दिए अपने बयान में कहा है कि उसका काम अन्य चीजों के साथ ही स्वस्थ परिवेश, मनोरंजन तथा जनता को शिक्षा देना सुनिश्चित करना है। संस्था ने कहा है कि प्रमाणन प्रक्रिया को पारदर्शी व जिम्मेदार बनाया गया है जिससे सीबीएफसी एक उत्कृष्ट केन्द्र बन गया है। यह सब तभी संभव है जब सृजनात्मक स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए और प्रसून जोशी ने एक बयान में कहा है कि उन्होंने इसे सुनिश्चित किया है। लेकिन कुछ आलोचकों का मानना है कि उन्होंने कुछ लोगों की भावनाओं के समक्ष 'समर्पण' कर दिया है और ऐसे लोग कभी रावण के स्वरूप तो कभी दीपिका पादुकोण की ड्रेस के रंग पर सवाल उठाते हैं। पठान फिल्म में लोगों ने उनकी ड्रेस पर सवाल उठाए हैं। प्रसून जोशी ने अपनी तथा सीबीएफसी की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि संस्था 'रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा दर्शकों की संवेदनशीलता के बीच उचित संतुलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।' उन्होंने यह भी कहा कि 'सभी पक्षों के बीच सार्थक संवाद' बना कर विवाद का समाधान निकाला जा सकता है। इस संदर्भ में यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता



है कि पिछले कुछ सालों से 'हिंदुत्व' व 'हिंदुत्ववादी शक्तियों' के उभार के बाद बड़ी संख्या में लोग फिल्मों समेत अन्य माध्यमों में परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से व्यक्त 'हिंदू-विरोधी भावनाओं' का स्पष्ट व मुखर विरोध करते हैं, जबकि पहले ऐसा लगभग नहीं होता था। इस कारण संस्थाओं पर भी दबाव स्वाभाविक है।

हालांकि, जोशी के नेतृत्व में सीबीएफसी की इस प्रकरण में आलोचना भी हो रही है। उनके पूर्ववर्ती सीबीएफसी प्रमुख पहलाज निहलानी ने फिल्म का बचाव किया है। उन्होंने किसी रंग के बारे में निर्देशों की उपस्थिति से इनकार किया है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि यदि अश्लीलता या भोंड़ापन हो तो परिवर्तन के सुझाव दिए जा सकते हैं, पर रंग के कारण दृश्य हटाने का निर्देश अनुचित है। निहलानी अब 'पठान को विवाद का शिकार' बता रहे हैं, पर जब वे सीबीएफसी प्रमुख थे तब उनको भी 'सरकार समर्थक' माना जाता था। जब निहलानी के स्थान पर प्रसून जोशी को अध्यक्ष बनाया गया तो बहुत से लोगों ने इस परिवर्तन का स्वागत किया था जो पहले ही अपने प्रेरणादायक व मधुर गीतों के कारण काफी लोकप्रिय थे। लेकिन अब वही लोग जोशी की निन्दा कर रहे हैं। सीबीएफसी के कामकाज से परिचित निहलानी ने यह आरोप भी लगाया है कि जोशी पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बहुत दबाव डाला है। हो सकता है कि कुछ बुद्धिजीवियों व एक्टिविस्टों पर जन-भावनाओं का ज्यादा प्रभाव न पड़ता हो और वे अपनी काल्पनिक दुनिया में जीवित रहते हों, लेकिन राजनेताओं को अनिवार्य रूप से जन-भावनाओं का ध्यान रखना पड़ता है और वे इससे बच नहीं सकते हैं। हो सकता है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इस बारे में सीबीएफसी प्रमुख को कुछ सुझाव दिए हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में सरकार बनने के बाद से ही उस पर वाम-उदारवादियों व विपक्षी दलों की ओर से अनेक आरोप लगते रहे हैं, लेकिन जनता ने 2019 में बढ़े बहुमत से पुन: मोदी को जनादेश दिया तथा उनकी देश-विदेश में लोकप्रियता का कोई मुकाबला नहीं है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में जनता की इच्छा सर्वोपरि है।

# दुनिया में बढ़ेगा भारत का कद

**कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति भी तेजी से बढ़ी। लेकिन इसके बावजूद भारत वर्ष 2022 बेदाग पार करने में सफल रहा।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



भारत ने पूरे आत्मविश्वास के साथ वर्ष 2023 में प्रवेश किया है। अतीत के कुछ वर्षों ने भारत की दृढ़ता की परीक्षा ली है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। अनेक देश वैश्विक महामारी के कारण सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक समस्याओं से परास्त हो गए। इसके बावजूद भारत मजबूती से डटा रहा। पहले ही दिन से भारत ने प्रमाण-आधारित विज्ञान पर विश्वास किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसके प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखी। वर्ष 2022 में भारत ने अपने जीवन को पूरी तरह सामान्य बना दिया। टीकाकरण अभियान को सफलता मिली। जनता को महामारी काल में अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम व्यवहारों की अच्छी तरह जानकारी थी। स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था को जीवन्त बनाया गया तथा अनेक सुविधाओं का विकास किया गया। इससे लोगों में विश्वास पैदा हुआ और वे अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में वापस लौटे। अत्यधिक विपरीत स्थितियों के बावजूद यह उल्लेखनीय सफलता थी। भारतीय वैज्ञानिकों, स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों व डाक्टरों तथा व्यापक रूप से आम जनता सामूहिक रूप से प्रशंसा के पात्र हैं कि वे प्रभावी रूप से वैश्विक महामारी से निपटने में सफल हुए।

लेकिन जब अर्थव्यवस्था सामान्य हो रही थी तभी रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया जो 10 महीने बीतने के बाद आज भी जारी है। भारत तेल का बड़ा उपभोक्ता है। दुनिया ऊर्जा संकट का शिकार हो गई। कच्चे तेल के दाम 127 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गए। इसके बावजूद भारत संकट से प्रभावी रूप से निपटता रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दृढ़ता दिखाई तथा भारत ने केवल अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखा। यूरोप को यह सोच विरासत में मिली है कि सभी देश उसकी प्राथमिकताओं को महाद्वीप की समस्या समझें। लेकिन भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विश्व मंचों पर शक्तिशाली तर्क दे कर इन देशों को समझा दिया कि वे दुनिया की समस्याओं को संकुचित दृष्टिकोण से न देखें। उन्होंने पूरी दृढ़ता से भारतीय हितों को प्राथमिकता में रखा। इससे पश्चिमी दृष्टिकोण में अंतर्निहित कुछ विरोधाभास भी स्पष्ट रूप से सामने आए। रूस-यूक्रेन युद्ध का तात्कालिक नतीजा कुछ देशों में खाद्य संकट के रूप में सामने आया। भारत ने फिर अवसर के अनुकूल व्यवहार किया। भारतीय गेंहू एक बार फिर उन संकटग्रस्त देशों की सहायता में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ जो रूस-यूक्रेन युद्ध से बुरी तरह प्रभावित थे। दुनिया ने एक बार फिर देखा कि मानवीय संकट के समय सकारात्मक प्रतिक्रिया करने वाला भारत पहला देश है। वैश्विक महामारी के समय भी भारतीय कोविड वैक्सीनों ने अनेक देशों की रक्षा की थी। कैरीबियन द्वीपों से लेकर अफ्रीकी महाद्वीप तथा दक्षिण एशिया में पड़ोसी देशों से लेकर दक्षिण अमेरिकी देशों तक भारत-निर्मित वैक्सीनों ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

इसके साथ ही भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि वह सच्चा मित्र है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था ध्वस्त होने के कारण वहां सरकार के खिलाफ जनता का व्यापक विद्रोह फूट पड़ा। लेकिन भारत ने तत्काल लगभग 4 बिलियन डालर की सहायता से इस द्वीप देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे एक बार फिर स्पष्ट हुआ कि भारत छोटे द्वीप देशों के साथ विकास में साझेदारी चाहता है जो इन देशों की जनता के लिए बहुत लाभदायक है। अनेक देशों ने वैश्विक महामारी के बाद मुद्रा छापने में तेजी दिखाई। भारत में भी अनेक लोग महामारी के कारण पैदा व्यवधानों से निपटने के लिए बड़ी मात्रा में मुद्रा छापने की पैरोकारी कर रहे थे। लेकिन भारत सरकार आर्थिक व्यावहारिकता के मार्ग से पीछे नहीं हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति एक बार फिर सही सिद्ध हुई क्योंकि जिन देशों ने तेजी से मुद्रा छापी थी वे भारी मुद्रास्फीति का शिकार हो गए।

रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ सप्लाई श्रृंखला में आई बाधाओं के कारण पश्चिमी देश भयानक मुद्रास्फीति के शिकार हो गए। वे अभी भी मुद्रास्फीति के प्रभावों से निपटने में सफल नहीं हो सके हैं। हालांकि, भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी, लेकिन भारत इस समस्या से निपटने में सफल रहा। इसका कारण उसके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक आर्थिक नीतियां हैं। इन समस्याओं के बावजूद मोदी सरकार समाज के संकटग्रस्त लोगों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील बनी रही। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न दिए गए। इससे अर्थव्यवस्था में बाधाओं व कठिन परिस्थितियों के बावजूद देश में किसी को भूखा नहीं सोना पड़ा। यह जनता के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता का मजबूत प्रमाण था। भारत के मतदाताओं ने अनेक चुनौतियों की गंभीरता को समझा जिनसे मोदी सरकार सफलतापूर्वक निपट रही थी। जनता ने 2022 में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को इसका पूरा पुरस्कार दिया। पंजाब व हिमाचल प्रदेश को छोड़ कर भाजपा सभी चुनावों में विजय प्राप्त करने में सफल रही। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार पुन: सत्ता में आने में सफल रही। 1980 दशक के बाद पहली बार कोई निवर्तमान सरकार पुन: चुनाव में जीती थी। जनता ने गोवा, उत्तराखंड व मणिपुर में भाजपा सरकारों पर विश्वास प्रकट किया जिससे स्पष्ट हुआ कि 'सत्ता-विरोधी एजेंडा' को जनता का समर्थन नहीं मिला। 2022 में कुछ प्रमुख उपचुनावों में विजय प्राप्त कर भाजपा ने तेलंगाना की राजनीति में भी अपनी धाक जमाई। गुजरात की विजय भाजपा के लिए विशेष है क्योंकि लोगों ने उसके सुशासन पर लंबे समय से सत्ता में रहने के बावजूद विश्वास किया। यहां पार्टी पिछले 27 साल से सत्ता में है। भाजपा के नेतृत्व में भारत ने पहली बार वार्षिक निर्यात में 400 बिलियन डालर का आंकड़ा पार किया। यह एक सर्वाधिक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह महामारी-पश्चात युग में संभव हुआ है, जबकि वैश्विक सप्लाई श्रृंखला का पुनर्गठन हो रहा है। अनेक क्षेत्रों में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने अनेक उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनायें शुरू की हैं। उनका उद्देश्य भारत को कुछ ऐसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है जहां वह आयातों पर निर्भर है। इन नीतियों ने भारत को बहुत अच्छा आर्थिक लाभ दिया है। मोबाइल फोनों तथा एलेक्ट्रानिक वस्तुओं का आयात इन नीतियों के कारण तेजी से बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर तथा दवाओं के लिए एपीआई के उत्पादन में भी मजबूत सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। राज्य सरकारों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए अपनी योजनायें अलग से बनाई हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गुजरात व कर्नाटक को बड़े विदेशी निवेश मिल रहे हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि जल्द ही भारत की आयात पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इन उपलब्धियों से भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और उसने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। कुछ सालों में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश की मजबूत आर्थिक नीव डाली है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अगले कुछ साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत 2047 में जिस समय अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, उस समय वह एक सर्वाधिक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएगा जो समावेशी होगी। भारत ने जी20 की अध्यक्षता के साथ वर्ष 2023 में प्रवेश किया है। भारत पहले से ही वैश्विक दक्षिण की आवाज है। अब भारत सबके लिए उम्मीद की किरण बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'यह युग युद्ध का नहीं है।' उनके इन शब्दों से दुनिया को उम्मीद है कि भारतीय नेतृत्व कुछ अत्यन्त गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए काम कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र विश्व मंच पर आकर्षण का केन्द्र है। भारत विश्व खाद्य सुरक्षा के लिए भी बड़ी उम्मीद है।

2023 में अर्थव्यवस्था व सामाजिक समता में भारत के पास नई ऊंचाइयां छूने की पूरी क्षमता है। अगला वर्ष भारत को ऐसे पायदान पर स्थापित करेगा जहां वे वह विश्व सत्ता केन्द्र में अपना उचित स्थान प्राप्त करेगा। अर्थव्यवस्था की शक्ति भारत को सभी विपरीत स्थितियों से निपटने में सहायक सिद्ध होगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत 2023 में विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

# राहुल के लिए नोटबंदी मुद्दा राफेल जैसा

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक, लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



शीतकालीन अवकाश के बाद कामकाज शुरू होने के पहले ही दिन सुप्रीम कोर्ट ने लगभग छह साल पहले नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा की गई नोटबंदी पर फैसला दे दिया। नोटबंदी को सर्वोच्च न्यायालय ने सही ठहराया और यूं यह फैसला केंद्र सरकार के लिए राहत भरा और विपक्ष खासकर कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी के लिए निजी तौर पर किसी आघात से कम नहीं है। राहुल के लिए नोटबंदी का मुद्दा राफेल जैसा ही साबित होता प्रतीत हो रहा है। राफेल का मुद्दा राहुल के लिए मरा हुआ सांप साबित हुआ जिसे वह गले में लटकाए घूमते रहे।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए कांग्रेस नेता के तीन चार रटे रटाए विषयों में से एक नोटबंदी की आलोचना होता था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी नोटबंदी की आलोचना बंद कर देंगे इसकी संभावना कम ही है। उम्मीद यही है कि वह घुमा फिराकर इस विषय को उठाते रहेंगे। यथार्थ पर कौन सा विषय कहां ठहरता है इससे राहुल गांधी को कोई मतलब नहीं होता है। वह बस एक बार जो बात रटने लगते हैं उससे पीछे हटना उन्हें मंजूर नहीं होता भले ही उनकी आलोचना अपरिपक्व ही क्यों न लगने लगे। उदाहरण के लिए जीएसटी को ले लीजिए। जीएसटी संग्रह रोज नई ऊंचाइयों को छू रहा है लेकिन राहुल गांधी इसकी आलोचना से नहीं अघाते।

नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने विपक्ष के राजनीतिक विमर्श पर फिर सवालिया निशान लगाया है। यूं तो न्यायिक फैसलों को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए लेकिन फिर सवाल यह भी उठता है कि सरकार के नोटबंदी जैसे निर्णयों पर राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सफलता मिलती न देख कर इन्हें न्यायिक समीक्षा के दायरे में लाना कितना सही है ?

उल्लेखनीय है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी का निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया था। कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष इस पर बिफर पड़ा था। अगले साल यानि 2017 की शुरुआत में आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य में विधान सभा चुनाव हुए जिनमें भाजपा ने 403 सदस्यों की विधानसभा में 300 से अधिक सीटें जीत कर सरकार बनाई। मिलकर चुनाव लड़ने पर कांग्रेस को सात व सपा को 47 सीटें मिलीं। और फिर आया 2019 का लोकसभा चुनाव जिसमें जो नोटबंदी लागू करने वाले पर ही जनमत होना था और नतीजा यह रहा कि अकेले भाजपा के लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़कर 303 हो गयी और भाजपा के अपने बहुमत की सरकार और मजबूत फिर से बन गयी। बहरहाल जनता की अदालत के निर्णय कदाचित विपक्ष को संतुष्ट करने के लिए नाकाफी थे और प्राय:



समूचा विपक्ष और मुख्य रूप से कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी को खुश करने के लिए नोटबंदी की आलोचना का बेसुरा राग अलापती रही। और तो और कई बार देश का बजट पेश कर चुके पूर्व मंत्री पी चिदम्बरम तो राजनेता की बजाय वकील की भूमिका में आ गए और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में नोटबंदी के खिलाफ खूब दलीलें रखीं। कोई आश्चर्य नहीं की सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के 4-1 के बहुमत के फैसले के बाद भी चिदम्बरम अपने तर्क को सही ठहराने के लिए अलग मत देने वाली जस्टिस बीवी नागरत्ना के निर्णय का हवाला देते हुए कह रहे हैं कि उनके निर्णय ने नोटबंदी में अवैधता और अनियमितता की ओर इशारा किया है। बात बात पर लोकतंत्र की दुहाई देने वाले चिदम्बरम का यह तर्क लोकतंत्र के मापदंडों पर कितना प्रासंगिक व यथार्थवादी है इसे सहज ही समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी और कांग्रेस राफेल विमान सौदे को लेकर मोदी सरकार पर हमलावर रहते थे और राहुल ने तो अति उत्साह और अति आक्रामकता के वशीभूत होकर % चौकीदार चोर है % जैसा नारा गढ़ दिया था। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया तो राहुल व कांग्रेस के अरमानों पर बिजली सी गिर गयी। बावजूद इसके सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के प्रति बेहद अगम्भीर रुख अपनाते हुए राहुल गांधी ने कुछ ऐसी टिप्पणियां की जिनके लिए उन पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का मामला चला और उनके क्षमा मांगने पर यह मामला समाप्त हुआ। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नोटबंदी के निर्णय पर केंद्र के रुख को सही ठहराए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया कैसी और कितनी सधी हुई होती है।

एक और पहलू पर भी चर्चा जरूरी है। नोटबंदी के फैसले के विरोधी इस निर्णय के विरोध में एक तर्क यह भी देते हैं कि यह निर्णय अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। ऐसे लोगों का तर्क है कि इस फैसले से क्या काला धन वापस आया ? क्या आतंकवाद पर अंकुश लगा ? क्या जाली मुद्रा का समाधान हो गया ?

सरकार के किसी भी फैसले या कानून से उसके उद्देश्यों की समग्र प्राप्ति नहीं की जा सकती। तो क्या फिर समग्र नतीजे न आने की आशा में किसी समस्या के खिलाफ कोई प्रतिरोधात्मक उपाय ही न किया जाए? क्या सरकारें हाथ पर हाथ रख कर बैठी रहें? क्या यह सच नहीं है कि जम्मू कश्मीर में सैन्य बलों पर पत्थर फेंकने की घटनाओं में कमी आई है ? जहां तक जाली मुद्रा की बात है तो एक हद तक उस पर भी अंकुश लगा है। क्या यह सही नहीं है कि नोटबंदी के बाद पिछले छह सालों में भारत में डिजिटल लेन-देन बढ़ा है, और अब यह तेज गति से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है? अलबत्ता यह सर्व विदित है कि जाली मुद्रा के धंधे को पड़ोसी दुश्मन मुल्क पाकिस्तान का संरक्षण प्राप्त है इसलिए यह किसी न किसी रूप में सामने आता रहता है। काला धन को लेकर भले ही वांछित परिणाम सामने नहीं आए लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि काला धन संचय करने वालों के हौसलों को बढ़ाने के लिए उनका समर्थन व नोटबंदी का विरोध किया जाए वह भी तब जब सामान्य नौकरी पेशा मजदूर किसान को इस निर्णय से विरोध न हो। बल्कि चुनाव के माध्यम से उन्होंने इसका समर्थन किया हो।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा और उसके कांग्रेस व अन्य क्षेत्रीय दलों जैसे विरोधियों के बीच आरोप प्रत्यारोप का नया दौर शुरू होगा। शुरू क्या होगा बल्कि शुरू हो भी चुका है। भाजपा ने कांग्रेस पर बिना वजह नोटबंदी को राजनीतिक रूप देने का आरोप लगाया है। और सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट को विपक्ष की हार करार दिया है। भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने तो देश को गुमराह करने के लिए राहुल गांधी से अवलंब माफी मांगने की मांग की है। जबकि उधर कांग्रेस का कहना है कि कोर्ट ने नोटबंदी की प्रक्रिया पर फैसला सुनाया है, परिणाम और प्रभाव पर नहीं। कांग्रेस ने उल्टा पीएम मोदी से माफी मांगने की मांग की है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा अल्प अवधि के विश्राम के बाद जब फिर शुरू होगी तो यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल गांधी नोटबंदी की आलोचना के अपने प्रिय विषय पर किस तरह अपनी भावना अथवा तर्कों का प्रकटीकरण करते हैं। क्या वह इसे तर्कों के किसी नए रूप व आवरण के जरिए सामने लाएंगे या फिर राफेल की तरह यह उनके एजेंडे से बाहर हो जाएगा।

## आप की बात

### अतिक्रमण का कारण

**यूं तो** कुछ शहरों को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर अतिक्रमण की समस्या आम बात है, पर अतिक्रमण का हर जगह एक आधार होता है। प्राय: लोग अपनी दुकान या मकान के आसपास की जगह पर अतिक्रमण करते हैं और उस पर मालिकाना हक़ जताते हैं, परन्तु देश के कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से भगाये गए लोगों को सुनियोजित ढंग से फर्जी दस्तावेज बनवाकर जिस प्रकार बसाने के प्रयास हुए हैं वो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी प्रकार भी सही नहीं हैं। परन्तु जब सरकार हरकत में आती है और इन्हें निकालने के प्रयास करती है तो इनके सहयोगी हाथ में विक्टिम कार्ड लिए दिखाई देते हैं, छोटे बच्चों और महिलाओ को हाथ में तख्ती लिए आगे करने वाले ये लोग मानवीय मूल्यों और भावनात्मक एंगल को पूर्व नियोजित रूप से प्रयोग करने का प्रयास करते हैं, जिससे जनता, सरकार और प्रशासन भली भांति परिचित है। देश की सुरक्षा में किसी प्रकार का भावनात्मक निर्णय नहीं होना चाहिए और इस समस्या का निवारण अविलम्ब करना चाहिए। इस समस्या का निदान जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार समाप्त करने से ही संभव है क्योंकि बिना स्थानीय कर्मचारियों-अधिकारियों व पुलिस की मिलीभगत यह असंभव है।

**मनोज,** मेरठ

### स्टार्टअप की प्रगति

**हाल** ही में संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 5 सालों में भारत में स्टार्टअप की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है। भारत में स्टार्टअप वृद्धि में क्लाउड सेवाओं की भी बहुत अधिक भूमिका दिखी। क्लाउड आधारित सेवाओं में, भारत के सबसे बड़े प्रदाताओं में से एक, अमेज़न वेब सर्विसेज न्यू स्टार्ट अप क्रेडिट प्रदान किया है, जो आकांक्षी स्टार्ट अप को कंप्यूटर, स्टोरेज और होस्टिंग जैसी सुविधाओं को मुफ्त में उपयोग करने की अनुमति प्रदान करता है। अमेरिका और चीन के बाद भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परितंत्र है और इस प्रकार के क्लाउड सेवाओं के लिए सबसे बड़े बाजारों में से भारत एक है और सभी की पसंद भी है। हालांकि अभी स्टार्टअप में विकास की राह में बहुत सारी चुनौतियां हैं। इसके लिए हमारी सरकार ने बहुत सारे अभियान चलाऐ हैं जैसे कि स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार और 'प्रारंभ' शिखर सम्मेलन। हमें भारत में स्टार्टअप के क्षेत्र में और प्रगति करनी होगी और युवा प्रतिभाओं को नए विचार, नवाचार एवं अविष्कार के साथ आने के लिए एक मंच प्रदान करना होगा।

**सुदर्शन सोराड़ी**, उधम सिंह नगर

### सुंदर सपने

**हमने** कई मौकों पर अपने सपनों को टूटते हुए देखा है लेकिन फिर भी हम हर मुसीबत की स्थिति से मजबूत और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। स्वराज के महत्व को समझना चाहिए और इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक रूप से शुरुआत करनी चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी बेहतर भविष्य प्रदान कर सकें। धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हालांकि हम इस सपने तक पहुंचने से बहुत दूर हैं, लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। मैं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के बेहतरीन उद्धरणों पर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं "सपने वो नहीं हैं जिन्हें आप नींद में देखते हैं, बल्कि वो हैं जो आपको सोने नहीं देते।" राजनेताओं को हमेशा पूर्व राष्ट्रपति की सलाह पर खासतौर से अमल करना चाहिए, भले ही उनका संबंध किसी राजनीतिक दल से हो। हमें समझना होगा कि चुनाव जीतने के लिए खैरातों के सपने दिखाना जनता व राष्ट्र के लिए दीर्घकालीन रूप से विनाशकारी होगा।

**डॉ सत्यवान सौरभ,** भिवानी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मोदी** सरकार ने संघशासित क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने के सारे प्रयास किए हैं।
– **अमित शाह**
गृह मंत्री

**ट्विटर** विज्ञान का अनुसरण करता है और हाल में उसने अनेक नए आयाम जोड़े हैं।
– **इलोन मस्क**
ट्विटर प्रमुख





**मैं** विपस्सना ध्यान लगाता हूं जिसका आविष्कार भगवान बुद्ध ने हजारों साल पहले किया था।
– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# विधान परिषद व निकाय चुनावों में विजय संकल्प के साथ कार्य करना है: संतोष

## बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन दो दिन प्रवास के लिए पहुंचे लखनऊ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सोमवार** सुबह अपने दो दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों और जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारियों की बैठकों में संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि सशक्त मंडल-सशक्त बूथ को अपने कार्य का आधार बनाकर पार्टी के विस्तार का कार्य निरन्तर करते रहना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होने वाले विधान परिषद के चुनाव और नगर निकायों के चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य करना है।

बीजेपी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीयों अध्यक्षों, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठकें सोमवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सम्पन्न हुई। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने कहा कि हमारा दल सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, सर्वग्राही है। केन्द्र व राज्य में हमारी सरकार है। भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र में किये गए संकल्पों को पूर्ण करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं व निर्णयों के द्वारा जन जन की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए कार्य कर रही है। ऐसे में हम सब का दायित्व बनता है कि भाजपा सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और योजनाओं का लाभ समाज के हर जरूरतमंद तबके और पात्रों तक पहुंचे। इसके पूर्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प की पूर्णत: में प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना है और वैभवशाली राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना है। उत्तर प्रदेश के परिश्रमी कार्यकर्ता लगातार जीत की नई इबारत लिख रहे है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहे और हम सब पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में सफल होंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। आगामी विधान परिषद चुनाव और नगर निकाय के चुनावों में जनता से सम्पर्क व संवाद और भाजपा सरकार द्वारा किये गए कार्यों के बल पर हम अभूतपूर्व सफलता हासिल करेगें। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने बैठक में कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता विचारधारा के लिए कार्य करता है और उस विचारधारा के मूल में वैभवशाली राष्ट्र निर्माण है। भाजपा का कार्यकर्ता राजनैतिक कार्यकर्ता के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी पूर्ण समर्पण भाव से काम करता है। यही कारण है कि भाजपा कार्यकर्ता का समाज में सतत् सम्पर्क व संवाद रहता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश में पार्टी की जीत का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में विगत दिनों पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में सक्रिय बूथ समिति की संरचना को हमें योजनापूर्वक और सुदृढ़ करने का कार्य करना है।

### नोटबंदी को लेकर विपक्ष द्वारा उठाये गए सवाल निराधार थे: राधा मोहन

**लखनऊ।** बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने सोमवार को सुप्रीमकोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के द्वारा की गई नोटबंदी के ऐतिहासिक फैसले को सही ठहराने का स्वागत करते हुए कहा कि फैसले से यह साबित हो गया है कि सरकार के पास नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार है। नोटबंदी को लेकर विपक्ष द्वारा उठाये गए सवाल निराधार थे। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गैरसंगठित क्षेत्रों की भागेदारी 52 प्रतिशत से घट कर 20 प्रतिशत हो गई। नोटबंदी ने आंतकवाद की कमर तोड़ दी और आंतकियों की फडिंग भी बंद हो गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को नोटबंदी का सही उद्देश्य, सही नीति और एक अच्छी नियत से लागू की थी। मोदी सरकार ने देश में नकली करेंसी टेरर फडिंग और काला धन को समाप्त करने के लिए नोटबंदी की थी। नोटबंदी का उद्देश्य गरीब कल्याण और भारतीय अर्थ व्यवस्था को साफ करना भी था। नोटबंदी से देश की अर्थव्यवस्था में परदर्शिता आई, डिजिटल पेंमेंट करने वालों की संख्या में भारी बढोत्तरी आई है। नोटबंदी के बाद 2.38 लाख फर्जी कम्पनियां पकड़ी गई। भारी मात्रा में बेनामी सम्पत्तियां जब्त हुई।

## राहुल, अखिलेश समेत विपक्ष को देश से मांगनी चाहिए माफी: भूपेंद्र

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार के नोटबंदी के निर्णय को सही ठहराकर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रहित के मुद्दों पर कांग्रेस, सपा, बसपा समेत तमाम विपक्षी दल देश में भ्रम फैलाकर देश को अस्थिर करने का काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव के साथ ही विपक्ष के सभी नेताओं को नोटबंदी के निर्णय का विरोध करने तथा लोगों में भ्रम फैलाने के लिए देश से माफी मांगना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की खण्डपीठ ने नोटबंदी की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को 4-1 के बहुमत से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही विपक्ष द्वारा नोटबंदी के विरोध में देश को गुमराह करने का षडयंत्र भी खारिज हो गया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित में तथा वैभवशाली राष्ट्र निर्माण में दूरगामी परिणाम देने वाले होते है। यही कारण है कि नोटबंदी से आतंकवाद की फडिंग भी खत्म हुई है और आतंकवाद की जड़ें भी हिल गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में बिचौलिया संस्कृति को प्रोत्साहित किया। नोटबंदी से कांग्रेस जनित बिचौलिया संस्कृति समाप्त होकर गरीब कल्याणकारी योजनाओं से फर्जीवाड़ा समाप्त हुआ और यही कांग्रेस के विरोध का मूल कारण था।

## जनभागीदारी के साथ यूपी में जी-20 सम्मेलन संपन्न कराने के निर्देश

● ऐसे आयोजनों की बनाएं रूपरेखा जिसमें जनता की हो अधिक से अधिक भागीदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में फरवरी से अगस्त तक अलग अलग दिवसों में होने वाले जी-20 सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गयी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जी 20 सम्मेलन के सभी आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि सभी आयोजनों में आम जनमानस खासकर बच्चों और युवाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। इस वर्ष भारत में आयोजित हो रहे दुनिया के 20 दिग्गज देशों के समूह जी20 के कई महत्वपूर्ण सम्मेलन देश के अलग अलग शहरों में आयोजित हो रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में तकरीबन एक दर्जन कार्यक्रमों का आयोजन होना है। वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित हो रहे जी20 सम्मेलन में प्रदेश के बच्चों और युवाओं को खासतौर पर शामिल किया जाएगा। जी 20 सम्मेलन में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 13 बिंदुओं पर विशेष तौर पर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। इनमें जी.20 स्वच्छता प्रतिस्पर्धा, चौराहों को जी 20 के आधार पर तैयार करना, जी 20 के आधार पर स्मारकों की साज सज्जा, पुस्तक मेला, नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम, क्राफ्ट्स मेला, जी 20 मैरॉथन, जी 20 स्पोर्ट्स लीग, योगा चैलेंज, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में विषयगत संगोष्ठियां, निबंध और स्लोगन राइटिंग के अलावा सोशल मीडिया पर प्रचार.प्रसार को प्रमुखता से करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि स्कूलों, कॉलेजों में बच्चों को जी 20 सम्मेलन के बारे में विस्तार से बताया जाए। वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव और जी 20 के उद्देश्यों से बच्चों को परिचित कराया जाए। साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य से भी बच्चों और युवाओं को परिचित कराते हुएए उनसे इस विषय पर रचनात्मक कार्य कराए जाएं।

### ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम का हो व्यापक प्रचार प्रसार

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वसुधैव कुटुम्बकम और एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के ध्येय के साथ आयोजित हो रहे जी 20 सम्मेलन को लेकर शहरों को विशेष तौर पर सजाया संवारा जाए। खासकर उन शहरों पर विशेष फोकस रखा जाएए जहां जहां अलग अलग दिवसों पर जी 20 सम्मेलन से जुड़े आयोजन होने हैं। इनमें लखनऊ, आगरा, वाराणसी और ग्रेटर नोएडा में सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरों में ज्यादा से ज्यादा जगहों पर जी 20 के लोगो और ध्येय वाक्य का प्रदर्शन किया जाए। साथ ही ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्व के स्थानों और इमारतों पर जी 20 सम्मेलन को प्रदर्शित करने वाले लोगो और ध्येय वाक्य को सुंदर ढंग से सजाया जाए। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों का भी सौंदर्यीकरण करते हुए जी 20 के लोगो, झंडे आदि लगाए जाएं। यही नहीं जी-20 आयोजन वाले शहरों में मौजूद पर्यटन स्थलों पर ऑडियो.विजुअल माध्यम से सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही नगरों में प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाए जिसमें जी 20 सम्मेलन की मूल भावना का प्रचारप्रसार अधिक से अधिक हो सके।

**सफल रहा टीम योगी का प्रयास**

## यूएई से 18590 करोड़ रुपये के एमओयू हुए साइन

● प्रदेश में रोजगार के 20 हजार से ज्यादा अवसर होंगे सृजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश लाने की योगी सरकार की मुहिम रंग ला रही है। विदेश दौरों पर गई टीम योगी को मिले लेटर ऑफ इंटेंट फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेटर्स समिट से पहले ही एमओयू में तब्दील होने लगे हैं। अकेले सयुंक्त अरब अमीरात यूएई से मिले 18590 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरते दिखाई दे रहे हैं। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में यूएई गई टीम योगी ने वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ थानी बिन अहमद अल ज़ायौदी से मुलाकात की थी। इस दौरान यूएई में हुए विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 21622 करोड़ रुपये के 25 लेटर ऑफ इंटेंट मिले थे। इनमें से 6 कम्पनियों और प्रदेश सरकार के बीच 18590 करोड़ रुपये के एमओयू साइन हो चुके हैं। इससे प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं बाकी बची 19 कम्पनियों से एमओयू साइन होने की प्रक्रिया चल रही है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में आस्था ग्रीन एनर्जी वेंचर तथा श्री सिद्धार्थ इन्फ्राटेक एंड सर्विसेस क्रमशः 4480 और 8000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इन दोनों कम्पनियों का उत्तर प्रदेश सरकार से एमओयू हो चुका है। इससे 2560 एवं 4800 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लॉजिस्टिक पार्क सेक्टर में शरफ ग्रुप और हिंदुस्तान पोर्ट निवेश करेंगी। ये कम्पनियां प्रदेश में क्रमशः 1300 और 210 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे 1500 एवं 1000 रोजगार उपलब्ध होंगे। रिटेल और फूड प्रोसेसिंग में लुलु ग्रुप 4500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इससे 10000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं शोभा रियलटी शिक्षा और सीएसआर में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 250 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले 16 देशों की यात्रा करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की आठ टीमों को अब तक 7.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का सबसे बड़ा हिस्सा यूनाइटेड किंगडम यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका यूएसए से प्राप्त हुआ है।

## भाजपा ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। नौजवानों के लिए नौकरी रोजगार नहीं है। देश में रोजगार लगातार घट रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से उद्योगधंधे बंद हो रहे है। केन्द्र में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। नोटबंदी और जीएसटी ने उद्योग व्यापार और छोटे उद्योगधंधो को भी चौपट कर दिया है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण दिसम्बर महीने में देश में बेरोजगारी की दर बढ़कर 8.30 फीसदी हो गयी है। जो पिछले 16 माह में सबसे ज्यादा है। सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी ने जो आकंड़े जारी किए हैं उसके अनुसार बेरोजगारी की दर इससे पहले 8 फीसदी थी। देश में शहरी बेरोजगारी की दर 8.96 फीसदी से बढ़कर 10.89 फीसदी हो गयी है। संतकबीर नगर में अकेले 50 से अधिक पावरलूम कारखाने बंद हो गए हैं। पिछले एक वर्ष से सूत के दामों में हो रही वृद्धि से लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। घाटे में डूबे बुनकर आत्महत्या करने को मजबूर हैं। भाजपा सरकार रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय दूसरे मुद्दों में उलझाएं रखने का प्रयास करती है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने नौजवानों किसानों व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए। भाजपा का हर साल 2 करोड़ नौकरी और कालाधन वापसी के बाद 15.15 लाख रूपये देने का वादा जुमला था। भाजपा सरकार से आम जनता और नौजवानों का भरोसा उठ गया है।

### अखिलेश ने राहुल को दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** दो दिन पहले तक कांग्रेस पार्टी को भाजपा के समान बताने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर 'भारत जोड़ो यात्रा' में आमंत्रण दिए जाने के लिए धन्यवाद दिया साथ ही 'भारत जोड़ो' की मुहित की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। अखिलेश ने पत्र के माध्यम से कहा कि भारत भौगोलिक विस्तार से अधिक एक भाव है, जिसमें प्रेम, अहिंसा, करुणा, सहयोग और सौहार्द ही वो सकारात्मक तत्व है, जो भारत को जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आशा है ये यात्रा हमारे देश की इसी समावेशी संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी।

## यूपी में आज प्रवेश करेगी भारत जोड़ो यात्रा

**लखनऊ।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है जो गाजियाबाद से आरंभ हो रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के साधु-संतों एवं महंतों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से निमंत्रण भेजा गया था। अयोध्या से अनेक साधु संत और महंत भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। इसके साथ ही तमाम संतो-महंतों ने यात्रा के लिए विभिन्न माध्यमों से अपने शुभाशीर्वचन यात्रा और राहुल गांधी को प्रेषित किया है। शुभकामना संदेश भेजने वाले प्रमुख संतों-महंतों में प्रमुख रूप से पूज्यनीय आचार्य सत्येंद्र दास मुख्य अर्चक श्री राम जन्मभूमि अयोध्या, महंत दिव्य कला परमार्थ कला, महंत जनमेजय शरण, जानकी घाट अयोध्या, महंत करुणानिधान शरण झुनकी घाट अयोध्या, महंत मैथिली रमण सरल लक्ष्मण किला आदि सम्मिलित हैं।

## अंसारी को दोषी करार देने के उच्च न्यायालय के फैसले पर शीर्ष अदालत ने लगाई अंतरिम रोक

**भाष।** नई दिल्ली/ लखनऊ



**उच्चतम** न्यायालय ने पिस्तौल तानकर एक जेलर को धमकाने के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को दोषी करार देने तथा सात साल कारावास की सजा सुनाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अंसारी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति गवई ने राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद से कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले में कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि अंसारी को बरी करने का निचली अदालत का आदेश कानून के प्रतिकूल था। उन्होंने कहा, यह स्थापित कानून है कि निचली अदालत के बरी करने के आदेश में हस्तक्षेप करते समय अपीलीय अदालत को कहना होता है कि निचली अदालत का फैसला कानून के विपरीत है। हमें उच्च न्यायालय के फैसले में यह नजर नहीं आया।

अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि शिकायतकर्ता और किसी भी गवाह ने घटना की पुष्टि नहीं की, लेकिन उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के बरी करने के आदेश में हस्तक्षेप किया और अंसारी को कथित अपराध के लिए दोषी करार देकर सजा सुनाई। पीठ ने कहा कि वह अंसारी की याचिका पर राज्य सरकार के जवाब को देखना चाहेगी और उसके बाद ही अंतिम आदेश सुनाएगी। अंसारी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ के पिछले साल 21 सितंबर के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया गया था।

न्यायालय ने जेलर को जान से मारने की धमकी देने के मामले में अंसारी को 37 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई थी। मामले के मुताबिक, 2003 में लखनऊ के तत्कालीन जेलर एसके अवस्थी ने आलमबाग थाने में अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि जेल में मुख्तार अंसारी से मिलने आए लोगों की तलाशी लेने का आदेश देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। अवस्थी ने यह भी आरोप लगाया था कि अंसारी ने उनसे गाली-गलौज करते हुए उन पर पिस्तौल भी तान दी थी। इस मामले में निचली अदालत ने अंसारी को बरी कर दिया था, जिसके खिलाफ सरकार ने अपील दाखिल की थी।

**यूपी पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी का दिखा असर, नव वर्ष पर नहीं हुई कोई अप्रिय घटना**

## अयोध्या, वाराणसी व मथुरा में 40 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट देव के किए दर्शन

● सीएम ने टीम 9 की बैठक में पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेशवासियों** ने हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत किया। प्रदेश में लोगों ने पार्क, मॉल, क्लब में अपने परिवार और दोस्तों के साथ जमकर इंज्वाय किया। वहीं धार्मिक स्थलों पर भी लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। यह संभव हो पाया उत्तर प्रदेश पुलिस की सक्रियता से। पुलिस की मुस्तैदी का ही असर रहा है कि नव वर्ष और क्रिमसम के सेलिब्रेशन में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नही घटी। साथ ही सड़कों और धार्मिक नगरी वाराणसी, मथुरा, अयोध्या में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से दो चार नहीं होना पड़ा। यह योगी सरकार में ही संभव हो सकता है जहां पर पर्व शांति पूर्वक धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में यूपी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को क्रिसमस और नव वर्ष पर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का निर्देश दिया था ताकि प्रदेशवासी शांति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ पर्व को मना सकें जिसके बाद पूरा अमला हरकत में आया गया। प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीएम योगी के निर्देश पर पहली बार पीएएसी के जवानों की भी सेवा ली गई। वहीं इंटेलीजेंस भी अलर्ट मोड पर रहा। नव वर्ष को देखते हुए यूपी पुलिस ने पहले ही प्रदेश में अशांति फैलाने वाले अराजकतत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई शुरू कर दी थी जिसकी वजह से प्रदेश में पूरी तरह से शांति रही। आंकड़ों के अनुसार नव वर्ष पर अयोध्या, मथुरा और वाराणसी में 40 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपने ईष्ट के दर्शन किए और जन कल्याण की कामना की।

### साल के पहले दिन आस्था का उमड़ा जनसैलाब, लाखों लोगों ने किए दर्शन

**नव** वर्ष पर रामलला के दर्शन के लिए पहली पाली में सुबह सात बजे से 11.30 बजे तक 39 हजार से अधिक व दूसरी पाली दोपहर में दो बजे से सात बजे तक 68 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। वहीं कुल 10 लाख लोगों ने राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन पूजन किया जबकि मथुरा 25 लाख से यादा श्रद्धालु पहुंचे। यहां मथुरा, वृंदावन, राधा कुंड, गोवर्धन, बरसाना आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर ठाकुर से जन कल्याण के लिए मंगल कामना की। वहीं श्री बांके बिहारी मंदिर में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन किए। लाखों श्रद्धालुओं ने गोवर्धन में गिरिराज की परिक्रमा भी लगाई। उधर नए साल के पहले दिन बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बाबा विश्वनाथ की एक झलक पाने के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। मंगला आरती के पश्चात जैसे ही बाबा का पट आम दर्शनार्थियों के लिए खुला वैसे ही हर हर महादेव और ओम नम: शिवाय के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में टीम 9 की बैठक की। बैठक में सीएम ने क्रिसमस और नव वर्ष पर प्रदेश में शांति व्यवस्था रहने और पुलिस प्रशासन के साथ प्रशासन की मुस्तैदी से प्रदेश में कोई अप्रिय घटना न होने पर बधाई दी। सीएम ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से ही प्रदेश में क्रिसमस और नववर्ष के उल्लास के बीच सभी जिलों में शान्ति और सौहार्द का माहौल रहा। सुदृढ़ कानून व्यवस्था के कारण लोगों ने सपरिवार निश्चिंत होकर इन विशिष्ट अवसरों का आनंद लिया। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सुरक्षा का यह माहौल आगे भी बना रहे इसके लिए पुलिस और प्रशासन को हमेशा तत्पर रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज माघ मेले में कल्पवासियों और साधु-संतों की भावनाओं और आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य हो। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतोंए को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया जाए।

## संगठन को हर बूथ स्तर तक पहुंचा कर ही हमें विश्राम करना है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कैम्प** कार्यालय पर आयोजित अपना दल एस की मासिक बैठक एवं नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को नंबर वन बनने का मंत्र दिया। उन्होंने पंक्तियों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि बिना रुके, बिना थके, बस आगे बढ़ते जाना है, वंचितों और शोषितों की, उम्मीद का दीया जलाना है। तीसरे से संतोष नहीं, 2023 में अपना दल को नंबर 1 बनाना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2022 में पार्टी को कुछ उपलब्धियां मिलींए लेकिन उससे हमें संतोष नहीं करना है। 2023 में भी अपना दल के लिए इतिहास में कुछ नया दर्ज होना चाहिए ऐसा संकल्प लेकर हमें यहां से जाना है। श्रीमती पटेल ने निकाय चुनाव पर उठे मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि निकाय चुनाव को लेकर अपना दल एस की तैयारी पूरी है जब भी चुनाव होंगे, हम उसमें पूरी दमदारी के साथ प्रतिभाग करेंगे। सहयोगी दल होने के नाते हमलोगों की बातचीत चल रही है। चुनाव की घोषणा से पहले तस्वीर साफ हो जाएगी। श्रीमती पटेल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों जगह मंथन चल रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में कुछ सकारात्मक कदम उठाया है। पिछड़ों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पिछड़ों के सम्मान के लिए जो भी कदम उठाना पड़ेगा पार्टी उसे उठाएगी।

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों की घोषणा शुरू हो गई है। मंचों के प्रदेश अध्यक्षों की एक सूची जारी कर दी गई है।

# सांसद राजेश की माता पंचतत्व में हुई विलीन, अन्तिम दर्शन में उमड़ा सैलाब

**संवाददाता।** सीतापुर

● **माना जा रहा है 88 वर्षीय सुधा वर्मा को पड़ा हार्टअटैक**

● **मंत्री, विधायक, ब्लाक प्रमुखो सहित भाजपा व अन्य दल के नेताओं ने किया अन्तिम दर्षन**

**नववर्ष** पर जब समूचा क्षेत्र जष्न मना रहा था तब नगर तंबौर सहित आसपास का इलाका और भाजपा कार्यकर्ता उस समय शोक में डूब गए जब अचानक सीतापुर से भाजपा सांसद राजेष वर्मा की माता सुधा की मौत की खबर सामने आयी। 88 वर्षीया सुधा देवी की शनिवार को अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें पहले सीएचसी तंबौर ले जाया गया यहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय सीतापुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यहां से उनके पार्थिव शरीर को निजनिवास नगर तंबौर के मोहल्ला ठकुरन टोला ले जाया गया। बता दें कि सांसद राजेष वर्मा मेंहदीपुर बाला दर्षन के लिए जा रहे थे रास्ते में जब उन्हें मां के निधन की खबर मिली वहीं से वह वापस हो लिए। निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका अन्तिम संस्कार नगर स्थित फार्महाउस पर किया गया। मुखग्नि उनके इकलौते बेटे सांसद राजेष वर्मा ने दी। अन्तिम संस्कार में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, विधायक रामकृष्ण भार्गव, कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा, रामहेत भारती, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, विश्राम सागर राठौर, शिवकुमार गुप्ता, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी, नीरज झल्लर, राजू जैन, अनुपम वर्मा, अमरीश गुप्ता , मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, अमर बाजपेई, संजय कुशवाहा, पीयूष मौर्या, अनिल सिंह, उमाशंकर वर्मा, परमेश्वर भार्गव, एडवोकेट नीरज पाण्डेय, ललित श्रीवास्तव चंचल, रामजीवन जायसवाल, हसीन खां, सागर गुप्ता, गप्पू भईया, नीलू चौधरी, जिला प्रचारक विकास, पूर्व विधायक रामपाल यादव, हाजी जलीस अंसारी, झब्बन बेग आदि लोग भी शामिल हुए।

## कोटेदारों ने बैठक में सुनाई समस्याएं, समस्याओं को किया गया दर्ज

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा

**संवाददाता।** सीतापुर

**कोटेदारों** की समस्याओं को लेकर एक बैठक जिला संगठन मुख्य कार्यालय पर हुई, बैठक में आदर्ष कोटेदार एंव उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएषन का कमलेष कुमार मिश्र को प्रदेष अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उनका स्वागत किया गया। दूर दूर से आए कोटेदारों ने अपनी समस्याएं रखी। कई समस्याओं का निस्तारण भी मौके पर किया गया। कोटेदारों ने बैठक कर नवनियुक्त प्रदेष अध्यक्ष का स्वागत व अभिनंदन किया। अपेक्षा की कि प्रदेष अध्यक्ष उनकी समस्याओं का समाधान कराएंगे। इस मौके पर कोटेदार एंव जिलाध्यक्ष अरविन्द शुक्ल, सहरिस्त फातिमा, अतुल गुप्ता, अशोक त्रिपाठी, वीरेन्द्र कुमार, गजेन्द्र षुक्ला, उत्तम मिश्रा, केषव सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे। स्वागत समारोह आयोजक अरविन्द शुक्ल व सहरिस्त फातिमा ने पायनियर को जानकारी दी।

## युवती के ई-रिक्षा चालक पर चप्पल चलाने का

**संवाददाता।** सीतापुर

**सोशल** मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को गौर से देखिए, किस तरीके से एक युवती हाथ में चप्पल लेकर ई-रिक्षा चालक को पीटने पर आमादा हो रही है और साथ में मौजूद महिला उसे समझाने और ऑटो चालक के बीच बराव करने में लगी हुई है। इतना ही नहीं ई-रिक्षा चालक अपनी बात समझाकर बचने का प्रयास भी करता दिखाई दे रहा है लेकिन युवती के तेवर ढीले होने का नाम ही नहीं हो रहे है। भारी ठंड के बीच गरमा-गर्मी का यह सोषल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो हाइवे पर स्थित सीतापुर के जलालपुर चौराहे का बताया जा रहा है जहां पर मामला क्या है यह तो साफ नहीं हो रहा लेकिन युवती चीखते हुए बार-बार ई-रिक्षा चालक को मारने का प्रयास करती दिखाई दे रही है जिसका वीडियों तेजी से सोषल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# नए साल के पहले दिन अपराधियों को कमरतोड़ संदेश, एक सैकड़ा से अधिक पर हुई कार्रवाई

**संवाददाता।** सीतापुर

● **एसपी घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर थानों की पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

● **अपराधियों पर केस दर्ज कर नए साल के पहले दिन अपराध संख्या की हुई शुरूआत**

● **117 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई, होगी सम्पत्ति जब्त**

**सीतापुर** पुलिस का नए साल के पहले दिन अपराधियों को कमरतोड़ संदेश, सीतापुर पुलिस के थानों पर नए साल के पहले दिन प्रथम अपराध संख्या की शुरूआत पेशेवर शातिर अपराधियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर हुई है। पुलिस की कार्रवाई का जब आगाज ऐसा है तो अंजाम कैसा होगा। यह अपराधी ही जान सकते है। जनपद में 2023 नए साल के प्रथम दिन गैंगेस्टर एक्ट के 30 अभियोग पंजीकृत हुए, जिसके जरिए 117 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की गई। जिन अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की उनमें लूट से सम्बन्धित तीन मामले चोरी नकबजनी से सम्बन्धित 41, अवैध शस्त्र से सम्बन्धित 13, अवैध शराब से सम्बन्धित 15, गोकशी से सम्बन्धित 18, हत्या से सम्बन्धित 6, महिला अपराध से सम्बन्धि 12 और धोखाधड़ी से सम्बन्धित 9 अपराधी शामिल है। पुलिस के मुताबिक इन अपराधियों का लम्बा अपराधिक इतिहास है। यह कार्रवाई सीतापुर के पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान के निर्देश पर थानों की पुलिस ने की। मीडियासेल की ओर से इस आशय की जानकारी दी गई। अब पुलिस इन अभियुक्तों द्वारा अपराध से अर्जित की गई सम्पत्ति का पता लगाकर गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्रवाई करेगी।

# पीडी भारतीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ मिशन साहसी कार्यक्रम

**संवाददाता।** मोहम्मदी.खीरी

**नगर** मोहम्मदी के पी डी भारतीय इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से चलाए जाए देश व्यापी अभियान मिशन साहसी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसका संचालन रामानंद मिश्रा और कुशाग्र अग्निहोत्री ने किया। इस कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल रस्तोगी मुख्य वक्ता के रूप में कन्हैया लाल शास्त्री ;हिंदी प्रवक्ताद्ध युग निर्माण कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता वर्माए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के ललित शुक्ला जी जिला लखीमपुर खीरी से वक्ता के रूप में ज्योति वाजपेई उपस्थित रहीं। मंच पर उपस्थित सभी अथितियो ने



अपने वाक्यों से छात्राओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल तिवारी और सक्रिय कार्यकर्ता कुशवाहा अग्निहोत्री घनश्याम पाठक लकी श्रीवास्तव वंश गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोरोना की संभावित लहर से निपटने को प्रशिक्षित किए जाएंगे स्वास्थ्यकर्मी

● **खुद और परीवारीजन को बचाने के साथ ही मरीजों के बेहतर उपचार का मिलेगा प्रशिक्षण**

● **स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने की रूपरेखा हुई तैयार**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**कोरोना** की संभावित लहर से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर अधिकारियों ने एक योजना बनाई है। जिसके तहत स्टाफनर्सए वार्ड बॉय व सफाई कर्मियों सहित अन्य संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी है। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाना है।

एमसीएच के सीएमएस डॉण् अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कर्मियों को खुद को सुरक्षित रखने के साथ ही अपने परिवारीजन को बचाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें इस बात की भी ट्रेनिंग दी जाएगी कि वह आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भी कोविड से कैसे बचाया जाएए इसका भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आज एक बैठक कर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जल्दी ही प्रशिक्षण शुरू कराया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को हाथ धुलनेए ग्लव्ज पहनने और उतारनेए सेनीटाइजर के उपयोग की विधिए इलाज में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के रखरखाव आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में जिला पुरुष चिकित्सालय सीएमएस डॉण् हर्षवर्धन का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

एमसीएच विंग 200 शैय्या चिकित्सालय के सीएमएस डॉण् अविनाश चंद्र श्रीवास्त ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड.19 के सम्भावित मरीजोंए गंभीर और अति गंभीर मरीजों का उपचार करने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करने के लिए हुई बैठक में चेस्ट फिजिशयन डॉण् आईके रामचंदानीए एमसीएच विंग फार्मासिस्ट नीरज शुक्लाए जिला चिकित्सालय एनसीडी काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव शामिल रहे।

**विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे प्रशिक्षणः** एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड.19 के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण चार दिन चलेगा। जिसमें 30.30 स्वास्थ कर्मियों के बैच बनाकर उन्हें संभावित कोविड के दौरान मरीजों को बेहतर इलाज का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जिले के सीएचसी और पीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

# जरूरतमंदों की मदद में बहुत आगे हैं श्रीराम



**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**शैलेंद्र** का लिखा गीत किसी की मुस्कराहटों पर हो निसारए किसी का दर्द मिल सके तो ले उधारण्ण्समाजसेवी श्रीराम सिंह के जीवन का फिट बैठता है। इस बात को कई जगहों पर अपने संबोधन में स्वीकार भी किया है। हर गरीब और जरूरतमंदों के लिए उनके दिल में केवल प्यार नहीं हैए बल्कि दर्द है। वह किसी को परेशानी में नहीं देख सकते। उनका अधिकांश समय दूसरों का दर्द दूर करने में ही निकलता है। पिछले 20 सालों में शायद ही कोई दिन निकला होए जब उन्होंने किसी मदद न की हो। दूसरों की मदद और सहयोग का जुनून समय के साथ बढ़ता चला गया। गौशाला में मवेशियों के लिए खानपान चाहे इन्सानों की जरूरत की चीज़ वो हमेशा मदद करते रहते हैं इच्छा बस इतनी सी है कि अपनी संपत्ति से गरीबों के लिए कुछ मदद की जा सके। इसी क्रम में ठंड शुरू होते ही श्री राम सिंह ने ठंड से ठिठुरते गरीबए असहाय व निर्धन लोगों के बीच पहुंचे अपने साथियों के साथ जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को अचानक कंबल मिला तो वे खुश हो गए और सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। समाजसेवी श्रीराम सिंह ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्य जारी रहेगा। कड़ाके की ठंड में जिस गरीब के पास तन ढकने के लिए ढंग के कपड़े न होंए उनके लिए कम्बल वरदान के समान है। उन्होंने सभी जिम्मेदार नागरिकों को आगे आकर ऐसे लोगों की मदद करने को कहा। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का कोई दायरा नहीं होता और आप अपने आसपास ही ऐसे लोगों को तलाश सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करके काफी आत्मसंतुष्टि मिलती हैए क्योंकि साधन संपन्न लोग अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं। लेकिन गरीब तबके को एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। समय.समय पर जनमानस के कल्याण के लिए कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं। ये कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचेंए इसके लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

# बरेली में मनोहर भूषण में सजेगा दस दिवसीय गांधी शिल्प बाजार

● **देश भर के हल्पशिल्पी हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ लगायेंगे स्टाल**

**संवाददाता।** बरेली

**शहर** के मनोहर भूषण इंटर कालेज में 2 से 11 जनवरी तक गांधी शिल्प बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के हल्पशिल्पी अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ स्टाल लगा रहे हैं। इनमें कपड़ों से लेकर, जूते-जूती, ज्वैलरी, साड़ी, रजाई आदि उत्पाद प्रमुख रहेंगे।यह बाजार प्रतापगढ़ की उपकार समिति की ओर से भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजक एवं उपकार समिति की प्रबंधक रमा मिश्रा ने बताया कि 10 दिवसीय इस गांधी शिल्प बाजार में देश भर के हस्तशिल्पी अपने-अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ भाग लेकर स्टाल लगाएंगे। बाजार में विभिन्न उत्पादों के साथ 100 से ज्यादा हस्तशिल्पी भाग लेंगे। इन उत्पादों में तात साड़ी, स्टोन, ज्वैलरी, जयपुरी रजाई, सिल्वर ज्वैलरी, टैराकोट ज्वैलरी, राजस्थानी जूती, गुजरात की साड़ी पैच, पश्चिम बंगाल का कांधा, लाख की चूड़ी, हैदराबादी मोती, वर्क चादरें, सोफा, चमड़े का सामान, आंध्र प्रदेश की ज्वैलरी, मध्यम प्रदेश की चंदौरी साड़ी, फुलवारी एवं पंजाब के जूते आदि प्रमुख हैं।आयोजक रमा मिश्रा ने बताया कि यह गांधी शिल्प बाजार हस्तशिल्प एवं हस्तशिल्पियों के प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

## 25 हजार के गैंगेस्टर एक्ट इनामियां को पुलिस ने धर-दबोचा

**सीतापुर।** सीतापुर की पुलिस लगातार अपराधियों पर कार्रवाई करते नजर आ रही है, इसी को लेकर 25 हजार का गैंगेस्टर एक्ट के इनामियां अभियुक्त को पुलिस ने धर-दबोचा है। अभियुक्त के पास से एक अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद हुई है। एसपी के निर्देश पर एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने लहरपुर सीओ सुजीत दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया था जिसके चलते थाना मानपुर पुलिस टीम ने 25 हजार के इनामियां गैंगेस्टर रमेश पुत्र जंगलीदास ग्राम इब्राहिमपुर थाना तंबौर को धर दबोचा है।

# दो मोटरसाइकिल टकराई,युवक की मौत

**संवाददाता।** बरेली

**दो** मोटरसाइकिलों की टक्कर मे घायल एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाही थाने के गांव चकदाह भगौतीपुर निवासी 28 वर्षीय खुर्शीद पुत्र निसार की कल शाम दुनका पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि खुर्शीद एक दर्जी की दुकान पर काम करता था और कल शाम को अपने किसी काम से दुनका गया था वहां से घर वापस लौटते समय दुनका पुल पर उसकी बाइक को सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिससे खुर्शीद और बाइक चला रहा युवक घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा लेकिन खुर्शीद को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक की पत्नी का नाम नसीम है वह दो बच्चों का पिता था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पेज एक का शेष--

## नोटबंदी की......

शीर्ष न्यायालय का फैसला 58 याचिकाओं पर आया है जिसमें एक याचिका मुख्य याचिकाकर्ता विवेक नारायण शर्मा ने दायर कर नोटबंदी की कवायद को चुनौती दी थी। पीठ में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि केंद्र के कहने पर सभी सीरीज के नोटों को चलन से बाहर कर देना एक गंभीर मुद्दा है, जिसका अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। न्यायालय ने कहा कि आठ नवंबर 2016 को जारी अधिसूचना को अतार्किक नहीं कहा जा सकता और निर्णय लेने की प्रक्रिया के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि निर्णय का इसके उद्देश्यों से तार्किक संबंध था, जैसा कि काला धन, आतंकवाद को वित्तपोषण आदि का उन्मूलन करना आदि, तथा यह प्रासंगिक नहीं है कि वे लक्ष्य हासिल हुए या नहीं।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने के लिए 52 दिनों का समय दिया गया था और इसे अब नहीं बढ़ाया जा सकता। पीठ ने कहा, आरबीआई अधिनियम की धारा 26 की उप-धारा 2 के तहत केंद्र के पास उपलब्ध शक्तियां बस यहीं तक सीमित नहीं की जा सकतीं कि इसका उपयोग नोटों की केवल एक या कुछ सीरीज के लिए किया जा सकता है और सभी सीरीज के नोटों के लिए नहीं। पीठ ने 382 पृष्ठों के बहुमत वाले फैसले में कहा, महज इसलिए कि पहले भी दो बार नोटबंदी की कवायद विधान के जरिए की गई, यह नहीं कहा जा सकता कि इस तरह की शक्ति केंद्र सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। न्यायालय ने कहा कि आरबीआई अधिनियम की धारा 26(2) में यह प्रावधान है कि इस तरह की शक्ति का उपयोग आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की सिफारिश पर किया जाएगा और इस तरह इसे रद्द नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि उक्त अधिसूचना से जुड़ी निर्णय लेने की प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण नहीं थी और यह इस सिलसिले में उपलब्ध कराए गए आधार पर रद्द नहीं की जा सकती। उसने कहा कि नोटों की अदला-बदली के लिए उपलब्ध कराई गई अवधि को अतार्किक नहीं कहा जा सकता। पीठ ने कहा कि न्यायालय उस परिस्थिति में विवेकाधिकार वाली शक्तियों को रद्द कर सकता है, जब लक्ष्य और उसे हासिल करने के साधन के बीच कोई तार्किक संबंध नहीं हो। न्यायालय ने कहा, अधिसूचना में उपलब्ध कराई गई अवधि को अतार्किक नहीं कहा जा सकता। निर्धारित अवधि के आगे, चलन से बाहर किए गए नोटों को स्वीकार करने की आरबीआई के पास स्वतंत्र शक्ति नहीं है। हम रजिस्ट्री को विषय को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देते हैं ताकि इसे उपयुक्त पीठ के समक्ष रखा जा सके। पूरी कवायद में केंद्र द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जब नोटबंदी पर फैसला लिया था, तब उसके समक्ष सभी संबद्ध कारकों को विचार के लिए रखा गया था। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलील खारिज करते हुए कहा, हमारा मानना है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में संबद्ध कारकों पर विचार नहीं किए जाने की दलील बगैर ठोस आधार के हैं। पीठ ने यह दलील भी खारिज कर दी कि आठ नवंबर 2016 को आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में कोरम पूरा नहीं हुआ था। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश की आर्थिक व मौद्रिक नीतियों के बारे में अंतिम फैसला केंद्र सरकार को लेना होगा। पीठ ने कहा, हालांकि, इस तरह के विषयों में, इसे आरबीआई की विशेषज्ञ सलाह पर निर्भर होना पड़ेगा। मौजूदा मामले जैसे विषय में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि आरबीआई और केंद्र सरकार अलग-अलग कार्य करेंगे। न्यायालय ने नोटबंदी के दौरान लोगों के सामने आईं परेशानियों के मुद्दे पर कहा कि यदि उक्त अधिसूचना का संबंध हासिल किए जाने वाले लक्ष्यों से था, तब महज इसलिए कि कुछ नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, इसे कानूनन गलत ठहराने के लिए यह आधार नहीं हो सकता। पीठ ने कहा, निर्णय लेने की प्रक्रिया पर भी इस आधार पर सवाल उठाए गए कि यह जल्दबाजी में पूरी की गई। हमने पाया कि यह दलील नोटबंदी के उद्देश्य के प्रति विनाशकारी होगी। इस तरह के कदम बेशक अत्यधिक गोपनीयता और तेजी से उठाए जाने की जरूरत होती है।

## 14 घंटे.......

नेताओं और स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि यदि अधिकारियों ने वीडीसी के हथियार वापस नहीं लिए होते तो घटना टाली जा सकती थी। ग्राम सरपंच दीपक कुमार ने कहा कि यह पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से सुरक्षा में गंभीर चूक है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। प्रशासन को कड़े कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने रविवार को मारे गए लोगों के शवों के साथ प्रदर्शन किए और उन्हें डांगरी चौक पर रख दिया। उन्होंने उपराज्यपाल से उनसे मिलने आने की मांग की ताकि वे उनके समक्ष अपनी मांगें रख सकें। यदि वह नहीं आए तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उनसे मिलने आने तक शवों की अंत्येष्टि नहीं करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को समझाया। उन्होंने कहा कि आईईडी(विस्फोटक उपकरण) विस्फोट का मकसद स्थानीय लोगों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बनाना था, जो जल्दी ही वहां पहुंचने वाले थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना में मारे गए नागरिकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कीटीम ने भी गांव पहुंच जांच की। प्रदर्शनकारी लोगों से बात करते हुए दिलबाग सिंह ने कहा कि ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) को फिर हथियारों से लैस किया जाएगा। उनसे कोई बंदूकें वापस नहीं ली जाएंगी। यदि कुछ बंदूकें ले ली गई हैं तो वे (वीडीसी को) लौटा दी जाएंगी तथा जरूरत पड़ने पर और बंदूकें उपलब्ध कराई जाएंगी। जम्मू में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मिशन स्टेटहुड, शिवसेना और डोगरा फ्रंट ने प्रदर्शन किए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू कश्मीर इकाई के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानपरिषद सदस्य विबोध गुप्ता ने आरोप लगाया कि वीडीसी की 60 प्रतिशत बंदूकें वापस ले ली गई हैं।

## मालेगांव धमाका.....

अभिनव भारत में काम करने की अनुमति नहीं दी गई थी। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता (पुरोहित) को कथित संगठन के लिए कोष जमा करने और उसकी गैर कानूनी गतिविधियों के लिए हथियार व विस्फोटक खरीदने के लिए उक्त धन वितरित करने की भी अनुमति नहीं दी गई थी। मौजूदा अपराध में अपीलकर्ता मुख्य साजिशकर्ता है। अदालत ने कहा कि पुरोहित ने सक्रिय रूप से अन्य आरोपियों के साथ हिस्सा लिया और गैर कानूनी गतिविधि की आपराधिक साजिश रचने के लिए बैठकें आयोजित की। सेवारत सैन्य अधिकारी पुरोहित ने इस आधार पर आरोप मुक्त करने का अनुरोध किया था कि उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर अभिनव भारत की बैठकों में हिस्सा लिया जिसमें मालेगांव धमाके की साजिश रची गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने पुरोहित की अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए कथित अपराध का उनके सरकारी कर्तव्य से कोई लेना देना नहीं है। गौरतलब है कि 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में मस्जिद के पास मोटरसाइकिल में छिपाकर रखे गए विस्फोटक में हुए धमाके से छह लोगों की मौत हो गई थी और करीब 100 अन्य लोग घायल हुए थे। महाराष्ट्र के नासिक जिला स्थित मालेगांव सांप्रादायिक रूप से संवेदनशील शहर है। महाराष्ट्र पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक हमले में इस्तेमाल मोटरसाइकिल ठाकुर के नाम पंजीकृत थी जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई। इस मामले की जांच बाद में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अपने हाथ में ली और इस समय सभी आरोपी जमानत पर हैं।

## पंजाब-हरियाणा.....

दस्ते की मदद से बम को एक ड्रम में रखा गया है और बालू के बोरों से ढक दिया गया है। सेना के अधिकारी अब इसकी पड़ताल करेंगे। कोहली ने कहा कि किसी कबाड़ विक्रेता द्वारा इसे यहां फेंकने की संभावना है। पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एके पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह एक गोला है, जो चल नहीं पाया। उन्होंने कहा कि इस इलाके में अनेक कबाड़ विक्रेता हैं। यह इलाका (पंजाब के) मुख्यमंत्री के आवास से करीब ढाई किलोमीटर दूर है। ऐसा नहीं लगता कि किसी ने बम लगाया है। चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनीषा चौधरी ने कहा कि चंडीगढ़ पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने मौके का निरीक्षण किया है और मिली वस्तु की जांच की है। इस वस्तु को सुरक्षित तरीके से अलग कर लिया गया है और हमने चंडीमंदिर में सेना के अधिकारियों को सूचित कर दिया है। चौधरी ने कहा कि सेना के अधिकारी ही बता पाएंगे कि यह वस्तु किस प्रकार की है। उन्होंने कहा कि आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे और पता लगाया जाएगा कि यह यहां कैसे पहुंचा।

## कंझावाला घटना.....

इस घटना से उनका सिर शर्म से झुक गया। उन्होंने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की एवं प्रत्येक पहलू से घटना की जांच के आदेश दिए। वहीं, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने ट्वीट किया, बाहरी दिल्ली के कंझावला इलाके में सड़क पर युवती की मृत्यु का मामला दुखद है। पांचों मुख्य आरोपियों को पकड़ लिया गया है। इस वक्त हमारी कई टीम घटना की जांच में लगी हैं। दिल्ली पुलिस मृतका के घर वालों से लगातार संपर्क में है। उन्हें हर तरह की सहायता प्रदान कर रही है। जांच में पाए गए तथ्यों के अनुरूप आरोपियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर मिसाल बनाएंगे, जिससे ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। इस मामले में सुल्तानपुरी थाने की पुलिस ने दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्णन (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पांच आरोपियों को सोमवार को अदालत ने तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन महानगर दंडाधिकारी अजय सिंह परिहार ने तीन दिन में पूछताछ पूरी करने के लिए कहा। इस बीच, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) में एक मेडिकल बोर्ड की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने विशेष आयुक्त शालिनी सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया और उनसे जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा।

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण दिलाने को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** बरेली

**निकाय** चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम सिंह मौर्य के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया।जिला अध्यक्ष राम सिंह मौर्य ने बताया नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करके आयोग बनाकर सर्वे करवा कर आरक्षण लागू करना था। लेकिन जान बूझकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ऐसा गड़बड़ आरक्षण किया कि हाईकोर्ट ने उनके आरक्षण को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने यह तक कह दिया कि, ष्अगर आप प्रक्रियाओं का पालन करते हैं तो आरक्षण में ओबीसी को उनका हक मिलेगा और अगर बगैर प्रक्रिया के आरक्षण व्यवस्था लागू की तो बिना आरक्षण के ही चुनाव करा दो।ष् आम आदमी पार्टी साफतौर पर मानना है कि यह गड़बड़ी जानबूझकर की गई है। इसके लिए जो भी अधिकारी और सरकार के लोग जिम्मेदार है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।इस नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने जानबूझकर सर्वे में गड़बड़ी कराई इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया है। अगर सरकार ने संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निकाय चुनाव मे का आरक्षण लागू नहीं किया तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़े स्तर का आंदोलन करेगी।

# जूम मीटिंग करके डीएम ने की कार्यों की समीक्षा

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग संबंधी पेंशन, आधार प्रमाणीकरण, विधवा पेंशन आदि एवं गौशाला तथा शीतलहर के सम्बंध में जूम मीटिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। बैठक में समस्त उप जिला अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं नगर पालिका द्वारा वर्चुअल मीट के माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 प्रज्ञा शंकर द्वारा बताया गया कि वृद्धा पेंशन में सबसे ज्यादा सत्यापन हेतु फार्म तहसील स्तर पर सबसे ज्यादा एसडीएम अकबरपुर, रसूलाबाद, भोगनीपुर, डेरापुर, मैथा तथा कुल लंबित 1143 इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर सबसे ज्यादा अकबरपुर, अमरौधा, रसूलाबाद, सरवनखेड़ा, मलासा, राजपुर, संदलपुर तथा कुल लंबित आवेदन 10495 है, इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजनान्तर्गत सबसे ज्यादा लंबित आवेदन अकबरपुर, सिकन्दरा, रसूलाबाद, डेरापुर तथा कुल 1206 है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र लंबित आवेदन पत्रों को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कन्या सुमंगला योजना में लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं में पात्र लाभार्थियों के लंबित आवेदन पत्रों के सत्यापन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शीघ्र लाभार्थी को लाभ पहुंचाये। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग अधिकारी द्वारा बताया गया कि शादी अनुदान योजना पहले बन्द कर दी गयी थी तथा अब पुन: संचालित हो गयी है, इस योजना हेतु बजट भी आवंटित हो गया है तथा सभी तहसील स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र सत्यापन कर उपलब्ध करा दिये जाये जिससे कि लाभार्थी को लाभ मिल सके। इस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर पर कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर उपलब्ध कराये। तदोपरान्त जिलाधिकारी द्वारा गौशाला के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, ईओ आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि निराश्रित गौवंशों को शीघ्र गौलाओं में संरक्षित करें, जहां अस्थाई गौशाला का निर्माण कार्य चल रहा है उसे शीघ्र पूर्ण करें, सभी गौवंशों को हरा चारा, पानी, चूनी, चोकर आदि अवश्य उपलब्ध कराये। शीतलहर के चलते सभी गौशालाओं में गौवंशों को ठंड से बचाने हेतु सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं दुरस्त करें, सभी पशु चिकित्साधिकारी अपनी-अपनी गौशालाओं में भ्रमण कर गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा शीतलहर के चलते समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र लाभार्थियों को कंबल अवश्य उपलब्ध करायें तथा अलाव सभी चिन्हित स्थलों पर अवश्य जलाये जाये, किसी प्रकार की किसी को दिक्कत न होने पाये, रैन बसेरा में सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करायें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सीवीओ डा0 देवकी नन्दन लावनिया आदि अधिकारीगण व समस्त पशु चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 10 आंगनवाड़ियों का मानदेय रोकने की नोटिस

**रसूलाबाद। कानपुर देहात।** आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं द्वारा पोषण टेकर पर सभी फीडिंग न किए जाने से उनका मानदेय रोकने की संस्तुति की गई। विभाग की कार्रवाई से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों में हड़कंप मच गया। रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र की 10 आंगनवाडी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नोटिस जारी करते हुए उनका मानदेय रोका गया। उक्त बाबत सीडीपीओ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मनावा की राधा देवी, भगवंतपुर रामायण श्री, मालकापुरवा सुनीता देवी, ढकपुरवा मधु, इंदिरानगर नीतू, करियावर ऊषा देवी, डूडा महुआ ऊषा, नेहरू नगर मिथलेश, तिश्ती रेशमा बानो, डभारी की आरती देवी को नोटिस जारी कर उनका मानदेय रोका गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं द्वारा पोषण ट्रेकर ऐप पर आधार वेरीफाइड, वजन, लंबाई, ऊंचाई, टीएचआर, होम विजिट, समुदाय गतिविधि न करने के कारण मानदेय रोका गया।

# रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती पर केवीके ने किया कार्यशाला का आयोजन

**● कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए किया प्रेरित ● जैविक पद्धति से उत्पादित मूली एवं पालक का किया गया प्रदर्शन**


उत्पाद दिखाते विशेषज्ञ।

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां द्वारा प्राकृतिक खेती परियोजना अंतर्गत विकासखंड स्तर पर रसायन मुक्त खेती पर कृषक कार्यशाला का आयोजन उचेहरा विकासखंड में किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अखिलेश जागरे ने कृषकों को रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती के महत्व एवं वीजामृत, तरल जीवामृत, घन जीवामृत, जैव कीटनाशक (नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं अग्नियास्त्र) कैसे बनाएं इस पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला में उचेहरा विकास खंड के कृषकों द्वारा जैविक पद्धति से उत्पादित मूली एवं पालक का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केवीके के वैज्ञानिक डॉ अजय चौरसिया द्वारा कृषकों को एग्री ड्रोन तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किसानों को बताया कि कैसे हम ड्रोन का उपयोग करके कम समय में अधिक क्षेत्र में दवाई का स्प्रे कर सकते हैं। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी ने कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही सरकारी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ विकास अधिकारी विजय कुमार त्रिपाठी ने सबका आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार प्रजापति आर्या परियोजना सहायक एवं उचेहरा विकासखंड के ग्रामीण विस्तार अधिकारी के साथ उपरोक्त कार्यक्रम में 165 कृषकों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मारपीट में युवक घायल, रेफर

**रसूलाबाद। कानपुर देहात।** क्रिकेट खेलने को लेकर युवकों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक को कानपुर हैलट रिफर कर दिया गया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताजपुर गांव के रहने वाले धीरज पुत्र सूरजपाल ने पुलिस को बताया कि उनका भाई नीरज गांव के पास क्रिकेट खेल रहा था। जहां क्रिकेट खेलते समय कुछ विवाद हुआ। जिसके बाद गांव के गोरेलाल,मानसिंह, बृजेश व उसकी पत्नी उसके घर पर लाठी-डंडे से लैस होकर आए और उसके भाई को बेरहमी से मारा पीटा। जिससे उसका भाई नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से नीरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां कोतवाल अंजनी कुमार मिश्रा की मौजूदगी में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हैलट रिफर किया। वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जंगल में लकड़ी काटने गई महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या

**राठ( हमीरपुर)।** जंगल में लकड़ी काटने गई महिला का शव अर्धनग्न अवस्था व लहूलुहान हालात मिलने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, सीओ पीके सिंह व डॉग स्कायड टीम ने जांच पड़ताल की। पति ने दुष्कर्म के बाद गला घोंट कर पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतका का फाइल

मझगवां थाने के झिन्ना वीरा गांव निवासी कालीचरन की पत्नी प्रेम देवी(35) रविवार को शाम गांव के बगल मे स्थित सिकरौधा के जंगल में लकड़की काटने गयी थी जब वह देर रात तक नही लौटी तो परिवारजनों ने उसे खोजना शुरु किया मगर उसका कही पता नही लगा। आज सोमवार को दोपहर जब गांव का धनपत जंगल की ओर जा रहा था तभी महिला की खून से लथपथ लाश पायी गयी उसने परिवारी जनों को जानकारी दी मृतका के पति कालीचरन रैकवार ने आरोप लगाया कि पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे पहले जंगल में घसीटा गया है। फिर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी गई है। जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार राठ सीओ पीके सिंह के साथ मौके पर पहुंच कर डांग स्क्रायड टीम के साथ जांच पड़ताल की। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# कड़ाके की ठंड के बाद भी न्यू ईयर जश्न में डूबे रहे लोग

संवाददाता। पुखरायां/रसूलाबाद कानपुर देहात


अमरौधा में केक काटकर न्यू ईयर का मनाती छात्राएं

**कड़ाके** की ठंड के बाद भी दूसरे सोमवार को क्षेत्र में न्यू ईयर का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षण संस्थाओं में छात्र/छात्राओं ने अपने गुरूजनों के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। शिक्षण कक्षाओं को सजाकर केक काटा गया। वहीं जगह-जगह युवक और युवतियां गानों की धुनों पर झूमते हुए नजर आए तो अपनी सुख समृद्धि की खातिर श्रृद्धावान लोगों ने मंदिरों में मत्था टेका। समाजसेवियों ने ठंड से निजात दिलाने के लिए चाय भी वितरित की।

पुखरायां क्षेत्र में नववर्ष के जश्न में लोग डूबे हुए नजर आए। सबसे ज्यादा उत्साह नन्हे-मुन्ने बच्चों में देखने को मिला। रास्ते और सड़क पर न्यू ईयर की थीम और आकृतियां उकेरी। गुब्बारे और झालरों से सजावट करके आतिशबाजी की गई। रसूलाबाद नगर पंचायत में राजू राठौर ने अमरौधा में प्रदीप बाजपेयी ने चाय वितरित की। अमरौधा के बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। छात्राओं ने सुंदर-सुंदर गीत प्रस्तुत किए।

वहीं विद्यालय के शिक्षक अवनीश शुक्ल ने खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न कराईं। कक्षा-12 की छात्राओं ने शिक्षण कक्ष को सजाकर केक काटकर पार्टी करायी। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने काटा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिंदगी का एक और साल 2022 ढल गया है। लेकिन शिक्षक विनीत कुमार वाजपेयी, पुष्पेंद्र कुमार पांडेय, नंदलाल, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, शारिक अली, प्रदीप कुमार, सभासद विकास कुमार, बृजेंद्र कुमार निगम भी मौजूद रहे। अमरौधा कस्बे के कालेश्वर मंदिर, मूसानगर की मुक्तादेवी समेत धार्मिक स्थलों पर श्रृद्धावान लोगों ने दर्शन कर साल 2023 में सुख समृद्धि की मन्नत मांगी। दस्य राजू राठौर ने अपने हाथों से चाय वितरित की और उनको नए साल की बधाई दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से शाहनवाज कुरैशी, अशोक राठौर, कमल नैयर, दिलीप कुमार आदि लोग रहे।

## क्विक न्यूज

### साल के दूसरे दिन पुलिस ने बरामद की भारी मात्रा में शराब

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने साल के पहले दिन भारी मात्रा में शराब बरामद कर आठ लोगों के कब्जे से 70 लीटर महुआ शराब व 40 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव की टीम ने सुनीता पत्नी राजाराम निवासी बूढासेमरवार के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद की। इसी क्रम में चौकी सीतापुर प्रभारी प्रवीण सिंह की टीम ने लल्लू आरख पुत्र चुनकावन निवासी शिवरामपुर तिराहा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद की। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह की टीम ने अशोक कुमार उर्फ राजा पुत्र नत्थू निवासी गजटा ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद कर चालान किया। मऊ थाने के दरोगा बालकिशन की टीम ने पप्पू राम पुत्र भइयालाल निवासी बेलहा के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया। चौकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने रमेश रैदास पुत्र मुन्ना रैदास निवासी गढा कछार मजरा गढचपा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर चालान किया। मारकुण्डी थाने के थानाध्यक्ष अनिल कुमार की टीम ने लोकल कोल पुत्र भइयालाल निवासी टिकरिया के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

### राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के लिए हुआ रीता का चयन

**चित्रकूट।** नगर की सामाजिक संस्था दृष्टि के इतिहास में एक और अध्याय जुड़ गया। जिसमें संस्था की तरफसे रीता यादव का चयन दृष्टिबाधितों की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के लिए हुआ। संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने उसे विशेष प्रशिक्षण के लिए बंगलोर भेजते समय बताया कि विगत 14 नवम्बर को दृष्टि संस्था की महिला क्रिकेट टीम का गठन किया गया। जिसके 5 दिवसीय प्रशिक्षण के लिये भोपाल से 5 सदस्यीय टीम आयी। 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन जिलाधिकारी ने किया था। उसके बाद दृष्टि की टीम राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए 3 दिवसीय टूर्नामेंट खेलने जबलपुर गयी। वहाँ पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर रीता यादव का चयन राष्ट्रीय टीम के लिए किया गया। इस अवसर पर पूरे दृष्टि परिवार ने रीता को अपनी बधाइयाँ देते हुए जोर शोर से बंगलौर के लिए विदा किया।

### कोल्ड स्टोरेज के लिए उद्यमियों से लें आवेदनः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के जिला स्तर पर आनलाइन पंजीकृत उद्यमियों के अनुमोदन की बाबत बैठक में कहा कि इस योजना के तहत विता पोषण भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने 60-40 फीसदी का अनुपात किया है। योजना के पहले वर्ष में चाहे जितना खर्च हो राज्य सरकार व केन्द्र सरकार वहन करेगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि भारत सरकार ने देशभर में क्षेत्र की असंगठित छोटी खाद्य इकाइयों को उद्योग आधार देने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर अभियान के तहत सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना चलाई है। पांच वर्षों में देश के दो लाख सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के उन्नयन का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश को 37805 सूक्ष्म उद्योगों को लाभान्वित करना है। जिले में 155 का लक्ष्य मिला है।

### डकैती का खुलासा किया था अठारह घंटे में

**हमीरपुर।** एक सप्ताह पहले सदर वाजार में पड़ी डकैती का तुंरत खुलासा करने के बाद आज नगर उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक का सम्मान करने के साथ साथ हमीरपुर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले अली ज्वैलर्स की दुकान से चार बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाने के बाद सर्राफा की दुकान में लाखों रुपये की लूटपाट की थी,इसके 18 घंटे बाद हमीरपुर पुलिस ने लूटपाट का खुलासा कर दिया था,इससे व्यापारियों ने पुलिस का धन्यवाद किया था आज स्थानीय सब्जी मंडी में नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धीरु गुप्ता की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल व अन्य पुलिस कर्मियों का स्वागत किया इसी के साथ साथ हमीरपुर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष असद खान गोलू का भी सम्मान किया गया। वही आज क्लब के अध्यक्ष गोलू पठान की अगुवाई में पत्रकारों ने एसपी,एएसपी, सीओ से मिलकर नये साल के उपलक्ष में मुबारकबाद दिया। इस मौके पर क्लब के सभी वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

### ब्रिगेंड की बैठक सम्पन्न

**मौदहा (हमीरपुर)।** योगी आदित्यनाथ युवा ब्रिगेड की बैठक जिलाध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मौदहा ईकाई का गठन किया गया। बैठक में शामिल पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सुनील त्रिपाठी ने संगठन के कार्यों, उद्देश्यों एवं विभिन्न नीतियों पर व्यापक चर्चा की तथा संगठन का मौदहा ईकाई का विस्तार करते हुए ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र निषाद निवासी पढ़ोरी को तथा तहसील प्रभारी जीतेंद्र तिवारी सिसोलर, अल्पसंख्यक मोर्चा तहसील प्रभारी सफीरूद्दीन तथा तहसील संगठन मंत्री की जिम्मेदारी तेज प्रताप एवं रवि कुमार को तहसील का प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपकर सभी पदाधिकारियों से संगठन हित में उत्कृष्ट कार्य करने की उम्मीद जताई है। इस दौरान शिवप्रसाद तिवारी एडवोकेट, सुशील कुमार एडवोकेट तथा अभिमन्यु सिंह को तहसील संगठन प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुशांत पाण्डेय, वीर सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### ठंड से वृद्धा की हालत खराब

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा के ग्राम टिमरुआ मैं ठंड से 60 वर्षीय वृद्धा की हालत खराब हो गई। ईएमटी प्रमोद ने महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। गांव वालों ने असहाय महिला की कोई मदद नहीं की। प्रमोद ने बताया कि ठंड के कारण महिला नाम पता तक नहीं बता सकी।

### परिजनों की पिटाई

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ के नगला कटेरिया निवासी फारुखशाह ने पिटाई करने वाले गांव के हमलावर शौकत अली की पत्नी सरोजए सर्वेंद्र किशन वह उसकी मां मीरा देवी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी फारुख शाह की भाभी रजिया के बेटे आफताब की पिटाई कर रहे थे जब फारुख शाह बचाने गए तो उनकी भी पिटाई की गई।

### विश्वस्तरीय सुविधा से सजेंगे वाहन

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्करमोटर ने अपनी नई इनोवा हाईक्रॉस की बहुप्रतीक्षित कीमतों की घोषणा की। टोयोटा का नया वाहन रुपये 18,30,000 से 28,97,000 रुपये एक्स शोरूम तक के मूल्य वर्ग में उपलब्ध है। टोयोटा की ओर से इस बिल्कुल नई पेशकश का अनावरण नवंबर 2022 में किया गया था और तभी बुकिंग शुरू की गई थी। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर पर आधारित यह नवीनतम पेशकश टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ताए स्थायित्व और विश्वसनीयता पर खरी उतरती है और उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित है। विविधतापूर्ण इनोवा हाईक्रॉस अपने ग्लैमर कोटेंट, उन्नत तकनीक, आराम के साथ-साथ सुरक्षा और ड्राइव करने के रोमांच के कारण हर अवसर के लिए एक बिल्कुल उपयुक्त वाहन है। इस प्रकार अकेले या दोस्तों और परिवार के साथ यात्रा करने के लिए उपयुक्त है। अतुल सूद एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंगए टीकेएम ने कहा कि इनोवा हाइक्रॉस की पेशकश भारत में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम वास्तव में देश भर से प्राप्त जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं।

# भव्य नौका दौड़ प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं केन जल आरती का भव्य आयोजन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में रविवार 01 जनवरी को 2023 नव वर्ष के दिन आजादी के अमृत महोत्सव केन स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बताते चले कि कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बांदा में पहली बार नौका दौड़ अर्थात नौका प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गयाए इस मौके पर बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया जिसमें गंगा को सुरक्षित रखने तथा स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया तत्पश्चात केन जल की महा आरती कार्यक्रम किया गया। आपको बताते चले कि इस कार्यक्रम का आयोजन तथा व्यवस्थाएं जिला गंगा समिति एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदीए जिलाधिकारी दीपा रंजनए मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्यए प्रभागीय वनाधिकारी बांदा संजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी गणों की प्रमुख उपस्थिति रही।

आपको बता दे इस मौके पर नौका प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वालों को प्रथम स्थान पर महेश पाल समूह को मिक्सी एवं शील्ड देकर और दूसरे स्थान वाले जगदेव समूह को सीलिंग फैन एवं शील्ड तथा तीसरे स्थान मोहनलाल समूह को रूम हीटर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य नदी किनारे रहने वालों को पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु तथा नदियों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# नये साल के जश्न के दौरान हुए बिवाद में दूधिये की हत्या

**● स्टेट हाइवे किनारे लाही के खेत में मिला शव**

संवाददाता। घाटमपुर

**मूसानगर रोड** पर स्थित एक धर्म कांआ के निकट स्टेट हाइवे किनारे लाही के खेत में अधेड़ की शव पड़ा मिला है, कोतवाली की पुलिस जाजपुर चौकी क्षेत्र के गांव राहा निवासी खेत मालिक शमशेर गुप्ता की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राम बाबू सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे तथा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करायी बाद में उसकी पहिचान गांव जैतीपुर निवासी बीरेन्द्र (49) के रुप में हुई है। फोरेन्सिक टीम भी मौके पर पंहुची और घटना से संवंन्धित साक्ष्य जुटाये, उधर पुलिस ने ढ़ाबा के कर्मचारियों के अलावा अन्य संदिग्दों को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। मृतक के भतीजे सुमित ने पुलिस को बताया कि उसकी चाची की बीते कई साल पहले मौत हो चुकी है तथा चाचा बीरेन्द्र ढ़ाबे में दूध देने के काम के साथ ही अपनी 19 वर्षीय बेटी के साथ रहते थे। रबिवार सुबह घर से दूध लेकर गये थे लेकिन शांम को वापस नही लौटे, सोमवार दोपहर मूसानगर रोड के किनारे लाही के खेत में शव पड़ा होने की सूचाना पर वो मौके पर गया और उनकी पहिचान की, शरीर पर चोट के निशान व शव के पास ही दूध की बोतल व साइकिल पड़ी मिली, कोतवाली प्रभारी रामबाबू सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है, एडीसीपी अंकिता शर्मा भी मौके पर गयीं और घटना के बावत जानकारी कर जल्द खुलाशे का आदेश दिया।


बिलखते परिजन

## अतिरिक्त दहेज की मांग कर विवाहिता को अबोध बच्चे के साथ ससुराल से भगाया

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी सविता उर्फ मोहिनी पुत्री आज्ञाराम सक्सेना ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी फरवरी 2021 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवेक सिंघल पुत्र कमल सिंघल निवासी आर 238 उत्तम नगर बानी बिहार थाना बिंदापुर नई दिल्ली के साथ हुई थी। पीड़िता का कहना है कि उसके पिता ने अपनी श्रद्धा और हैसियत के मुताबिक शादी में खर्च करते हुए दहेज भी दिया था। किंतु शादी के कुछ समय बाद उसके ससुर कमल सिंघल, सांस अनीता सिंघल, ननंद साक्षी सिंघल और खुद उसका पति चौपहिया आवाहन तथा 200000 नकद अतिरिक्त दहेज के रूप में मांग करने लगे। मेरे द्वारा पिता की आर्थिक स्थिति ऐसी ना होने की बात कहकर अतिरिक्त दहेज न मांगने का अपने ससुराली जनों सेअनुरोध किया। तो यह सभी नाराज हो गए और इसके बाद उसे प्रताड़ित करने लगे। मानसिक शारीरिक तथा आर्थिक हर तरह से प्रताड़ित करने के बाद इन लोगों ने मुझे ससुराल से ही धक्के मार कर निकाल दिया। वह मजबूर होकर उन्हीं कपड़ों में जिससे अपना शरीर ढके थी । अपने पिता के घर किसी तरह आ पहुंची। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराली जन बहुत ही शातिर और धोखेबाज हैं।

## कुछ साल पहले हो चुकी पिता की हत्या एअब बेटे को दी जा रही धमकियां

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव हंजियापुर मजरा हकीकतपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र स्व0 रामफल ने कोतवाली कायमगंज पुलिस से शिकायत करते हुए कहा कि 26 दिसंबर को अपने घर का सामान लेने कायमगंज बाजार गया था। वहां से लौट रहा था। जब वह रेलवे स्टेशन के पास स्थित कैसरखाँ अड्डे पर पहुंचा। जहां उसका कोई परिचित मिला। उससे बातचीत कर रहा था। अचानक उसी के गांव के निवासी पिंकी एअनवेशए पुष्पेंद्र पुत्रगण कश्मीर सिंह तथा उनके एक अज्ञात साथी ने अचानक उस पर हमला कर दिया। यह चारों लोग बेरहमी से मारपीट कर उसे मार डालना चाहते थे। किंतु तब तक वहां के दुकानदारों तथा राहगीरों ने विरोध करते हुए किसी तरह मुझे बचाया। मैं जान बचाकर वहां से भागा एइसी आपाधापी में पता नहीं इन लोगों ने मेरा मोबाइल तथा रु. 5000 निकाल लिए या फिर इनके द्वारा की गई घटना की अफरातफरी में मेरा सामान भी गिर गया।

# आप ने की निकाय चुनाव आरक्षण के साथ जल्द चुनाव कराने की मांग

**फर्रुखाबाद।** आप के जिला अध्यक्ष इंजी. नीरज प्रताप शाक्य ने कार्यकर्ताओं के साथ एक ज्ञापन जिलाधिकारी को मुख्यालय में सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करके, आयोग बनाकर, सर्वे करवा कर आरक्षण लागू करना था। लेकिन जान बूझकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ऐसा गड़बड़ आरक्षण किया कि हाईकोर्ट ने इनके आरक्षण को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने यह तक कह दिया कि अगर आप प्रक्रियाओं का पालन करते हैं तो आरक्षण में ओबीसी को उनका हक मिलेगा और अगर बगैर प्रक्रिया के आरक्षण व्यवस्था लागू की तो बिना आरक्षण के ही चुनाव करा दो।

आम आदमी पार्टी का साफ तौर पर मानना है कि यह गड़बड़ी जानबूझकर की गई है। इसके लिए जो भी अधिकारी और सरकार के लोग जिम्मेदार हैंए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने जानबूझकर सर्वे में गड़बड़ी कराई एइसके खिलाफ आज दिनांक 02 जनवरी 2022 को आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया। अगर सरकार ने संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निकाय चुनाव में ओ बी सी का आरक्षण लागू नही किया तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़े स्तर का आंदोलन करेगी। राज्यपाल जी आपसे अनुरोध है कि इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप करें और संवैधानिक तरीके से नगर निकाय चुनाव में ओ बी सी आरक्षण को लागू कराएं ए ताकि पिछड़े वर्ग के लोगों को उनका हक और न्याय मिल सके। आम आदमी पार्टी हमेशा पिछड़ों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है और इस मुद्दे पर भी पिछड़ों को उनका हक दिलाकर रहेगी।

# गरीबों की मसीहा है उप्र की योगी सरकारः आनंद शुक्ला

**● भाजपा सरकार ने यूपी से खत्म किया गुंडाराजः संजीव मिश्रा**


सम्बोधित करते पूर्व विधायक आंनद शुक्ला।

**राजापुर ( चित्रकूट )।** मिशन 2024 को सफल बनाने के लिए मऊ-मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने रामनगर ब्लाक के कई गाँवों में ताबड़तोड़ जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना। साथ ही अधिकारियों से वार्ता कर जन समस्याओं का अभिलम्ब निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 की तरह भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के संकल्प को लेकर मऊ-मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। मिशन के तहत जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुनते हुए पूर्व विधायक मऊ-मानिकपुर आनन्द शुक्ला ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य की भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ गाँव के सबसे अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का काम बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष की जिम्मेदारी है। भ्रष्टाचार मुक्त गाँव की सरकार कार्य करें।कहा कि सरकार द्वारा ग्राम विकास के लिए दिए गए धन का दुरुपयोग या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनरेगा में गरीब व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार देने का प्रावधान है और जिन गरीब मजदूरों का जॉबकार्ड न बना हो वह प्रधान और सचिव के माध्यम से बनवा लें और गाँव का रोजगार गाँव में ही पाएँ। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार भारतीय संविधान, धर्म निरपेक्ष की तर्ज पर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर विकास की डगर पर चल रही है। भाजपा में जाति, धर्म का कोई भेदभाव नहीं है तथा गरीबी ही पात्रता है। धर्म व जाति से नहीं देखी जाती। पूर्व की सरकारों में जाति और धर्म के आधार पर लोगों को प्रदेश में नौकरियाँ दी जाती थीं। भाजपा शासन काल में हर जाति, हर वर्ग के लोगों को श्रेष्ठता सूची के आधार पर भ्रष्टाचार मुक्त लगभग 4लाख नौकरियाँ दी गई हैं। ग्राम विकास की कुंजी भाजपा का कार्यकर्ता है।

# यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति पर वापस लाने की कोशिश जारी : जयशंकर

**भाषा।** वियना

**यूक्रेन** में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता जताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत शांति के पक्ष में है और युद्ध की शुरुआत से ही नई दिल्ली की कोशिश यही रही है कि मॉस्को तथा कीव कूटनीति एवं संवाद के माध्यमों की ओर लौटें क्योंकि मतभेदों को हिंसा से नहीं सुलझाया जा सकता। दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से यहां पहुंचे जयशंकर ने रविवार शाम ऑस्ट्रिया में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

जयशंकर ने कहा, "यह (यूक्रेन) संघर्ष वास्तव में अत्यंत गहरी चिंता का विषय है ... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर में घोषणा की (कि) हम वास्तव में मानते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। आप हिंसा के माध्यम से मतभेदों और मुद्दों को नहीं सुलझा सकते। उन्होंने कहा, "इस तरह शुरू से ही, हमारा प्रयास (रूस और यूक्रेन से) संवाद और कूटनीति पर लौटने का आग्रह करना रहा है ... प्रधानमंत्री ने खुद राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन और राष्ट्रपति (वोलोदिमिर) ज़ेलेंस्की के साथ कई मौकों पर बात की है। मैंने रूस और यूक्रेन के अपने सहयोगियों से खुद भी बात की है।

भारत ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति एवं बातचीत के रास्ते पर लौटने तथा जारी संघर्ष को समाप्त करने का बार-बार आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से बात की है तथा शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और संघर्ष के समाधान के लिए कूटनीति एवं बातचीत के रास्ते पर लौटने का आग्रह किया है।

पिछले साल 16 सितंबर को मोदी ने उज्बेकिस्तान में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में उन्हें संघर्ष समाप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा था कि "आज का युग युद्ध का नहीं है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना नहीं की है और यह कहता रहा है कि संकट को बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। जयशंकर ने प्रवासी भारतीयों को यह भी बताया कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में व्यापक परिवर्तन हुए हैं।

उन्होंने कहा, "इसमें से अधिकांश चीन के साथ हमारी उत्तरी सीमा पर हमारे सामने उत्पन्न तीव्र चुनौतियों के आसपास केंद्रित है। हमें पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। भारतीय सेना के अनुसार, नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी जिसमें "दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आईं। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद से भारत और चीन की सेनाओं के बीच यह पहली बड़ी झड़प थी।

दोनों देशों के बीच सीमा गतिरोध को सुलझाने के लिए 17 दौर की बातचीत हो चुकी है।

जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि भारत ने बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों में काफी सुधार किया है। उन्होंने कहा, "हमने उनके (बांग्लादेश) साथ अपना भूमि सीमा समझौता किया है। यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे सफल कूटनीति ने (दो पड़ोसियों के बीच) मजबूत रिश्ते में सीधे योगदान दिया है। अपने भाषण में, जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया सोमवार को कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे और उनमें से कुछ भारतीय समुदाय के हित में हैं।

इससे पहले दिन में, जयशंकर ने 2023 में अपनी पहली राजनयिक चर्चा में शीर्ष ऑस्ट्रियाई नेतृत्व के साथ बातचीत की और चांसलर कार्ल नेहमर को प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत बधाई दी।यह पिछले 27 वर्षों में भारत से ऑस्ट्रिया की पहली विदेश मंत्री स्तर की यात्रा है, और यह 2023 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष होने की पृष्ठभूमि में हो रही है।

## सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी एक क्षेत्र के अंदर सीमित नहीं किया जा सकता

**भाषा।** वियना

**पाकिस्तान** का संदर्भ देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी एक क्षेत्र के अंदर सीमित नहीं किया सकता, खासतौर पर जब वह मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों के अन्य स्वरूपों से गहराई से जुड़ा हुआ है।

ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शैलेनबर्ग के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति पर उनके बीच खुली और सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बहुत हद तक दोनों देशों के रुख समान हैं, हालांकि हम अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं और हमारी कुछ बाध्यताएं हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के कारण शांति एवं सुरक्षा के लिए होने वाले खतरों पर बातचीत की। इसमें हिंसक चरमपंथ और कट्टरपंथ द्वारा सीमा पार से होने वाला आतंकवाद भी शामिल है। आतंकवाद के प्रभावों को एक क्षेत्र में सीमित नहीं किया जा सकता, खास तौर पर जब वे मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों के अन्य स्वरूपों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, चूंकि (आतंकवाद का) का केंद्र भारत के इतना करीब स्थित है कि स्वाभाविक रूप से हमारे अनुभव और अंतर्दृष्टि अन्य के लिए उपयोगी है।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI SANJAY KUMAR S/O SHRI A.K. PRASAD R/O FLAT NO. 38-A, GROUND FLOOR, DDA JANTA FLATS, KATWARIA SARAI PHASE-II, NEW DELHI-110016, is the owner of DDA JANTA FLAT NO.38-A, GROUND FLOOR, SITUATED AT KATWARIA SARAI PHASE-II, NEW DELHI-110016, VIDE DDA FILE NO.F.16(51)77/HBMI**, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original **DEMAND LETTER** and **SITE POSSESSION SLIP** of the above said property have been lost or misplaced by our client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.3722/2023)** dated **02.01.2023.**

Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9717334301 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

## ऑस्ट्रेलिया में समुद्र तट के ऊपर दो हेलीकॉप्टर टकराए

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** में सोमवार को समुद्र तट के ऊपर दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए जिससे एक हेलीकॉप्टर में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दुर्घटना में तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के बाद एक हेलीकॉप्टर गोल्ड कोस्ट पर मेन बीच के निकट सुरक्षित उतर गया। यह स्थान क्वीन्सलैंड राज्य के ब्रिस्बेन से 45 मील दूर दक्षिण में है। क्वींसलैंड राज्य पुलिस के कार्यवाहक निरीक्षक गैरी वॉरेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों हेलीकॉप्टर गोल्ड कोस्ट के उत्तरी समुद्र तट मेन बीच में सीवर्ल्ड पार्क के समीप उस दौरान एक-दूसरे से टकरा गए जब एक हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था।

एक हेलीकॉप्टर सुरक्षित उतर गया जबकि दूसरे का मलबा दूर तक फैल गया। पुलिस के अनुसार, वहां तक पहुंचना मुश्किल है। मृतक और तीनों घायल इसी हेलीकॉप्टर में थे।

जॉन नाम के एक प्रत्यक्षदर्शी ने मेलबर्न रेडियो स्टेशन 3एडब्ल्यू को बताया कि सीवर्ल्ड के कर्मचारियों ने दुर्घटना की आवाज सुनी।

अधिकारियों ने घटनास्थल की ओर जाने वाले सीवर्ल्ड ड्राइव मार्ग को बंद कर दिया है। इसके समीप ही सीवर्ल्ड पार्क है।

क्वीन्सलैंड एंबुलेंस सेवा ने बताया कि पुलिस और चिकित्सक घटना स्थल पर मौजूद हैं। देश के पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक गोल्ड कोस्ट में छुट्टियों के दौरान बहुत भीड़ रहती है।

ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो के मुख्य आयुक्त एंगस मिशेल ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

क्वींसलैंड एम्बुलेंस सेवा ने पहले कहा था कि 13 लोगों के घायल होने के बाद जांच की जा रही है।



समुद्र तट के ऊपर दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा

### पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें का पार्थिव शरीर आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया

**वेटिकन सिटी (एपी) :** पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट सोलहवें का पार्थिव शरीर आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया है और सोमवार को भोर से पहले ही हजारों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए कतारबद्ध नजर आए। सेंट पीटर्स बेसिलिका के दरवाजे जनता के लिए स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे खुले और पहले श्रद्धालु ने उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए अंदर प्रवेश किया। सेंट पीटर्स बेसिलिका में सोमवार को सार्वजनिक दर्शन की अवधि 10 घंटे की है। बृहस्पतिवार को सुबह अंतिम संस्कार किए जाने से पहले मंगलवार और बुधवार को 12-12 घंटों के लिए बेनेडिक्ट 16वें के पार्थिव शरीर को आम लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

## इज़राइली मिसाइल के हमले के बाद बंद दमिश्क हवाई अड्डे पर उड़ानें बहाल हुईं

भाषा। बेरूत

**इज़राइली** सेना ने सीरिया की राजधानी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को कई मिसाइल दागीं, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मिसाइल हमले के बाद हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। हालांकि, बाद में उड़ाने बहाल की जा सकीं। सीरियाई सेना ने यह जानकारी दी।

सेना ने बताया कि सात माह के भीतर दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बना कर किया गया यह दूसरा हमला है, जिसके बाद हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा। इस हमले से आस-पास के इलाके को भी नुकसान पहुंचा है।

वहीं, सीरिया के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर मरम्मत का काम तुरंत शुरू किया गया और बाद में सोमवार को कुछ उड़ानें फिर से शुरू हो गईं जबकि हवाई अड्डे के अन्य हिस्सों में काम जारी है। युद्ध की निगरानी करने वाली एक संस्था ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इज़राइली मिसाइलें हवाई अड्डे पर और सेना के शस्त्रागार पर गिरीं। वहीं ब्रिटेन की सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि इस हमले में चार लोग मारे गए हैं। इइज़राइल ने इस पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

गौरतलब है कि 10 जून को इज़राइल हवाई हमले में दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डे को काफी नुकसान पहुंचा था। हाल के वर्षों में इज़राइल ने सीरिया में सरकार के कब्जे वाले स्थानों को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं, लेकिन इन हमलों की कभी उसने सार्वजनिक तौर पर जिम्मेदारी नहीं ली।

### थरूर की नयी पुस्तक अंबेडकर लाइफ किताब लॉन्च

**कोलकाता।** वरिष्ठ राजनीतिक सांसद और लेखक शशि थरूर की नयी पुस्तक अंबेडकर ए लाइफ का कोलकाता की सामाजिक संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशनऔर श्री सीमेंट के संयुक्त तत्वाधान में आईटीसी सोनार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किताबों के शौकीन युवा और वयस्कों के अलावा अहसास महिला और फि क्की एफ एलओ के सदस्यों ने भाग लिया।इस मौके पर सुहेल सेठ प्रबंधन सलाहकार लेखक और सामाजिक वक्ता ने लेखक श्री थरूर के साथ एक घंटे तक बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चाएं की। इस मौके पर शशि थरूर ने कहा कि अंबेडकर की महानता को उनकी किसी एक उपलब्धियों से गिना नहीं जा सकता, क्योंकि सभी अलग-अलग रूप से असाधारण थे। थरूर ने इस दौरान अपने बहुआयामी व्यक्तित्व और जीवन के टर्निंग पॉइंट्स जैसे ऐतिहासिक निर्णयों, सामाजिक बहिष्कार और कलंकए राजनीतिक झुकाव, अंतहीन संघर्षों और निश्चित रूप से उनके मजबूत व्यक्तित्व में गहरी अंतर्दृष्टि और उपाख्यानात्मक संदर्भों को इस मौके पर साझा करते हुए अंबेडकर के शानदार जीवन का एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Resa Devi is the owner of Freehold residential Plot No. 10, area measuring 458 Sq. Yds., out of Khasra No. 234, Situated at Village Bangel Begampur (Hajipur) Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar (U.P). by virtue of Gift Deed Dated 28.10.2022, Doc. No. 7055. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of Mr. Prem Chand from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its Mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**प्रपत्र सं. 3**
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./891/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 12279
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अश्वनी जॉली

सेवा में,
(1) अश्वनी जॉली
डी/डब्ल्यू/एस/ओ. राम कुमार
अश्वनी जॉली पुत्र
श्री राम कुमार जॉली,
निवासी फ्लैट नंबर 515-सी, सेंट्रल पार्क-2, सोहना रोड,
गुरूग्राम, हरियाणा-122001. पैन नंबर APIPJ1845F
गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :
अश्वनी जॉली पुत्र
श्री राम कुमार जॉली,
निवासी मकान नंबर 52, चिन्नार अपार्टमेंट, सेक्टर-9,
रोहिणी, नई दिल्ली-110005
नई दिल्ली, दिल्ली-110005
अन्य पता :
अश्वनी जॉली पुत्र श्री
राम कुमार जॉली, सी/ओ. टीडीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड,
वाइस प्रेसिडेंट, जिसका पंजीकृत कार्यालय 10,
भगत सिंह मार्ग,
कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110001
नई दिल्ली, दिल्ली-110001
(2) ईशान जॉली
पुत्र श्री अश्वनी जॉली फ्लैट नंबर 515-सी, सेंट्रल पार्क-2,
सोहना रोड, गुरूग्राम,
हरियाणा
अन्य पता :
मकान नंबर 52, चिन्नार अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी,
नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110005
(3) सोनी इन्फ्राटेक
प्राइवेट लिमिटेड
517, ए 5वां तल, नारायण मंज़िल, 23, बारा खम्बा
रोड, कनॉट प्लेस
नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली
अन्य पता :
21 और 22, भू तल
विपुल अगोरा, एमजी रोड
गुरूग्राम, गुड़गांव,
हरियाणा

**सम्मन**

जबकि, ओए/891/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 20-08-2022 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,09,59,213/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 23-02-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 03-09-2022 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत
अधिकारी के हस्ताक्षर

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड 10 जनवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 10 जनवरी को संसद में विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सीपीएन-माओवादी केंद्र के 68 वर्षीय नेता ने 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व गठबंधन से बाहर निकलकर विपक्ष के नेता केपी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था।

प्रचंड ने सोमवार को संसद सचिवालय से 10 जनवरी को संसद में विश्वास मत का एजेंडा पेश करने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

संसद सचिवालय के प्रवक्ता रोजनाथ पांडे ने कहा, "प्रधानमंत्री ने 10 जनवरी को संसद के एजेंडे में विश्वास मत के विषय को शामिल करने के लिए एक पत्र भेजा है।

संवैधानिक प्रावधान के अनुसार, प्रधानमंत्री बनने वाले व्यक्ति को पद की शपथ लेने के एक महीने के भीतर विश्वास मत हासिल करना होता है।

देश में 20 नवंबर को चुनाव होने के बाद राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने नौ जनवरी को नई संसद का पहला सत्र बुलाया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रचंड की नियुक्ति के बाद यह पहला संसद सत्र होगा।

प्रचंड द्वारा 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 169 सदस्यों के समर्थन का पत्र सौंपे जाने के बाद राष्ट्रपति भंडारी ने उन्हें नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया था।

सदन में स्पष्ट बहुमत के लिए उन्हें 138 मतों की जरूरत है।

उन्हें ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-एमाले) और नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) सहित सात दलों का समर्थन प्राप्त है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने सोमवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) नीत सरकार में शामिल होने की संभावना से इंकार कर दिया।

मायरिपब्लिका अखबार के मुताबिक, माधव नेपाल ने सोमवार को एक बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्र और उसके लोगों के हितों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ेगी।

माधव ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी अच्छा कर रही है और वह किसी पर आरोप लगाने के पक्ष में नहीं है।

उन्होंने पार्टी के सदस्यों से एक नए राजनीतिक दल के गठन की आवश्यकता को समझने के लिए कहा, क्योंकि 2021 में पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा संसद भंग किए जाने के बाद पार्टी के भीतर रहकर समस्याओं को हल करने के उनके प्रयास विफल हो गए थे। माधव ने कहा कि पार्टी देश के ताजा घटनाक्रम की समीक्षा भी करेगी।

## लूला डा सिल्वा ने तीसरी बार ली ब्राजील के राष्ट्रपति पद की शपथ



**भाषा।** ब्रासीलिया

**लुइज़** इनासियो लूला डा सिल्वा ने रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

लूला डा सिल्वा ने पद संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में देश को फिर से पटरी पर लाने पर जोर दिया और अपने पूर्ववर्ती जायर बोल्सोनारो के प्रशासन के सदस्यों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने का संकल्प किया।

लूला डा सिल्वा ने बोल्सोनारो के फिर से सत्ता में आने के सपने को तोड़ते हुए तीसरी बार राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला है।

कांग्रेस के निचले सदन में लूला डा सिल्वा ने कहा, ब्राजील के लिए हमारा संदेश आशा व पुनर्निर्माण का है। अधिकारों, संप्रभुता और विकास की इस महान इमारत को हाल के वर्षों में काफी नुकसान पहुंचाया गया। इसे फिर से खड़ा करने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

लूला डा सिल्वा के हजारों समर्थक उनकी वर्कर्स पार्टी को प्रतिबिंबित करने वाले लाल रंग के कपड़े पहने रविवार को शपथ ग्रहण के बाद खुशी से झूमते दिखे।

लूला ने कहा कि वह सभी सांसदों और न्यायिक अधिकारियों को पूर्व प्रशासन के बारे में एक रिपोर्ट भेजेंगे। बोल्सोनारो के आपराधिक फरमानों को रद्द करेंगे और कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ लचर रणनीतिक को लेकर भी उनकी जवाबदेही तय करेंगे।

उन्होंने कहा, हम उन लोगों के खिलाफ बदले की भावना नहीं रखते हैं जिन्होंने देश को अपने व्यक्तिगत व वैचारिक मंसूबों के अधीन लाने की कोशिश की, लेकिन हम कानून का शासन सुनिश्चित करने जा रहे हैं।

गौरतलब है कि लूला ने 30 अक्टूबर को हुए चुनाव में बोल्सोनारो को मात दी थी, जिसके बाद उनके कई समर्थक देशभर में सड़कों पर उतर आए थे और चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। बोल्सोनारो के समर्थकों की कई मौकों पर पुलिस के साथ हिंसक झड़प भी हुई।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार रमेश कुमार संपत्ति संख्या-556/31,खसरा नंबर-465/4 9,विजय पार्क,मौज पुर, इलाका शाहदरा दिल्ली-110053 के क्षेत्रफल 50 वर्ग गज के मालिक हैं,तथा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक के साथ बंधक रख रहे है.तथा रमेश कुमार के पास प्रॉपर्टी से संबंधित मूल कागजात 1.खतौनी रघबीर और चार्टो के पक्ष में,2.छत्र पाल के पक्ष में वसीयत और एटीएस 3.रमेश कुमार के पक्ष में वसीयत,4.श्रीमती संतोष का उत्तरजीवी प्रमाण पत्र,यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री,बंधक आदि सिवाय अनिल कुमार और उक्त संस्था के बीच,मान्या नही होगा.तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरैम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ३६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका,नई देल्ही-७५. म. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा पत्नी स्वर्गीय श्री पीरू राम @मीरू राम, ने गांव नांगलोई जाट की राजस्व एस्टेट, कॉलोनी जिसे निहाल विहार के नाम से जाना जाता है, अंबिका एन्क्लेव, ब्लॉक-ए, फेज़-2, नांगलोई, नई दिल्ली-110041 में स्थित संपत्ति सं. ए-9, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, खसरा नंबर 71/17, का मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती आशा पत्नी स्वर्गीय श्री पीरू राम @मीरू राम ने ऋण लेने के लिए सत्य माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क किया है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

## नए साल पर नए संकल्प लेने का विचार कहां से आया

**भाषा।** जोंडालूप

**जैसा** ही हम नए साल का स्वागत करते हैं, कई संस्कृतियों में इस मौके पर कोई नया संकल्प लेना एक आम प्रचलन है। नया साल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण अस्थाई मील का पत्थर दर्शाता है जब कई लोग आने वाले वर्ष के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करते हैं।

यहाँ ऑस्ट्रेलिया में, 70 प्रतिशत से अधिक पुरुषों और महिलाओं (एक करोड़ 40 लाख से अधिक ऑस्ट्रेलियाई) ने 2022 में नए साल का कम से कम एक संकल्प निर्धारित किया है।

नए साल पर वादे करना या संकल्प लेना नई बात नहीं हैं। यह प्रथा ल बै समय से चली आ रही है। अधिकांश प्राचीन संस्कृतियों में नए साल की शुरुआत के मौके पर किसी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान या त्योहार मनाने की परंपरा रही है।

**बेबीलोनियाई**

ऐतिहासिक रूप से, लगभग 4,000 साल पहले प्राचीन बेबीलोनियाई लोगों द्वारा नए साल की प्रतिज्ञा (बाद में संकल्प के रूप में जाना जाने वाला) निर्धारित करने वाले पहले रिकॉर्ड मौजूद हैं।

नए साल के सम्मान में समारोह आयोजित करने वाली पहली सभ्यता बेबीलोनियाई ही हैं। हालाँकि बेबीलोनियों के लिए वर्ष जनवरी में नहीं, बल्कि मार्च के मध्य में शुरू होता था, जब फसलें उगाई जाती थीं। बेबीलोनियों के लिए नए साल के संकल्प धर्म, पौराणिक कथाओं, शक्ति और सामाजिक आर्थिक मूल्यों के साथ जुड़े होते थे।

कहा जाता है कि बेबीलोनियों ने 12-दिवसीय नए साल के त्योहार अकीतु की परंपरा शुरू की थी। देवताओं की मूर्तियों की शहर की सड़कों पर यात्रा निकाली जाती थी और अराजकता की ताकतों पर विजय के प्रतीक के रूप में अनुष्ठान किए जाते थे। इस उत्सव के दौरान लोग फसलें उगाते थे, शासन करने वाले राजा के प्रति अपनी निष्ठा की प्रतिज्ञा करते थे या एक नए राजा को ताज पहनाया जाता था, और आने वाले वर्ष में अपने कर्ज चुकाने का वादा किया जाता था।

बेबीलोनियों का मानना था कि यदि वे अपने नए साल के वादों को पूरा करते हैं, तो नए साल में भगवान उन पर कृपा दृष्टि रखेंगे।

**प्राचीन रोम**

प्राचीन रोम में भी नए साल का जश्न मनाने और नए साल की शपथ लेने की परंपरा जारी रही। रोमन नव वर्ष शुरू में 15 मार्च को मनाया जाता था, क्योंकि यह वह समय होता था जब सबसे महत्वपूर्ण रोमन अधिकारी

### चार हजार बरस से चल रहा है सिलसिला

अपना कार्यभार संभालते थे।

नए साल और वसंत की शुरुआत की एक इतालवी देवी अन्ना पेरेना का त्योहार भी 15 मार्च को मनाया जाता था।

**जूलियन कैलेंडर**

सम्राट जूलियस सीज़र ने 46 ईसा पूर्व में जूलियन कैलेंडर पेश किया, जिसने एक जनवरी को नए साल की शुरुआत के रूप में घोषित किया। यह नई तिथि रोमन देवता जानूस के सम्मान में थी।

प्रतीकात्मक रूप से, जानूस के दो चेहरे हैं, पिछले वर्ष को देखने के लिए और नए वर्ष में आगे देखने के लिए। जानूस नई शुरुआत में प्रवेश का रक्षक था। प्रत्एक नए साल में रोमन जानूस के सम्मान में बलि चढ़ाते थे और नागरिकों, राज्य और देवताओं के बीच नए बंधन की प्रतिज्ञा करते थे। आशीर्वाद और उपहारों के रूप में मीठे फल और शहद का आदान-प्रदान किया जाता था, और सम्राट के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा की जाती थी।

नए साल के जश्न और प्रतिज्ञाएं आध्यात्मिकता, शक्ति संरचनाओं और रोमन संस्कृति के सामाजिक ताने-बाने में अंतर्निहित थीं।

**वीरता का युग**

मध्य युग (लगभग 500 से 1500ृ.ष्ठ) में, मध्यकालीन शूरवीर इस दिन अपनी निष्ठा की प्रतिज्ञा करते थे और प्रत्एक नए वर्ष में वीरता की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते थे।

मध्य युग में, नए साल को विभिन्न समाजों द्वारा वर्ष के अलग-अलग समय पर मनाया जाता था। समय की गलत गणना के कारण, जूलियन कैलेंडर में वर्ष 1000 तक सात अतिरिक्त दिन हो गए थे।

**आधुनिक समय**

जूलियन कैलेंडर से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए, ग्रेगोरियन कैलेंडर को 1582 में पोप ग्रेगरी 13वें द्वारा जारी किया गया था। नया साल आधिकारिक तौर पर एक जनवरी को बहाल किया गया था।

लोगों के नए साल के संकल्पों के उद्देश्य और कार्य पर धर्म ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव डालना जारी रखा। उदाहरण के लिए, 19वीं शताब्दी में, प्रोटेस्टेंटवाद ने दृढ़ता से धर्म, आध्यात्मिकता और नैतिक चरित्र से जुड़ी प्रतिज्ञाओं को स्थापित करने पर बल दिया।

हालाँकि, 1800 के दशक में कुछ सबूत हैं कि इन संकल्पों पर व्यंग्य किया जाने लगा था। उदाहरण के लिए, वॉकर्स हाइबेरियन मैगज़ीन (1802) में व्यंग्यपूर्ण संकल्पों की एक श्रृंखला की सूचना दी गई, जैसे "राजनेताओं ने अपने देश की भलाई के अलावा कोई अन्य उद्देश्य नहीं रखने का संकल्प लिया है।

इस समय तक संकल्प एक सामान्य गतिविधि बन गई, और लोग प्रतिज्ञा करने और तोड़ने लगे, जैसे वे आज तक करते हैं। उदाहरण के लिए, 1671 की शुरुआत में, स्कॉटिश लेखिका ऐनी हल्केट ने अपनी डायरी में संकल्प दर्ज किया, "मैं अब अपमान नहीं करूंगी।

पहले की तरह, संस्कृतियों के लोग अब भी नए साल का जश्न मनाते हैं (हालांकि अलग-अलग समय पर), और संकल्प निर्धारित करते हैं। जिस तरह प्राचीन सभ्यताएँ समृद्ध फसल के लिए प्रार्थना करती थीं, उसी तरह आज के संकल्प भी सामाजिक मूल्यों को प्रस्तुत करते हैं।

समकालीन संकल्प प्रकृति में धार्मिक या सामाजिक की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष होते हैं। वैचारिक रूप से, हालांकि, नए साल के ज्यादातर संकल्प लोगों की कल्पनाओं, आशाओं और बेहतरी की इच्छा पर आधारित होते हैं। 4,000 साल बाद भी, नया साल एक नई दहलीज का प्रतीक बना हुआ है। एक नई शुरुआत का अवसर।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा यह सूचना दी जाती है कि, हमारे मुवक्कील, श्री. राहुल चावला, निवासी सदनिका संख्या डी-५०२, क्षेत्रफल लगभग १८३.३९ वर्ग मीटर (१९७४ वर्ग फुट), सुपर एरिया, दुसरी मंजिल, डी ब्लॉक, पार्श्वनाथ ग्रीन विले, गाव फाजीलपूर झार्सा (सेक्टर-४८), सोहना रोड, गुरूग्राम, हरयाणा के और एक खुली / आच्छादित कार पार्किंग जगह के मालिक है। उन्होने उक्त जगह की खरीदारी का प्रमाण यांनी आवंटन पत्र, फ्लैट क्रेता अनुबंध और कब्जा पत्र के मूल दस्तावेज खो दिये है या गुम हो गये है।
उक्त मुल दस्तावेजों को खोजने या हिरासत में रखनेवाले किसी भी व्यक्ती से अनुरोध किया जाता है कि, वह हमारे मुवक्कील की ओर से निम्नलिखित हमारे पतेपर उन्हे वापस कर दें।
उपरोक्त मुल दस्तावेजों की अभिरक्षा रखनेवाले और उसके अनुशंग से उक्त जगह पर या उसके किसी भी भाग पर बंधक, ग्राहणाधिकार, प्रभार, विश्वास, सुगमता, स्थानांतरण, अनुज्ञाप्ती या अन्यथा किसी भी तरह का कोई दावा करनेवाले किसी भी व्यक्तीने इसके विज्ञापन की तारीख से १० दिनोंके अंदर लिखित रुपमे हमे इसे प्रस्तुत करने/इससे अवगत कराने की आवश्यकता है।
आज तारीख ०३ जानेवारी, २०२३

**मालवी रणछोड दास अँड कं.**
४०४, रहेजा चेम्बर्स,
फ्री प्रेस जर्नल मार्ग,
नरीमन पॉईंट,
मुंबई: ४०००२१

# व्यवसायी आत्महत्या मामले में कर्नाटक के भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

## अरविंद लिंबावली सहित छह लोगों के नाम प्राथमिकी

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में एक व्यवसाई की मौत के मामले में राज्य के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक अरविंद लिंबावली सहित छह लोगों के नाम प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, प्रदीप (47) रविवार शाम को यहां नेतिगेरे में अपनी कार में मृत मिले थे और उन्होंने कथित तौर पर स्वयं अपने सिर में गोली मार ली थी। इसके साथ ही आठ पृष्ठों का एक पत्र (सुसाइड नोट) भी मिला है जिसमें महादेवपुरा के विधायक अरविंद लिंबावली और पांच अन्य लोगों के नाम लिए गए हैं।

प्रदीप की पत्नी की शिकायत पर कागलीपुरा थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।

लिंबावली के खिलाफ दर्ज मामले के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, कानून के तहत कार्वाई की जा रही है... भविष्य में भी कानून के अनुसार कार्वाई की जाएगी।

प्रदीप को भाजपा कार्यकर्ता करार देते हुए लिंबावली ने कहा कि उन्होंने केवल व्यवसाई की मदद करने का प्रयास किया था।

उन्होंने कहा, मैं किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। यहां तक कि मैंने इस मामले की जांच की मांग की है ताकि सच सामने आ सके।

विधायक ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि व्यवसाई द्वारा लिखे गए पत्र में उनके नाम का उल्लेख करने के पीछे क्या मकसद था। हालांकि, लिंबावली ने उनके खिलाफ किसी साजिश की संभावना से इंकार किया।

इस बीच, कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने हुबली में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि सरकार जल्द ही बी रिपोर्ट दाखिल कर मामले को बंद कर देगी।

सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इन्होंने उन लोगों से जुड़े मामलों में भी ऐसा ही किया, जो पहले मंत्री थे। अब, वे लिंबावली के मामले में भी ऐसा ही करेंगे। मुझे पता है।

पुलिस ने कहा कि प्रदीप ने कुछ लोगों के साथ मिलकर एक रिसॉर्ट परियोजना में लगभग 1.5 करोड़ रुपए का निवेश किया था लेकिन बाद में उनके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी की गई।

कहा जाता है कि लिंबावली ने उनके बीच समझौता कराने की कोशिश की थी और प्रदीप को उनका बकाया लौटाया जाना था लेकिन प्रदीप को पूरा पैसा नहीं मिला।



कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के प्रचार अभियान 'दीदीर सुरक्षा कवच' की शुरुआत के अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी और पार्टी सांसद सुब्रत बख्शी

# भाजपा की विचारधारा लोगों को धार्मिक आधार पर बांटती है: ममता

**एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और दावा किया कि भगवा पार्टी की विचारधारा लोगों के बीच धर्म के आधार पर भेद करती है।

बनर्जी ने वाम दलों और भाजपा के बीच कथित गुपचुप गठजोड़ को लेकर दोनों पर निशाना साधा और उनपर राम-वाम (भाजपा-वाम) गठबंधन बनाने का आरोप भी लगाया।

बनर्जी ने पार्टी के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं और नेताओं के कहा कि उन्हें लोगों तक पहुंचकर विपक्षी दलों द्वारा टीएमसी के खिलाफ फैलाई गई अफवाहों का मुकाबला करना है।

प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी व कवि काजी नजरूल इस्लाम के नाम पर रखे गए नजरूल मंच में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में बनर्जी ने कहा, हम एक समावेशी विचारधारा के अनुयाई हैं। हमें सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है। भाजपा की विचारधारा लोगों के बीच धार्मिक आधार पर भेद करती है। आपको विनम्रतापूर्वक लोगों की बात सुननी होगी।

राज्य में विपक्षी भाजपा और वामपंथियों के बीच कथित गुपचुप गठजोड़ की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, अब, राम और बाम (भाजपा और वाम) एक हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को उखाड़ फेंकने के लिए पार्टी स्तर पर एक उचित सतर्कता प्रणाली स्थापित की जाएगी।

उन्होंने कहा, "पंचायत स्तर पर निगरानी रखने के लिए एक उचित सतर्कता प्रणाली स्थापित की जाएगी। सभी शिकायतों को देखने के लिए एक जांच-पड़ताल तंत्र होगा"।

पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए लोगों के बीच पहुंच बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी की मौजूदगी में दीदीर सुरक्षा कवच अभियान भी शुरू किया।

अभिषेक बनर्जी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पार्टी 11 जनवरी को 60 दिवसीय अभियान शुरू करेगी। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता राज्य की जनता के बीच पहुंचेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर किसी को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम दुआरे सरकार (द्वार पर सरकार) की तरह इस नए अभियान का उद्देश्य लोगों को पार्टी से जोड़ना है।

ममता बनर्जी ने कहा, लगभग साढ़े तीन लाख पार्टी कार्यकर्ता राज्य के लगभग 10 करोड़ लोगों के बीच पहुंचेंगे। राज्य सरकार का दुआरे सरकार अभियान जारी रहेगा।

एक जनवरी को टीएमसी की स्थापना के 25 साल पूरे होने पर बनर्जी ने कहा था कि पार्टी का लक्ष्य एकजुट भारत और एक मजबूत संघीय ढांचा बनाना है।

# ममता बनर्जी की राम-वाम वाली टिप्पणी लोगों को भ्रमित करने के लिए : माकपा

**एजेंसी।** कोलकाता

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राम-वाम के राज्य में एक साथ आने के दावे को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ऐसे आरोप लगाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही हैं।

माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने दावा किया कि राजनीतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद करने के लिए ममता बनर्जी ने भगवा पार्टी और वाम दलों के बीच गुप्त समझौता होने की टिप्पणी की।

ममता बनर्जी द्वारा इस साल राज्य में होने वाले पंचायत चुनाव से पहले किए गए दावे के बारे में चक्रवर्ती ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह कुछ नहीं बल्कि लोगों को भ्रमित करने की चाल है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने राज्य की दोनों विरोधी पार्टियों- भाजपा और माकपा नीत वाम मोर्चे को आड़े हाथ लेते हुए दावा किया कि राम-बाम (भाजपा व वाम) ने गोपनीय तरीके से समझौता कर लिया है।

चक्रवर्ती ने दावा किया कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की तरफ से ऐसे दावे कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व ब्रिगेड और कम्युनिस्ट वैचारिक रूप से एक दूसरे के विरोधी हैं।

गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को धन देने में कथित अनियमतता बरतने के खिलाफ विपक्षी भाजपा, वाम मोर्चा और कांग्रेस अलग-अलग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# तेदेपा ने भगदड़ के लिए जगन सरकार को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी।** अमरावती

**तेलुगु** देशम पार्टी (तेदेपा) ने रविवार रात को गुंटूर शहर में उसके एक कार्यक्रम में मची भगदड़ के लिए आंध्र प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि विपक्षी दल अपने प्रचार की सनक को छिपाने के लिए पुलिस पर दोष मढ़ रहा है, जिसके कारण यह त्रासदी हुई।

राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री आर.के. रोजा ने तेदेपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह एक अनुशासनहीन पार्टी है।

मंत्री ने कहा, पर्याप्त संख्या में पुलिस की मौजूदगी के कारण ही एक बड़ा हादसा टल गया। लोग चंद्रबाबू की सभाओं में नहीं आ रहे हैं, इसलिए तो उन्होंने महिलाओं को निशुल्क साड़ियां देने का लालच दिया।

गुंटूर में रविवार रात आयोजित तेदेपा के एक कार्यक्रम में कथित तौर पर उपहार लेने के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें तीन महिलाओं की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। तेदेपा के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यह घटना उनके वहां से रवाना होने से कुछ मिनट बाद ही हुई। इस बीच, भगदड़ की घटना पर गुंटूर पुलिस ने उयूरी फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक उयूरी श्रीनिवास और कुछ तेदेपा नेताओं तथा आयोजकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

वहीं, नायडू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की, जबकि राज्य सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा की है। तेदेपा नेता के. रवींद्र ने कहा कि वह मृतक महिलाओं के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और देंगे तथा घायलों को एक-एक लाख रुपए देंगे। पार्टी नेता मन्नव मोहन कृष्णा ने भी जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को तीन-तीन लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है।

तेदेपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू ने वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी सरकार पर पर्याप्त सुरक्षा मुहैया न कराने का आरोप लगाते हुए उसे इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया।

# भूमि सौदे से जुड़े आरोप निराधार : रॉबर्ट वाद्रा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाद्रा ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में भूमि सौदे से जुड़े आरोप निराधार हैं और यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रतिशोध की कार्वाई के तहत किया जा रहा है ताकि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी जो अच्छे प्रयास कर रहे हैं उनसे लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, ए सब मामले आठ साल पुराने हैं। राजस्थान में भाजपा सरकार के समय कुछ लोगों को जमीन आवंटित की गई थी और इन्हें मैं जानता भी नहीं हूं। वाद्रा ने कहा, मेरे खिलाफ लगे आरोप निराधार हैं और यह सब राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयासों (यात्रा) से ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भूमि खरीद प्रकरण से जुड़े मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए पिछले दिनों कहा था कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी को वाद्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार और धन शोधन के आरोपों पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए क्योंकि यह मामला उस समय का है जब उनकी पार्टी हरियाणा और राजस्थान के साथ साथ केंद्र की सत्ता में भी थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने इतिहास शोध के दायरे को व्यापक बनाने पर बल दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आधुनिक भारतीय इतिहास पर शोध का दायरा बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया और देश भर के अकादमिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों से समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ ही उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज के योगदान पर शोधपरक कार्य करने का आह्वान किया।

अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने नेहरू स्मारक पुस्तकालय एवं संग्रहालय (एनएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। एनएमएमएल की स्थापना भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की याद में की गई थी, और यह संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने व्यक्तियों, संस्थानों और विषयों दोनों के संदर्भ में आधुनिक भारतीय इतिहास पर शोध के दायरे को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भारत के अतीत के बारे में लोगों में बेहतर जागरूकता पैदा की जा सके।

प्रधानमंत्री ने वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए अपनी अच्छी तरह से लेखापरीक्षित और शोधित स्मृति दर्ज करने के लिए सामान्य रूप से देश में संस्थानों की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री संग्रहालय के डिजाइन और सामग्री पर संतोष व्यक्त करते हुए मोदी ने इस महत्वपूर्ण तथ्य के बारे में बताया कि यह संग्रहालय वास्तव में उद्देश्यपूर्ण और राष्ट्र-केंद्रित है, व्यक्ति-केंद्रित नहीं है और यह न तो अनुचित प्रभाव से और न ही किसी आवश्यक तथ्यों के अनुचित अभाव से ग्रस्त है।

भारत के सभी प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों और योगदानों को उजागर करने वाले संग्रहालय के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए, मोदी ने देश भर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इसकी सामग्री के बारे में प्रतियोगिताओं का आयोजन करके युवाओं के बीच संग्रहालय को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निकट भविष्य में संग्रहालय भारत और दुनिया से दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए एक मुख्य आकर्षण के रूप में उभरेगा।

प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती को आधुनिक भारत के सबसे प्रभावशाली सामाजिक और सांस्कृतिक शख्सियतों में से एक बताया और कहा कि उनकी 200वीं जयंती 2024 में मनाई जाएगी।

उन्होंने उनके योगदान के साथ-साथ 2025 में अपने अस्तित्व के 150 साल पूरे करने जा रहे आर्य समाज के बारे में अच्छी तरह से शोध करके ज्ञान का सृजन करने के लिए देश भर के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों का आह्वान किया।

कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने सोसायटी के वर्तमान कामकाज के साथ-साथ भविष्य के लिए दृष्टिकोण की रूपरेखा पर बात की। उन्होंने विशेष रूप से लाइब्रेरी के लिए योजनाओं पर प्रकाश डाला, जो आधुनिक और समकालीन भारतीय इतिहास के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के साथ-साथ पिछले साल अप्रैल में खोले गए प्रधानमंत्री संग्रहालय के लिए भी है। एनएमएमएल सोसायटी और कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया, जिसमें संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खातों को अंगीकृत किया गया।

# शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी की अनुमति के लिए हाईकोर्ट जाएं: न्यायालय

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मंत्री बीरबाहा हंसदा की कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय के आदेश में अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने तृणमूल कांग्रेस के नेता को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा जो इसी तरह के मामले पर विचार कर रहा है और 10 जनवरी को इस पर सुनवाई करने वाला है।

पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय इस मामले को देख रहा है और वहां 10 जनवरी को इस मामले की सुनवाई होनी है। हम याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने और वहां मामले को आगे बढ़ाने की छूट देते हैं। मामले में इस अदालत के लिए अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करना उचित नहीं है। शुरुआत में हंसदा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी के खिलाफ कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के उच्च न्यायालय के आदेश के बारे में बताया। सिब्बल ने कहा, राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक अलग अपील दायर की है और इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि इस मामले को राज्य सरकार की अपील के साथ लिया जाए।

भाजपा नेता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने कहा कि अधिकारी के खिलाफ हर दिन प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और इस पृष्ठभूमि में उच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया था।

# गुजरात क्रीक में भारत बीएसएफ के लिए बना रहा स्थाई बंकर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** पहली बार गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सर क्रीक और हरामी नाला क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के लिए "स्थाई बंकरे" का निर्माण कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने "क्षेत्र में पाकिस्तानी मछुआरों और मछली पकड़ने वाली नौकाओं की घुसपैठे के मद्देनजर, भुज सेक्टर के साथ इस इलाके में आठ बहुमंजिला बंकर सह निगरानी चौकियों के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल ने 2022 में गुजरात के इस क्षेत्र से 22 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा और मछली पकड़ने में काम आने वाली 79 नौकाओं के साथ ही 250 करोड़ रुपए की हेरोइन और 2.49 करोड़ रुपए की चरस जब्त की।

सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4,050 वर्ग किमी में फैले दलदली सर क्रीक क्षेत्र में तीन टॉवरों का निर्माण हो रहा है वहीं केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) 900 वर्ग किमी में फैले हरामी नाला क्षेत्र में पांच ऐसे ढांचों का निर्माण करेगा।

उन्होंने कहा कि 42 फुट ऊंचे ऊर्ध्वाधर बंकरों में से प्रत्एक के शीर्ष तल में निगरानी उपकरणों और रडार के लिए जगह होगी ताकि क्षेत्र पर नजर रखी जा सके। अधिकारियों ने बताया कि बाकी दो मंजिलों में साजोसामान रखने की क्षममा के साथ 15 सशस्त्र बीएसएफ कर्मियों के लिए स्थान होगा।

अधिकारियों के अनुसार, ए बंकर क्रीक क्षेत्र के पूर्वी हिस्से में भारतीय भूभाग पर बनाए जा रहे हैं।

बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सर क्रीक क्षेत्र में तीन बंकरों के निर्माण को मार्च तक पूरा करने के लिए काम कर रहे श्रमिकों को बल की एक टुकड़ी सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से समुद्र काफी अशांत हो जाता है और इस वजह से काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

पिछले साल अप्रैल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में सीमा क्षेत्र का दौरा किया थ और उसी दौरान बंकर बनाने का फैसला किया गया था। तत्कालीन बीएसएफ महानिदेशक (डीजी) पंकज कुमार सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुति दी थी कि क्रीक क्षेत्र और भारत एवं पाकिस्तान के बीच दलदली जल निकाय के जरिए घुसपैठ की आशंका रहती है और बीएसएफ का सुरक्षा तंत्र वहां से काफी पीछे स्थित है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ ने बताया कि उसे सामने नजर रखने के लिए एक स्थाई आधार की जरूरत है।

क्रीक क्षेत्र दुर्गम क्षेत्र है और वहां का मौसम भी बहुत प्रतिकूल है। वहां जहरीले सांप और बिच्छू मिलते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बीएसएफ जवानों को गश्त के दौरान नंगे पैर चलना पड़ता है क्योंकि गीले इलाके में जूते पहनकर नहीं चला जा सकता।

# छह साल बाद भी नोटबंदी की मार को नहीं भूले हैं लोग

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**छह** साल पहले सरकार द्वारा 500 और एक हजार रुपए के नोट बंद किए जाने से पैदा हुईं परेशानियों को लोग आज भी नहीं भूले हैं। परेशानियों की याद आज एक बार फिर तब ताजा हो गई जब उच्चतम न्यायालय ने आठ नवंबर 2016 के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा।

सरकार ने अपने फैसले को काले धन पर एक सर्जिकल स्ट्राइक करार दिया था, हालांकि इससे देश के अनेक लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, खासकर ऐसे वर्ग को जो विशेष रूप से नकदी पर निर्भर करता है।

घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली 38 वर्षीय परवेश नोटबंदी शब्द के उल्लेख मात्र से ही सिहर उठती हैं।

बीस वर्षीय बेटे की माँ ने कहा कि उन्हें लगभग दो महीने तक बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा और लगातार कई दिन तक खाली पेट रहना पड़ा।

परवेश ने कहा, "यह मेरे जीवन का सबसे बुरा समय था। कोविड-19 से भी बदतर, क्योंकि कोविड के दौरान सरकार और समाज से कम से कम कुछ मदद मिली। लेकिन नोटबंदी के दौरान, हमें अकेला छोड़ दिया गया"।

उन्हें उच्चतम न्यायालय के सोमवार के फैसले के बारे में कोई खास जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, "मेरा मतलब है कि मैं अपने नियोक्ता से कैसे मदद की उम्मीद कर सकती थी जब वह खुद ही पैसे के लिए संघर्ष कर रहा था?"

न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि 2016 के विमुद्रीकरण के पीछे निर्णय लेने की प्रक्रिया "त्रुटिपूर्ण नहीं थी"।

पांच न्यायाधीशों की पीठ में चार न्यायाधीशों ने नोटबंदी के फैसले को बरकरार रखने का पक्ष लिया, जबकि एक न्यायाधीश ने असहमति जताई।

दर्द केवल गरीबों तक ही सीमित नहीं था, और मध्यम वर्ग को भी विमुद्रीकरण के मद्देनजर भारी परेशानी उठानी पड़ी। लोग एटीएम के सामने कभी न खत्म होने वाली कतारों में खड़े होने की पीड़ा को आज तक नहीं भूले हैं। जब तक लोगों का नंबर आता था, तब तक एटीएम में नकदी खत्म हो जाती थी।

कई छोटे-बड़े व्यवसाय आज भी विमुद्रीकरण की मार से नहीं उबरे हैं।

सूरत के व्यवसाई मनीष शाह ने कहा, हमारा व्यवसाय नकदी पर निर्भर करता है और इससे हमारे लिए ठीक से काम करना और अपना व्यवसाय चलाना असंभव हो गया। हमारे पास बची हुई नकदी को बदलने के लिए सरकार द्वारा एक सीमित समय दिया गया था, हम लगातार असमंजस में थे कि हमें कारोबार करना चाहिए या अपनी नकदी का आदान-प्रदान करने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़े रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, "पूरे देश में पूरा व्यापार चक्र बाधित हो गया था"।

जम्मू के रहने वाले राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि नकदी की कमी ने उनकी इकलौती बेटी की शादी के अवसर को दु:स्वप्न में बदल दिया था।

उन्होंने याद किया कि कैसे उन्हें विक्रेताओं को भुगतान करने के लिए अपनी मेहनत की कमाई के लिए भीख माँगनी पड़ी थी ताकि तैयारी बिना किसी रोक-टोक के चल सके।

गुप्ता ने कहा, "मेरे पास विक्रेताओं को भुगतान करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं था। बैंक से आप कितना पैसा निकाल सकते हैं, इसकी एक सीमा थी।

खबरों के मुताबिक, देश के अलग-अलग हिस्सों में पैसे निकालने और चलन से बाहर हुए नोट बदलने के लिए लाइन में खड़े होने के दौरान कई लोगों की मौत हो गई।

यथास्थिति लौटने के महीनों पहले मार्च 2017 में केंद्र सरकार ने कहा कि कतार में कितने लोग मारे गए, इसकी "कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं है।

तब वित्त राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था, "ऐसी कोई आधिकारिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है"।

# ओवैसी ने भाजपा को नोटबंदी दिवस मनाने की चुनौती दी

**एजेंसी।** हैदराबाद



**नोटबंदी** को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लीमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नोटबंदी दिवस मनाने की सोमवार को चुनौती दी।

हैदराबाद से सांसद ने नोटबंदी को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की जो कालेधन का प्रवाह रोकने समेत अन्य कारणों से की गई थी। उन्होंने दावा किया कि नोटबंदी से अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

ओवैसी के मुताबिक, नोटबंदी का फैसला गलत था क्योंकि इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि की दर 2019-2020 में घटकर चार फीसदी रह गई जबकि 2016-17 में यह 8.3 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री से कहना चाहते हैं कि आप क्यों नोटबंदी दिवस नहीं मनाते हैं। अगर नोटबंदी कामयाब थी और अगर वे सोचते हैं कि यह सफल थी तो हम भाजपा को चुनौती देते हैं कि वे क्यों नोटबंदी दिवस नहीं मनाते हैं।

# पंड्या कप्तानी की मजबूत नींव रखने उतरेंगे

## कोहली, रोहित व राहुल के बिना उतरेगी टीम इंडिया

### श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला आज

**भाषा।** मुंबई


गिल


पंड्या

**भारतीय टी20** क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के बिना नए पथ पर अग्रसर होगी जिसमें हार्दिक पंड्या टी20 टीम के पूर्णकालिक कप्तान की अपनी पारी की दमदार शुरुआत करके मिशन 2024 के लिए मजबूत नींव रखने की कोशिश करेंगे।

भारतीय क्रिकेट प्रेमी हार्दिक की कप्तानी की झलक पहले ही देख चुके हैं जब उनके नेतृत्व में टीम ने न्यूजीलैंड में बारिश से प्रभावित टी20 श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। इस साल वनडे विश्व कप खेला जाना है और ऐसे में खेल का सबसे छोटा प्रारूप भारतीय टीम के लिए प्राथमिकता नहीं है लेकिन इससे हार्दिक को भविष्य के लिए विशेष रूप से 2024 में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत के चोटी के तीन बल्लेबाज रोहित, कोहली और राहुल टीम का हिस्सा नहीं है और उनके टी20 में भविष्य को ध्यान में न रखते हुए भी टीम को उनके बिना आगे बढ़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय टीम की हाल में सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि वह बेपरवाह क्रिकेट नहीं खेल पाई। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज खुलकर खेलने में नाकाम रहे जिसका खामियाजा टीम को टी20 विश्वकप में भुगतना पड़ा। अगर टीम संयोजन की बात करें तो पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में घायल होने वाले ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड में ईशान किशन के साथ पारी का आगाज किया था। पंत को हालांकि श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था जिससे पूरी संभावना है कि वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले पहले टेस्ट मैच में किशन के साथ रुतुराज गायकवाड पारी की शुरुआत करेंगे। किशन और गायकवाड पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं और यह उनके लिए टीम में अपने स्थान की चिंता किए बिना अपना कौशल दिखाने का वास्तविक मौका है। अगला टी20 विश्व कप 18 महीने बाद खेला जाना है और ऐसे में इन दोनों को पर्याप्त मौके मिलने की संभावना है हालांकि इस वर्ष 15 से भी कम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे क्योंकि टीम प्रबंधन वनडे को अधिक प्राथमिकता देगा। अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज के रूप में हार्दिक के पास एक और विकल्प हैं। तीसरे नंबर पर विश्व के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पर कप्तान भरोसा जता सकते हैं। हार्दिक अंतिम एकादश में छह गेंदबाजों को रखने के पक्ष में हैं और ऐसे में पहले मैच में दीपक हुड्डा को मौका मिल सकता है। टीम प्रबंधन को मध्यक्रम में संजू सैमसन और अब तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाने वाले राहुल त्रिपाठी में से किसी एक को चुनना होगा। त्रिपाठी पिछले कुछ समय से अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए हैं और श्रीलंका के खिलाफ भी उन्हें बाहर ही रहना पड़ सकता है क्योंकि सैमसन को उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता मिल सकती है। टीम में भले ही शिवम मावी और मुकेश कुमार को शामिल किया गया है लेकिन तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और उमरान मलिक को ही चुने जाने की संभावना है।

### भारत के खिलाफ लय हासिल करना चाहते हैं श्रीलंका के कप्तान

**मुंबई।** भारत के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका को अपनी टीम के ज्यादा अनुभवी होने से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला मे कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली भारतीय टीम मे रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे अनुभवी खिलाड़ियो को मौका नही दिया गया है। शनाका ने कहा, पहला मैच वास्तव मे अहम होगा। भारत ने अपनी टीम को पूरी तरह से बदल दिया है। हमारी टीम मे कुछ अनुभवी खिलाड़ी है। हम पहले मैच का इंतजार कर रहे है। इस मैच मे बेहतर प्रदर्शन से श्रृंखला के अन्य मैचों के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। मौजूदा एशिया कप चैंपियन श्रीलंका की टीम ने टी20 विश्व कप मे खराब प्रदर्शन किया था। टीम मुख्य दौर में जगह बनाने मे असफल रही थी।

# हार्दिक ने टेस्ट में सूर्यकुमार को मौका देने का समर्थन किया

**भाषा।** मुंबई



**भारतीय** टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछले साल सीमित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव को टेस्ट टीम में शामिल करने का सोमवार को यहां समर्थन किया। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले हार्दिक ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप के उपकप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि सूर्यकुमार खेल के तीनों प्रारूप में टीम के अहम सदस्य हो सकते है। सूर्यकुमार ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने का इरादा जाहिर करते हुए कहा था कि वह देश के लिए लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का हमेशा सपना देखते रहे है। वह उन गिने-चुने मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी का मैच खेला है। मुंबई के इस बल्लेबाज ने लगभग तीन वर्षों के बाद पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए 80 गेंदों पर 90 रन की मनोरंजक पारी खेली थी। हार्दिक ने कहा कि सूर्यकुमार में मैच का रुख बदलने की क्षमता है और टीम प्रबंधन के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। हार्दिक ने कहा, मैंने सूर्या के लिए अतीत में कहा है कि उसने देर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया। मैं हमेशा चाहता था कि वह 2020 में ही भारतीय टीम का हिस्सा बने। लेकिन, दुर्भाग्य से यह संभव नहीं हुआ। उसने उन चीजों को अब हासिल किया जो अतित में कर सकता था। मैं इसके लिए उसे केवल शुभकामनाएं दे सकता हूं और मुझे उम्मीद है कि वह भारतीय टीम के लिए दौड़ जारी रखेगा और जीवन में और आगे बढ़ेगा और अधिक रन बनाएगा। मेरे और मेरी टीम के लिए सूर्या शानदार रहा है। हार्दिक ने संकेत दिया कि वह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में अपने उत्तराधिकारी पर काफी हद तक निर्भर रहेंगे। वह सभी प्रारूपों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे टेस्ट में उसकी सफलता पर कोई संदेह नहीं है। वह कभी भी खेल के रूख को बदलने की क्षमता रखता है। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता और कप्तान की नजर उस पर है। हार्दिक ने कहा, सीमित ओवरों में उसकी उपयोगिता सब को पता है, मुझे यह बताने की जरूरत नहीं कि वह हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। मेरे लिए कप्तान के तौर पर और टीम प्रबंधन के लिए वह हमारा सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। हम चाहते हैं कि वह और अच्छा प्रदर्शन करें।

### अभिमन्यु ईश्वरन अपने नाम के स्टेडियम में प्रथम श्रेणी मैच खेलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** बंगाल की रणजी टीम मंगलवार को जब देहरादून स्थित अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ मैच के लिए उतरेगी तो राष्ट्रीय टीम मे जगह बनाने के लिए दस्तक दे रहे सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अपने नाम के स्टेडियम में खेलते दिखेंगे। अभिमन्यु के पिता रंगनाथन परमेश्वरन ईश्वरन के क्रिकेट को लेकर जूनून का ही यह नतीजा है, जिन्होने 2005 में देहरादून में एक बड़ी जमीन खरीदी और प्रथम श्रेणी क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए अपनी जेब से बहुत बड़ी राशि खर्च की।

### प्रो लीग के अनुभव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा भारत : सुखजीत

**बेंगलुरु** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह ने कहा कि इस महीने भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले विश्व कप में टीम एफआईएच प्रो लीग में स्पेन और इंग्लैंड तथा राष्ट्रमंडल खेलो मे वेल्स के खिलाफ खेलने के अनुभव का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला से टीम के कई सकारात्मक पहलू सामने आए और उसे उन क्षेत्रो का भी पता चला जिन पर काम करने की जरूरत है। भारत 13 से 29 जनवरी के बीच विश्वकप की मेजबानी करेगा जिसमे दुनिया भर की 16 टीमे भाग लेंगी। भारत को इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

### भारत दौरे के बारे में नहीं सोच रहा : रेनशॉ

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया टीम मे करीब पांच साल बाद वापसी से खुश टेस्ट क्रिकेटर मैट रेनशॉ ने कहा कि बुधवार से सिडनी मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अगर उन्हें चुना जाता है तो वह दमदार प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। इस बाएं हाथ के 26 साल के बल्लेबाज ने 2018 मे रेगमाल (सैंडपेपर) प्रकरण से सुर्खियों में आए केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका) टेस्ट के बाद राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नही किया है। उन्होंने अब तक 11 टेस्ट खेले है जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 184 रहा है।

### भारत में टेस्ट खेलना शुरू से सपना रहा है : एगर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर एश्टन एगर का भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू से ही सपना रहा है और वह फरवरी मे होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे उपमहाद्वीप की स्पिनरो के अनुकूल विकेटों पर गेदबाजी करने की संभावना से ही रोमांचित है। ऑस्ट्रेलिया को फरवरी-मार्च में भारत का दौरा करना है जहां वह चार टेस्ट और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा।

### सीएसी ने चयनर्ता के आवेदकों से भविष्य के खाका के बारे में पूछा

**नई दिल्ली।** अशोक मल्होत्रा की अगुआई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने सोमवार को राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता पद के आवेदको के साक्षात्कार मे भविष्य की योजना से जुड़े सवाल किए जिसमें रोहित शर्मा के बाद टीम की कप्तानी, विकेटकीपिंग मे ऋषभ पंत के विकल्प के अलावा अंडर 19 टीम के खिलाड़ियों और युवा स्पिनरों से जुड़े सवाल प्रमुख थे।

# पेले का अंतिम संस्कार, प्रशंसक जुटे



**भाषा। सांतोस ( ब्राजील )**

**दिग्गज फुटबॉल** खिलाड़ी पेले के अंतिम संस्कार से पहले उनके गृह नगर सांतोस में विला बेल्मिरो स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों की कतार लग गई है। ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी का गुरुवार को कैंसर से लड़ाई के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। पेले ने साओ पाउलो के बाहर 16,000 सीटों वाले स्टेडियम में अपने करियर के कुछ सर्वश्रेष्ठ गोल किए है।

उनका अंतिम संस्कार स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा और मंगलवार को यहां से सिर्फ 600 मीटर की दूरी पर एक वर्टिकल कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशंसकों का सोमवार तड़के से जमावड़ा लगना शुरू हो गया। इन प्रशंसकों में ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश गिलमार मेंडेस भी शामिल थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, यह बहुत दुखद क्षण है, लेकिन अब हम इस महान खिलाड़ी का हमारे देश के लिए योगदान के वास्तविक अर्थ को देख रहे हैं। विला बेलमिरो के अंदर पेले के ताबूत को रखने के लिए एक बड़ा तंबू लगाया गया है। पेले को दफनाने से पहले उनके जनाजे को सैंतोस की सड़कों पर घुमाया जाएगा। अंतिम संस्कार में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने की उम्मीद है। सदी के सबसे बड़े फुटबॉलरों में शुमार पेले का 2021 से मलाशय के कैंसर का इलाज चल रहा था। वह कई बीमारियों के कारण पिछले महीने से अस्पताल में भर्ती थे।

# पंत की हालत में सुधार, आईसीयू से प्राइवेट वार्ड में लाया गया

**भाषा।** देहरादून



**क्रिकेटर ऋषभ** पंत को हालत में सुधार के बाद मैक्स अस्पताल के आईसीयू से निजी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि रविवार शाम को उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें निजी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन उनके पैर में दर्द बरकरार है।

उन्होंने कहा कि अभी तक एमआरआई की कोई योजना नहीं है। पंत उस समय बाल बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली थी। वह अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए रुड़की जा रहे थे। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनका मैक्स देहरादून में इलाज चल रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक श्याम शर्मा , बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर ने अस्पताल में पंत और उनके परिजनों से मुलाकात की। पंत ने अब तक 33 टेस्ट में पांच शतक और 11 अर्धशतक समेत 2,271 रन बनाए हैं। उन्होंने 30 वनडे और 66 टी20 में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है।

### पंत की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ता: हार्दिक

**मुंबई।** ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी निश्चित रूप से भारतीय टीम के संतुलन पर भारी प्रभाव डालेगी लेकिन टी20 प्रारूप में भारत के नए कप्तान हार्दिक पांड्या इस समय अपने साथी खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे है। पंत उस समय बाल बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली थी। वह अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए रुड़की जा रहे थे। उन्हें हालत में सुधार के बाद मैक्स अस्पताल के आईसीयू से निजी वार्ड मे स्थानांतरित कर दिया गया है। घुटने और टखने की गंभीर चोट के कारण वह कम से कम छह महीने के लिए खेल से दूर रहेंगे। जब हार्दिक से पंत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने दम पर मैच का रुख पलटने का दम रखने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा, जो हुआ वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर किसी का कोई नियंत्रण नही था और एक टीम के रूप में हम उनके (पंत) जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। हमारी प्रार्थना हमेशा उसके साथ है। हम कामना करते हैं कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाए। हार्दिक ने टीम में पंत के महत्व पर कहा, जाहिर तौर पर वह काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है लेकिन अब सभी जानते हैं कि स्थिति क्या है। अगर टीम में पंत होते तो बहुत फर्क पड़ता है। उनकी गैरमौजूदगी कुछ ऐसा है जिसे हम नियंत्रित नही कर सकते है। कप्तान चाहते हैं कि पंत की गैरमौजूदगी में जिन खिलाड़ियों को मौके मिल रहे है, वे उनका पूरा फायदा उठाएं। ऐसे बहुत से लोग है जिन्हें अवसर मिल सकता है। देखते है कि भविष्य ने हमारे लिए क्या रखा है और इसके साथ आगे बढ़ते हैं।

## खिलाड़ी अब ड्राइवर का खर्च उठा सकते हैं, अधित सतर्कता की जरूरतः कपिल ने पंत की दुर्घटना पर कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिग्गज क्रिकेटर** कपिल देव का मानना है कि ऋषभ पंत जैसे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी भी क्रिकेटर को अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए और पिछले सप्ताह हुई दुर्घटना जैसी स्थिति से बचने के लिए खिलाड़ियों को खुद गाड़ी चलाने के बजाय ड्राइवर को रख लेना चाहिए। पंत उस समय बाल बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली थी। वह अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए रुड़की जा रहे थे। उन्हें हालत में सुधार के बाद मैक्स अस्पताल के आईसीयू से निजी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। भारतीय टीम को 1983 में विश्व कप विजेता बनाने वाले कप्तान ने एबीपी न्यूज से कहा, हम ऐसी दुर्घटनाओं को टाल सकते है। उन्होंने कहा, ऐसे विशेष खिलाड़ियों को अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। जब मैं एक उभरता हुआ क्रिकेटर था, तो मुझे मोटरसाइकिल दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। उस दिन के बाद से मेरे भाई ने मुझे मोटरसाइकिल छूने तक नहीं दी। मैं बस भगवान का शुक्रगुजार हूं कि ऋषभ पंत सुरक्षित हैं। इस 63 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा, खिलाड़ियों को सावधान रहना होगा।

# शिवा और रोहित क्वार्टर फाइनल में

● राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**भाषा। हिसार**





**रिकॉर्ड छह** बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रोहित टोकस ने तीसरे दिन सोमवार को सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए हिसार में जारी 6वीं इलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, थापा 63.5 किग्रा, अपने अंतिम-16 दौर के बाउट में दिल्ली के जसविंदर सिंह के खिलाफमुकाबला कर रहे थे। अपने नाम और साख पर खरा उतरते हुएए 2015 में आयोजित विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अपने अनुभव और सर्वोच्च तकनीकी क्षमता का उपयोग पूरी बाउट पर हावी रहे और 5.0 के एकतरफा अंतर से विजयी घोषित हुए। बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना केरल के सानू टी और पंजाब के आशुतोष कुमार के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। उधर रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे टोकस 67 किग्रा ने छत्तीसगढ़ के जय सिंह का सामना किया और थापा के समान ही शानदार प्रदर्शन किया।

## कॉनवे का शतक, सलमान ने दिलाई पाकिस्तान को वापसी

**कराची।** डेवोन कॉनवे के अपने करियर का चौथा टेस्ट शतक जड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन पाकिस्तान ऑफ स्पिनर आगा सलमान के तीन विकेट की मदद से दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन सोमवार को यहां अंतिम सत्र में वापसी करने में सफल रहा। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र मे एक भी विकेट नही गंवाया और चाय के विश्राम के कुछ देर बाद तक उसका स्कोर एक विकेट पर 234 रन था। इसके बाद हालांकि उसने पांच विकेट खोए जिससे दिन का खेल समाप्त होने पर उसका स्कोर छह विकेट पर 309 रन था। कॉनवे ने 191 गेंदों का सामना करके 122 रन बनाए जिसमे 16 चौके और एक छक्का शामिल है। पाकिस्तान की तरफ से सलमान ने 55 रन देकर तीन जबकि तेज गेंदबाज नसीम शाह ने 44 रन देकर दो विकेट लिए है। टीम मे शामिल एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद ने 101 रन देकर एक विकेट लिया है। न्यूजीलैंड के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद कॉनवे ने अपने सलामी जोड़ीदार टॉम लाथम (71) के साथ पहले विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। यह लगातार दूसरा मैच है जबकि उन्होने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। कॉनवे ने इसके बाद पूर्व कप्तान केन विलियमसन (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान को विकेट में कुछ घास होने के बावजूद पहले सत्र में एक भी सफलता नही मिली। नसीम शाह ने लंच के बाद लाथम को पगबाधा आउट किया। पाकिस्तान ने पिच को देखते हुए अपनी अंतिम एकादश में केवल एक विशेषज्ञ स्पिनर अबरार अहमद को रखा है।



### भारत व पाकिस्तान दौरे से हटे न्यूजीलैंड के गेंदबाज मिल्ने

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेदबाज एडम मिल्ने पर्याप्त तैयारी नही कर पाने के कारण भारत और पाकिस्तान के सीमित ओवरो के दौरे से हट गए है। मिल्ने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेले थे लेकिन इसके बाद वह दिसंबर में फोर्ड ट्रॉफी के दो मैचों मे नही खेल पाए थे। वह इसके बाद वेलिंगटन फायरबर्ड्स की तरफ से सुपर स्मैश के पहले दो मैचो मे खेले लेकिन पाकिस्तान और भारत के 16 दिवसीय दौरे मे छह वनडे खेलने को बड़ा जोखिम माना गया। इसके बाद आपसी सहमति से मिल्ने की जगह तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को टीम मे शामिल करने का फैसला किया गया जो टेस्ट टीम के साथ अभी पाकिस्तान मे हैं। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गैविन लार्सन ने कहा यह फैसला करना आसान नही था।

### हेजलवुड को भरोसा, जल्द ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं लांस मौरिस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के चोटी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भरोसा है कि अपनी अतिरिक्त तेजी और सटीकता के कारण युवा तेज गेंदबाज लांस मौरिस जल्द ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते है। मौरिस को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए टीम मे चुना गया है तथा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उन्हें अंतिम एकादश मे जगह मिल सकती है। सिडनी का विकेट परंपरागत रूप से स्पिनरों को मदद पहुंचाता है लेकिन बारिश की भविष्यवाणी को देखते हुए मौरिस के लिए मौका बन सकता है। हेजलवुड का मानना है कि मौरिस यह भूमिका निभाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है। हेजलवुड ने सोमवार को एक वेबसाइट से कहा, मौरिस के पास वह अतिरिक्त तेजी है जिसकी हमें मिशेल स्टार्क के अनुपस्थित में कमी खलती। उसकी सटीकता भी

# नागल व धामने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देकर हारे



**भाषा।** पुणे

**भारत के** मानस धामने को सोमवार को यहां टाटा ओपन महाराष्ट्र के पुरुष एकल के पहले दौर में माइकल ममोह से हार का सामना करना पड़ा लेकिन 15 साल का का यह खिलाड़ी मैच के दौरान अपने बेखौफ रवैए से छाप छोड़ने में सफल रहा। अनुभवी सुमित नागल ने भी सर्बिया के फिलिप क्राजिनोविच को कड़ी टक्कर दी लेकिन विश्व रैंकिंग में 54 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी की चुनौती से पार नहीं पा सके। देश में आयोजित होने वाले सबसे बड़े टेनिस टूर्नामेंट (एटीपी 250 स्पर्धा) में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने के बाद धामने को शीर्ष स्तर के टेनिस का अनुभव मिला। वह हालांकि विश्व रैंकिंग के 115 वें पायदान के खिलाड़ी के खिलाफ 2-6, 4-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

धामने ने शारीरिक रूप से मजबूत और तकनीकी रूप से बेहतर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भविष्य की झलक दिखाई। उन्होंने दिखाया कि अगर सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिले तो वह आने वाले दिनों में शीर्ष स्तर पर लगातार खेल पाएंगे। वह शॉट में ताकत की कमी के कारण अपने प्रतिद्वंद्वी को लगातार परेशान करने में विफल रहे लेकिन अपने बेखौफ खेल से वाइल्ड कार्ड प्रवेश को सही ठहराया। वाइल्ड कार्ड धारक नागल को दो घंटे 24 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में छठी वरीयता प्राप्त क्राजिनोविच ने 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। धामने ने मैच के बाद कहा, मैंने जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मैं वास्तव में खुश हूं। कुछ महत्वपूर्ण क्षण थे और मैं बेहतर खेल सकता था। मैंने सीख लिया है कि ऐसी स्थिति को कैसे संभालना है। मुझ पर कोई दबाव नहीं था, कोई अपेक्षा नहीं थी। मैंने इन लोगों के साथ कभी नहीं खेला, मैं सिर्फ कोर्ट पर जाकर खेलना चाहता था।

### जोकोविच युगल मैच में हारे

**एडिलेड।** नोवाक जोकोविच एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट मे सोमवार को युगल मैच मे हार गए लेकिन दर्शको ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी का कोर्ट पर उतरने पर भव्य स्वागत किया। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पिछले साल कोविड-19 के लिए टीकाकरण नही कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। जोकोविच ने वासेक पोस्पिसिल के साथ मिलकर युगल मैच से आस्ट्रेलियाई धरती मे कोर्ट पर वापसी की लेकिन उन्हें टोमिस्लाव ब्रिक्चि और गोंजालो एस्कोबार से 4-6 6-3 (10-5) से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियो के सिलसिले मे इस टूर्नामेंट मे खेल रहे जोकोविच एकल मे अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को कांस्टेंट लिस्टिन के खिलाफ करेंगे। इससे पहले चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा ने सोमवार को यहां रूस की आठवी रैंकिंग की खिलाड़ी डारिया कसातकिना को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले मे हराकर 2023 सत्र का पहला उलटफेर किया। विश्व मे 102वीं रैंकिंग की 18 वर्षीय खिलाड़ी नोस्कोवा ने इस मैच मे 6-3, 6-7(2), 6-3 से जीत दर्ज की। यह उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने इससे पहले विश्व मे 58वे नंबर की अन्ना कालिंस्काया और 43वे नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर मुख्य ड्रा मे जगह बनाई थी। नोस्कोवा अगले दौर मे ऑस्ट्रेलिया की प्रिसिला होन और अमेरिकी क्वालीफायर क्लेयर लिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। दिन के अन्य मैचो मे चौथी वरीयता प्राप्त रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने अमेरिका की अमांडा अनीसिमोवा को 6-3, 6-0 से जबकि पुरुष वर्ग मे जापान के योशिहितो निशिओका ने डेनमार्क के पांचवी वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 2-6, 6-4, 6-4 से हराया।

### नोस्कोवा ने कसातकिना को हराकर उलटफेर किया

**एडिलेड।** चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा ने सोमवार को यहां रूस की आठवी रैंकिंग की खिलाड़ी डारिया कसातकिना को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले मे हराकर 2023 सत्र का पहला उलटफेर करके एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे जगह बनाई। विश्व मे 102वी रैंकिंग की 18 वर्षीय खिलाड़ी नोस्कोवा ने इस मैच मे 6-3, 6-7(2), 6-3 से जीत दर्ज की। यह उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने इससे पहले विश्व मे 58वे नंबर की अन्ना कालिंस्काया और 43वे नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई थी। नोस्कोवा अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की प्रिसिला होन और अमेरिकी क्वालीफायर क्लेयर लिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।